CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम : 05°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 8 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 358 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मनरेगा को खत्म करने की गोपनीय साजिश रची गई: अखिलेश यादव पेज 2



ICC भारत में विश्व कप खेलने को लेकर चिंताओं पर बात करने को तैयार: बीसीबी खेल टाइम्स



इंडिगो प्रकरण में नियामक सुस्ती बनी गलत मिसाल सम्पादकीय



ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिमी देशों की दोहरी नीति: एस. जयशंकर पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### इसरो 12 जनवरी को भेजेगा PSLV-C60 मिशन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी को पूर्वाह्न 10:17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के शार रेंज से पीएसएलवी-सी62 मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में घोषणा की कि पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10:17 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के शार रेंज से निर्धारित है। पीएसएलवी सी-62 भारत के भरोसेमंद 'पोलर सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल' की 64वीं उड़ान होगी। यह मिशन प्राथमिक पेलोड के रूप में ईओएस-एन1 को ले जाएगा, जो रणनीतिक उद्देश्यों के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एक 'अर्थ ऑब्जर्वेशन इमेजिंग सेटेलाइट' है।

### मौजूदा वित्त वर्ष में GDP की वृद्धि दर 7.4 % रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जारी किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को इस साल 31 मार्च को समाप्त हो रहे मौजूदा वित्त वर्ष के लिए जारी पहले अग्रिम अनुमान में कहा गया है कि पूरे साल के दौरान जीडीपी 201.90 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। यह पिछले वित्त वर्ष के 187.97 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही थी। वित्त वर्ष के दौरान लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं की और वित्तीय, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इसके बाद व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। अनुमान के अनुसार, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों की वृद्धि दर सात-सात फीसदी रहेगी। कृषि क्षेत्र में 3.1 प्रतिशत और बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य यूटिलिटी सेवाओं की वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

### जेल में बंद पूर्व आईपीएस अमिताभ की तबीयत बिगड़ी गोरखपुर भेजे गए

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में उत्तर प्रदेश की देवरिया जिला जेल में बंद आईपीएस के पूर्व अधिकारी अमिताभ ठाकुर की मंगलवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर डाक्टरों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार जेल में बंद श्री ठाकुर को मंगलवार की रात सीने में दर्द, बेचैनी और घबराहट की शिकायत पर जेल के डाक्टर के प्राथमिक उपचार के बाद जेल प्रशासन ने उन्हें तत्काल देवरिया मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। प्राथमिक जांच के बाद डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रात करीब दो बजे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में जांच के दौरान डाक्टरों ने श्री ठाकुर को दिल का दौरा पड़ने की आशंका जताई है।

# समूचा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में, लोगों को घरों में कैद रहने पर किया मजबूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- कई इलाकों में घना से बेहद घना कोहरा छाया
- दिन में धूप निकलने के बावजूद सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में भी शीत लहर ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। कई इलाकों में घना से बेहद घना कोहरा छाया हुआ है। इसकी वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है।

रात के समय चलने वाली ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी है। कभी घने कोहरे की धुंधली सुबह, कभी दोपहर में खिलखिलाती तेज धूप और शाम होते ही बर्फीली हवाओं की चुभन। उत्तर भारत समेत राजधानी दिल्ली में इन दिनों मौसम मानो आंख-मिचौनी खेल रहा है। ठंड जरूर महसूस हो रही है, लेकिन हालात न पूरी तरह कोल्ड डे के हैं और न ही कोल्ड वेव जैसी सख्ती दिख रही है। दिन में धूप निकलने के बावजूद सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही, जिसकी वजह उत्तर-पश्चिम से चल रही ठंडी और बर्फीली हवाएं हैं। दिल्ली-एनसीआर में मौसम का यह अजीब मिजाज लोगों को उलझन में डाल रहा है। कभी घना कोहरा छा जाता है, तो कभी बिल्कुल साफ आसमान नजर आता है। दिन में धूप थोड़ी राहत देती है, लेकिन शाम ढलते ही ठंड तेजी से बढ़ जाती है। दिन में धूप खिलने के बावजूद ठंडी हवाएं लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले दस दिनों तक यही हालात बने रहने की संभावना है। इस दौरान ठंडी हवाएं चलती रहेंगी, लेकिन तापमान में बड़ी गिरावट नहीं होगी। राजधानी में इस बार सूखी सर्दी का दौर चल रहा है। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि 15 जनवरी के बाद तापमान में हल्की बढ़ोतरी जरूर देखने को मिल सकती है। दिल्ली में धुंध के कारण दिन में धूप नहीं निकल पाती, जिससे दिन का तापमान दबा रहता है। राजधानी के सभी इलाकों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

## कश्मीर में 15 दिन बर्फबारी का अलर्ट उत्तराखंड में पाइपलाइनों में पानी जमा

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी राज्यों की तरफ चल रही सर्द हवाओं से पूरे देश में तापमान में गिरावट आई है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इन राज्यों के कई जिलों में घना कोहरा छाया है, जिसके कारण 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। स्कूलों का टाइम भी बदला है। यूपी में 20 फ्लाइट्स और 100 ट्रेनें लेट चल रही हैं। जयपुर में बुधवार को विजिबिलिटी जीरो है, इसके कारण 8 फ्लाइट देरी से चल रही हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल में जनवरी की सर्दी का 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। यहां मंगलवार को 3.8 डिग्री तापमान रहा। बुधवार को छिंदवाड़ा में 2 डिग्री तापामान रहा।


## दिल्ली के एक्यूआई में मामूली सुधार, एयरलाइंस ने परामर्श किया जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली सुधार के साथ 299 दर्ज किया गया, हालांकि हवा की गुणवत्ता अभी भी 'खराब' श्रेणी में बनी रही। मंगलवार को राजधानी का एक्यूआई 310 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह 9:05 बजे लिए गए नेहरू नगर (360), आनंद विहार (349), पूसा (345), चांदनी चौक (342), जहांगीरपुरी (342), ओखला फेज-2 (342), और सिरीफोर्ट (342) जगहों पर एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

# कैसे पता चलेगा, कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट की वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- कहा: ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिये फैसला ले सके
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा: पशु प्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान एक वकील के बयान पर बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता वंदना जैन की एक दलील पर टिप्पणी की कि जब हम पशु प्रेमियों की बात करते हैं, तो इसमें सभी जानवर शामिल होते हैं।

मैं अपने घर में कोई जानवर रखना चाहता हूं या नहीं, यह मेरा विवेक है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यही बात गेटेड कम्युनिटी पर भी लागू होती है। गेटेड कम्युनिटी में कुत्ते को घूमने देना चाहिए या नहीं, यह समुदाय को तय करना होगा। मान लीजिए, 90 प्रतिशत निवासियों को लगता है कि यह बच्चों के लिए खतरनाक होगा, लेकिन 10 फीसदी कुत्ते रखने पर जोर देते हैं। कोई कल भैंस ला सकता है। वे कह सकते हैं कि मुझे भैंस का दूध चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिये फैसला ले सके। वकील वंदना जैन ने कहा कि हम कुत्तों के खिलाफ नहीं हैं। हमें कुत्तों के खतरे और सार्वजनिक सुरक्षा को देखना होगा। 6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी है और स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर सवाल करते हुए कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें? किसी को कैसे पता चलेगा कि कौन सा कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पशु प्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए। 18 दिसम्बर 2025 को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया था। दिल्ली नगर निगम की ओर से बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा था कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।

## अगस्ता वेस्टलैंड केस में याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में आरोपी वकील गौतम खेतान की याचिका पर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने इसे ट्रायल से बचने की कोशिश बताया और याचिका खारिज कर दी। खेतान ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की एक धारा को चुनौती दी थी।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि यह नया चलन बन गया है कि अमीर आरोपी ट्रायल का सामना करने के बजाय कानून की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने लगते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे लोग सोचते हैं कि वे सिस्टम को बायपास कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्हें आम नागरिक की तरह ट्रायल का सामना करना चाहिए। सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा ने दलील में कहा कि यह याचिका किसी विशेषाधिकार के लिए नहीं, बल्कि पहले से लंबित विजय मदनलाल चौधरी केस की समीक्षा याचिकाओं से जुड़ी है, लेकिन कोर्ट ने इसे मानने से इन्कार कर दिया।

# यूपी में असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा को निरस्त करने का आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुईं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में होने वाली समस्त भर्तियों/चयन प्रक्रियाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण बनाए रखने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप नकल माफियाओं के विरुद्ध अभिसूचना संकलन करते हुए एसटीएफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा विज्ञापन संख्या-51 के अंतर्गत सहायक आचार्य पद हेतु अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/ धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुईं। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश द्वारा मामले की गोपनीय जांच के आदेश दिए गए। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 20-04-2025 को यूपी एसटीएफ को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा दिनांक 16-04-2025 व 17-04-2025 को आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग के तीन अभियुक्तों- महबूब अली, बैजनाथ पाल एवं विनय पाल-को परीक्षा में धांधली एवं अवैध धन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में यूपी एसटीएफ द्वारा थाना विभूतिखंड, जनपद लखनऊ पर मु.अ.सं. 144/25, धारा 112, 308(5), 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, अभियोग पंजीकृत कराया गया।

## बांग्लादेश में नहर में कूदने से हिंदू युवक की मौत

**ढाका।** नाओगांव जिले में नहर में कूदने से 25 साल के हिंदू युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। मृतक की पहचान भंडारपुर गांव निवासी मिथुन सरकार के तौर पर हुई है। कुछ लोगों ने हाट चकगौरी बाजार इलाके में मिथुन पर चोरी का आरोप लगाते हुए उसका पीछा किया। बचने की कोशिश में वह पास की नहर में कूद गया और लापता हो गया।

# ट्रम्प का मोदी पर बयान, राहुल गांधी बोले: फर्क समझो सर जी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- कहा: तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था, ट्रम्प के आगे मोदी सरेंडर हुए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। राहुल ने एक्स पर फर्क समझो सर जी कैप्शन के साथ 3 जून का वीडियो शेयर किया। राहुल ने कहा कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था।

आपको वह समय याद होगा जब फोन काल नहीं था, सातवां फ्लीट आया था। 1971 के युद्ध में अमेरिका ने अपने एयरक्राफ्ट कैरियर और हथियार भेजे थे। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था कि मुझे जो करना है, मैं करूंगी। राहुल ने कहा कि इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जरा सा दबाव डालो वे सरेंडर कर देते हैं। मैं अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वे डर के मारे भाग जाएंगे। राहुल गांधी का यह वीडियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी मुझसे मिलने आए और कहा सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले कहा था कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वाशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर भड़के रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर वहां की सरकार की कड़ी आलोचना की है। बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में श्री वाड्रा ने हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया।

# पाक ने संघर्ष रुकवाने के लिए 60 बार गुहार लगाई

## ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी फर्म का दावा: भारत सरकार ने भी किया था संपर्क

**नई दिल्ली, वार्ता**



- पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिये लॉबिंग की थी

**अमेरिका के फॉरेन** एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (एफएआरए) के दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं। इसके मुताबिक पिछले साल अप्रैल में भारत के चलाए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान डर गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जंग रोकने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिये लॉबिंग की थी।

इसके तहत अमेरिका में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों, पेंटागन और विदेश विभाग के अफसरों के साथ करीब 60 बार संपर्क किया था। एफएआरए के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दाखिल दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी राजनयिकों ने ईमेल, फोन काल, वन-टू-वन बैठकों के जरिये अप्रैल अंत से लेकर 4 दिन के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तक संघर्ष विराम के लिए बैठकें जारी रखी थीं। पाकिस्तान किसी भी तरह से भारत पर अमेरिका का दबाव बनाकर युद्ध रुकवाना चाहता था। उसने ट्रम्प प्रशासन तक तेजी से पहुंच बनाने, व्यापार और कूटनीतिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए 6 लॉबिंग फर्मों पर करीब 45 करोड़ खर्च किए थे। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय दूतावास ने अमेरिकी सरकार और उसके अधिकारियों से संपर्क बढ़ाने के लिए फर्म की सेवाएं ली थीं। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के साथ कई अहम मुद्दों पर भारतीय दूतावास की बातचीत में मदद की गई। अप्रैल से दिसम्बर 2025 के बीच भारतीय दूतावास के लिए काम किया। एफएआरए में दी गई जानकारी के अनुसार 10 मई को इस फर्म ने भारतीय दूतावास की ओर से व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स, अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के रिकी गिल से संपर्क कराने में मदद की। इस दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी मीडिया कवरेज जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। 10 मई को ही भारत और पाकिस्तान के बीच चला 4 दिन का सैन्य टकराव समाप्त हुआ था। फर्म की भूमिका में बैठकों की व्यवस्था करना, फोन कॉल और ईमेल के जरिये दोनों देशों के अधिकारियों को जोड़ना शामिल था।

## संक्षिप्त समाचार

### अधर में लटकी औद्योगिक गलियारा बनाने की योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर सवाल खड़े होने लगे हैं। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) अब तक इस परियोजना पर करीब 691 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है, लेकिन जमीन का बैनामा शुरू हुए दो साल बीत जाने के बावजूद एक भी उद्यमी ने यहां उद्योग लगाने में रुचि नहीं दिखाई है। यूपीडा के सूत्रों की मानें, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप निवेश शिखर सम्मेलन के तहत मांगे गए प्रस्तावों में भी इस औद्योगिक गलियारे के लिए एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम छोर पर स्थित गाजीपुर जिले को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया था। सरकार की योजना थी कि 340 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर निवेश और रोजगार को बढ़ावा दिया जाए।

### मंत्रियों ने की आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में सिख गुरु तेग बहादुर के अपमान के मामले में दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों ने विपक्ष की नेता आतिशी की सदस्यता रद्द करने उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों ने बुधवार को इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता को एक पत्र सौंपा, जिसमें सुश्री आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग की। इस पत्र में प्रवेश साहिब सिंह, मनजिदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा, डॉ. पंकज कुमार सिंह और रविन्द्र इंद्राज के हस्ताक्षर हैं।

# महाराष्ट्र में भाजपा-कांग्रेस की मिलीभगत: आप

## आम आदमी पार्टी ने कहा: उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को किनारे करने के लिए दोनों राष्ट्रीय दल एक साथ आ रहे

नई दिल्ली, वार्ता



■ शिंदे गुट पर भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में विभिन्न दलों ने मिलकर 'अंबरनाथ विकास मोर्चा' बनाया: कांग्रेस

आम आदमी पार्टी ने महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कथित मिलीभगत का आरोप लगाया है। आप का दावा है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को किनारे करने के लिए दोनों राष्ट्रीय दल एक साथ आ रहे हैं। हालांकि कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

आप नेता अनुराग ढांडा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस, जो पहले एक-दूसरे की परोक्ष मदद करती थीं, अब खुलकर साथ आती दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले ये प्रेमी प्रेमिका की तरह छुप छुप कर मिलते थे, लेकिन भाजपा और कांग्रेस का संबंध अब सार्वजनिक हो चुका है। क्या ए देश के लोगों की आंखों में धूल झोंकने जैसा नहीं है? दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविद केजरीवाल ने ढांडा की पोस्ट को साझा करते हुए कहा कि क्या भाजपा ने अपने ही सहयोगी शिंदे सेना को हराने के लिए कांग्रेस से हाथ मिला लिया है? आखिर चल क्या रहा है?

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में फिलहाल महायुति सरकार है, जिसमें भाजपा, अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और एकनाथ शिदे की शिवसेना शामिल हैं। वहीं कांग्रेस नेता सचिन सावंत ने आप के आरोपों को तुरंत खारिज करते हुए कहा कि अंबरनाथ में स्थानीय स्तर पर शिदे गुट पर भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने मिलकर 'अंबरनाथ विकास मोर्चा' बनाया है, जिसमें निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे भाजपा-कांग्रेस की मिलीभगत बताना गलत है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में नगर पालिका चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, ऐसे में सियासी आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

# गुरुवार के बाद ठंड से राहत मिलने के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उप्र के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है, लेकिन गुरुवार के बाद प्रदेशवासियों को ठंड से थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में यह तीव्र शीतलहर का दौर 8 जनवरी तक बिना किसी बड़े बदलाव के बना रहेगा। हालांकि इसके बाद कुछ समय के लिए ठंड से हल्की राहत मिलने की संभावना जताई गई है, लेकिन यह राहत अल्पकालिक होगी।

लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आठ जनवरी तक प्रदेश में ठंड की स्थिति लगभग यथावत रहेगी। इसके बाद कोहरे की तीव्रता में कमी आने और तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इटावा लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले इटावा में पारा 2.4 डिग्री तक गिर गया था। इसके बाद गोरखपुर में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री, कानपुर शहर में 4.6 डिग्री, चुरक और आजमगढ़ में 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को दिन के तापमान की बात करें, तो गोरखपुर में सबसे कम अधिकतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 7.9 डिग्री कम रहा। इसके बाद आजमगढ़ और शाहजहांपुर में 12 डिग्री, बरेली में 12.2 डिग्री, हरदोई में 12-6 डिग्री और इटावा में 12.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद बर्फ से ढके पर्वतीय क्षेत्रों से आ रही ठंडी और शुष्क उत्तर-पश्चिमी तथा पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से 4 जनवरी के बाद प्रदेश में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है।

# उप्र में 20 आईपीएस अफसरों के हुए तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उप्र की योगी सरकार ने पुलिस प्रशासन में व्यापक फेरबदल किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन में व्यापक फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 20 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। शासन द्वारा बुधवार को जारी आदेश के अनुसार प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक को हटाया गया है, जबकि लखनऊ पुलिस आयुक्तालय के भी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार लखनऊ आयुक्तालय के संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित वर्मा को उनके पद से हटाकर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी किरण एस को लखनऊ रेंज का पुलिस महा. निरीक्षक नियुक्त किया गया है। पीटीएस जालौन में लंबे समय से तैनात ज्योति नारायण को प्रयागराज जोन का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही विजय ढुल को प्रयागराज पुलिस आयुक्तालय में अपर पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेश के तहत श्री रामकुमार को अपर पुलिस महा. निदेशक लॉजिस्टिक्स, राजकुमार को अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार तथा डा. संजीव गुप्ता को अपर पुलिस महानिद. शक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ बनाया गया है। प्रशांत कुमार को एडीजी प्रशासन और तरुण गाबा को एडीजी सुरक्षा, उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा श्री आशुतोष कुमार को एडीजी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, अपर्णा कुमार को संयुक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ तथा राजेश मोदक को आईजी स्थापना, लखनऊ नियुक्त किया गया है।

## अखिलेश यादव ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला

# मनरेगा को खत्म करने की साजिश रची गई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: मनरेगा का नाम बदलने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा, भाजपा की योजना को खत्म करने की मंशा उजागर हुई

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने की कोशिश इस प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की एक 'गोपनीय साजिश' रची गई है।

गौरतलब है कि पिछले संसदीय सत्र में पारित नया कानून विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन -ग्रामीण (वीबी-जीरामजी) अधिनियम, 2025, मनरेगा की जगह ले रहा है। इस नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी दी गई है। इसका ध्यान बुनियादी ढांचे और परिसंपत्तियों के निर्माण पर है, जिसमें तकनीक का उपयोग, मजदूरी के लिए केंद्र-राज्य के बीच 60:40 का नया वित्तीय अनुपात, पारदर्शिता (बायोमेट्रिक/जियो-टैगिंग) और पीएम गति शक्ति जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों से ग्रामीण कार्यों को जोड़ने का प्रावधान है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा एक सरकारी योजना थी, जो ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिनों के अकुशल मजदूरी कार्य की कानूनी गारंटी देती थी। इसका उद्देश्य आजीविका सुरक्षा बढ़ाना और सड़कों, तालाबों और जल संरक्षण संरचनाओं जैसे ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण करना था। यह न्यूनतम मजदूरी, पुरुष- महिला को समान वेतन और 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करती थी। यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान पोस्ट करते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा, बल्कि यह भाजपा की उस मंशा को दर्शाता है, जिसके तहत इस योजना को गुपचुप तरीके से खत्म करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा। असल में यह मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म करने की भाजपा की गुप्त साजिश है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कई तरीकों से इस योजना को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार लगातार मनरेगा का बजट घटा रही है, दूसरी तरफ उसने राज्यों पर ऐसा वित्तीय दबाव बना दिया है कि केंद्र से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजे में देरी और कमी के कारण पहले से खाली खजाने वाले राज्य यह सोचने को मजबूर हैं कि अतिरिक्त धन कहां से लाएं। यादव ने दावा किया कि इससे राज्य अंतत: इस योजना को सीमित करने या छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे। सपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र ने सैकड़ों ग्राम सभाओं को 'शहरी श्रेणी' में डालकर मनरेगा को एक और झटका दिया है, जिससे वे ग्रामीण रोजगार निधि से वंचित हो गई हैं।

### भाजपा सरकार ने मनरेगा बजट भी छीन लिया

कई ग्राम सभाओं को शहरी श्रेणी में डालकर भाजपा सरकार ने उनका मनरेगा बजट भी छीन लिया है। यादव ने कहा कि भाजपा का असली लक्ष्य सिर्फ मनरेगा का नाम बदलना नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह 'राम-राम' कह देना है। भाजपा की प्राथमिकताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने जोड़ा, भाजपा अपने अलावा किसी और का पेट भरते देख नहीं सकती। विपक्षी दल लंबे समय से केंद्र पर मनरेगा के लिए अपर्याप्त बजट आवंटन और मजदूरी भुगतान में देरी के आरोप लगाते रहे हैं, हालांकि सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है और कहती है कि आवंटन मांग-आधारित है तथा आवश्यकता के अनुसार धन जारी किया जाता है।



सेंसेक्स 84961.14
निफ्टी 26140.75



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से लुढ़के प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले मिश्रित संक. ेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को दिग्गज कंपनियों में बिकवाली देखी गई और प्रमुख सूचकांक लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 102.20 अंक (0.12 प्रतिशत) टूटकर 84,961.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक 37.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत उतरकर 26,140.75 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचक. ांकों में आज बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। मंगलवार को 85,063. 34 अंक पर बंद होने वाला सेंसेक्स करीब 443 अंक की गिरावट में खुला। यह नीचे 84,617.49 अंक और ऊपर 85,075.99 अंक तक गया। निफ्टी-50 का दिन का निचला स्तर 26,067.90 अंक और अधिकतम स्तर 26,187.15 अंक रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.39 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, फार्मा, दूरसंचार और रसायन सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। ऑटो, तेल एवं गैस, रियलिटी और बैंकिग सेक्टर गिरावट में रहे। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी का शेयर पौने तीन फीसदी टूट गया। पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, एनटीपीसी और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाइटन में करीब चार प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, सनफार्मा, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। इटरनल, एलएंडटी, बीईएल और ट्रेंट के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

# चांदी नया रिकॉर्ड बनाकर फिसली, सोने में हल्का दबाव देखने को मिला

**नई दिल्ली।** बुलियन मार्केट में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। चांदी की कीमतों ने वायदा बाजार में 2,59,692 रुपये प्रति किलोग्राम का अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया, लेकिन इसके बाद गिरावट दिखी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता और प्रमुख आर्थिक आंकड़ों के जारी होने से पहले व्यापारियों की ओर से की गई भारी मुनाफावसूली के चलते चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी का अनुबंध चार दिनों की लगातार तेजी को थामते हुए 4,161 रुपये या 1.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,54,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। इससे पहले, बुधवार को शुरुआती कारोबार में चांदी 881 रुपये या 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,59,692 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को चांदी की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल आया था, जब यह 13,167 रुपये (5.35 प्रतिशत) बढ़कर 2,59,322 रुपये के स्तर पर पहुंची थी और 2,58,811 रुपये पर बंद हुई थी। चांदी के साथ-साथ सोने की कीमतों में भी सीमित दायरे में कारोबार और हल्का दबाव देखने को मिला। फरवरी डिलीवरी वाला सोना 633 रुपये या 0. 46 प्रतिशत गिरकर 1,38,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जो हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली का संकेत है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी इसी तरह का रुझान दिखा।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी सुस्त, खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में टिकाव रहा, जबकि खाद्य तेलों तथा दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये घटकर 3,848 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रही। दाल.दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मसूर दाल की औसत कीमत 19 रुपये और मूंग दाल की 14 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। वहीं, तुअर दाल तीन रुपये और चना दाल दो रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। उड़द दाल के भाव स्थिर रहे।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 4,035 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा भी 1.05 प्रतिशत की बढ़त में 49.92 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 36 रुपये प्रति क्विटंल महंगा हुआ। मूंगफली तेल और वनस्पति की कीमत 26.26 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 24 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल और सोया तेल में भी 10.10 रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। चीनी के भाव में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल.दलहन : दाल चना 7800.03 रुपये, मसूर काली 8149.76 रुपये, मूंग दाल 10088.20 रुपये, उड़द दाल 10399.85 रुपये, तुअर दाल 10616.59 रुपये प्रति क्विटंल।

अनाज:( भाव प्रति क्विटंल) गेहूं दड़ा 2849.30 रुपये और चावल 3847.65 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3298.77 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4299.55 रुपये और गुड़ 4990.21 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

# वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का गुवाहाटी में शुभारंभ आज होगा

**नई दिल्ली।** वस्त्र मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन गुरुवार को असम के गुवाहाटी में शुरू होगा जिसमें देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वस्त्र मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

वस्त्र मंत्रालय द्वारा असम सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिन के सम्मेलन की विषय वस्तु 'भारत का वस्त्र उद्योग: विकास, विरासत और नवाचार का संगम' है। सम्मेलन का उद्देश्य वस्त्र क्षेत्र में नीति, निवेश, स्थिरता, निर्यात, अवसंरचना विकास और प्रौद्योगिकीय उन्नति पर विचार- विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह सम्मेलन भारत को 2030 तक वैश्विक वस्त्र विनिर्माण केन्द्र के रूप में स्थापित करने के सरकार के विजन के अनुरूप है। इसमें निर्यात को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और समावेशी विकास पर विशेष बल दिया गया है, जो 'विकास भी, विरासत भी' के आदर्शों पर आधारित है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, असम के मुख्यमंत्री डा. हिमंता बिस्वा सरमा, वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र में भारत की वस्त्र उद्योग की शक्ति, नवोन्मेषण और समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी के साथ-साथ पवेलियन का भी उद्घाटन किया जाएगा। सम्मेलन में अवसंरचना और निवेश, भारत के वस्त्र निर्यात का विस्तार, कच्चा माल और रेशे, 'टेक्निकल टेक्सटाइल' और 'न्यू-एज फाइबर' तथा हथकरघा और हस्तशिल्प का संरक्षण और संवर्धन जैसे प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने वाले सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों और अधिकारियों के भाग लेने और विभिन्न क्षेत्रों तथा जिलों में कपड़ा मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सर्वोत्तम कार्य-प्रणालियों, चुनौतियों और नीतिगत सुझावों को साझा किए जाने की भी उम्मीद है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के वस्त्र उद्योग को सुदृढ़ और सशक्त बनाने पर भी एक सम्मेलन होगा जिसमें उत्तर-पूर्वी राज्यों के वस्त्र मंत्री, संसद सदस्य और केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उत्तर-पूर्व के रेशम, हथकरघा, हस्तशिल्प और बांस आधारित वस्त्रों की क्षमता को उजागर करना है, जिसमें एरी, मूगा और शहतूत रेशम, महिला केन्द्रित उद्यम, ब्रांडिग और बाजार पहुंच पर विशेष जोर दिया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन से केंद्र-राज्य सहयोग में सुदृढ़ता, प्रतिस्पर्धी, टिकाऊ और समावेशी वस्त्र सेक्टर के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा पेश किए जाने की भी उम्मीद है।

# उप्र में स्वैच्छिक संस्थाओं को मिलेगा अनुदान, योजना लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो


■ धरातल पर पहुंचेगी पुनर्वासन योजना: कश्यप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने 'दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन' के लिए 'स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना' को प्रभावी रूप से लागू किया है।

योजना के तहत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में शामिल 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से संबंधित पुनर्वासन परियोजनाओं को अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास के रूप में मिलेगा। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बुधवार को बताया कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता से दिव्यांग पुनर्वासन को नया विस्तार मिलेगा और सामाजिक भागीदारी भी मजबूत होगी। योजना के अंतर्गत अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डे-केयर सेंटर, प्री-प्राइमरी एवं विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास कार्यक्रम, ब्रेल व सहायक उपकरणों की उपलब्धता, पाठ्य सामग्री निर्माण तथा दिव्यांगजनों से संबंधित पुस्तकालयों को अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा।

इससे दिव्यांग बच्चों की शुरुआती पहचान कर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाया जा सकेगा। मंत्री ने बताया कि योजना के लिए पारदर्शी और तकनीक आधारित चयन प्रक्रिया अपनाई गई है। वही स्वैच्छिक संस्थाएं पात्र होंगी, जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हों, नीति आयोग के एनजीओ दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण के साथ विशिष्ट पहचान संख्या रखती हों तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव रखती हों। प्रस्तावों का परीक्षण पहले जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, इसके बाद निदेशालय स्तर पर अंतिम चयन होगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अनुदान केवल वास्तविक और प्रभावी संस्थाओं को ही मिले। उन्होंने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जनपदों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि अधिक से अधिक संस्थाएं इस अभियान से जुड़ सकें।

### एसआईआर को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है विपक्ष: मौर्य



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के तहत मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी कर दिया गया, जिसमें दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम को मतदाता सूची से हटाने के लिए चिह्नित किया गया है। मौर्य ने बुधवार को यहां कहा विपक्ष के दुष्प्रचार का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मतदाता सूची शुद्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची से चुनाव हो, वही लोकतंत्र का पवित्र स्वरूप होगा। एसआईआर से सबसे ज्यादा नुकसान भारतीय जनता पार्टी के होने के विपक्ष के दावे पर उन्होंने कहा कि यह तो 2027 के विधानसभा के चुनाव में ही पता चलेगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में यादव एक गाड़ी में अपने विधायकों को बैठाकर सैफई चले जाएंगे। मौर्य ने कहा कि एसआईआर की एक प्रक्रिया है और उसका अभी केवल प्रथम चरण पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम काटे गए बताए जा रहे हैं वह काटे नहीं गए है। उन्हें जुड़वाने के लिए अभी पर्याप्त समय है। पात्र मतदाता 6 जनवरी से 6 फरवरी तक अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

# करंट लगने से दो बहनों की दर्दनाक मौत

## पानी गर्म करने की रॉड से हुआ हादसा, राज्यमंत्री कपिल देव व पुलिस अधिकारी मौके पर

**परिवार में कोहराम, दो बहनों के शव देखकर लोगों की आंखे हुई नम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली के मौहल्ला रामपुरी में सवेरे एक ऐसी दुखद घटना हुई कि जिसे देखकर ही नहीं सुनकर लोगों के दिल दहल गए। इस घटना से रामपुरी के लोगों की आंखों में आंसु थे। घटना उस वक्त हुई जब ठंड के चलते बिजली की रोड से पानी गर्म करते समय दो बहने करंट में बुरी तरह झुलस गई और उनकी मौत हो गई। करंट पहले बडी बहन को लगा और जब छोटी बहन उसको बचाने पहुंची तो उसको भी करंट ने जकड लिया जिससे दोनो बहनों की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन यहां पहुंचे राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल और पीडित परिवार ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया जिसके बाद नम आंखों से दोनो बहनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के शाबुद्दीनपुर रोड सिथत उत्तरी रामपुरी निवासी विनोद पाल हलवाई है। बताया जाता है कि बुधवार की सवेरे परिवार के सभी लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे, लेकिन विनोद पाल के घर में अचानक ही को. हराम मच गया और चीख पुकार शुरू हो गई बताया जाता है कि विनोद पाल की बेटी निधी नहाने के लिए विद्युत रोड से पानी को गर्म कर रही थी इसी बीच अचानक ही उसको तेज करंट लगा अपनी बहन निधी को तडपते देख तो छोटी बहन लक्ष्मी बचाने के लिए यहां दौडी, लेकिन करंट ने निधी के साथ लक्ष्मी को भी बुरी तरह जकड



लिया और कुछ देर बाद ही दोनो बहनों कीदर्दनाक मोत हो गई परिवार की चीख पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और यहां का नजारा देखकर सभी के दिल दहल उठे और यहां की महिलाए और लोगों की आंखे नम हो गई। यह खबर कुछ ही देर में नगर में आग की तरह फैल गई जिसको बाद सीओ सिटी सिद्धार्थ के. मिश्रा, नगर कोतवाल बबलू कुमार मौके पर पहुंचे। मौके पर सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष भी पहुंचे। पुलिस ने कार्यवाही के लिए पोस्टमार्टम की बात कही, लेकिन परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया। इसके कुछ देर बाद ही राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि परिजनों ने किसी भी कार्यवाही कराने से इंकार किया और दोनो बहनों का नम आंखो से अंतिम संस्कार कर दिया। कपिल देव अग्रवाल भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए इस समय यहां भारी संख्या में लोगों की भीड इकटठ्ा थी।

# मासूम की हत्या कर शव जंगल में फेंका

## एसएसपी मौके पर, डॉग स्क्वायर्ड व एसओजी को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/बुढ़ाना।** गांव भौरांखुर्द में घर के बाहर खेल रहा एक मासूम अचानक ही गायब हो गया और आज कई घंटे बाद उसका शव ईख के खेत में पडा मिला। बच्चे का शव देखकर परिवार में चीख पुकार शुरू हो गई औरगांव मे भी दहशत का माहौल बन गया। एसएसपी के निर्देश पर एसपी देहात, डॉग स्क्वायर्ड और एसओजी की टीम मौके पर पहुंची इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर पहुंचे और घटना की बारीकी से छानबीन की।



मिली जानकारी के अनुसार बीती 06 जनवरी को भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव भौरांखुर्द निवासी जमील उर्फ भीम ने थाने पहुंचकर भौराकलां पुलिस को मौखिक सूचना दी कि मेरा 08 वर्षीय पुत्र सायं साढ़े चार बजे घर से खेलने के लिए गया हुआ था परन्तु वह वापस नहीं आया। सूचना पर थाना भौराकलां पुलिस द्वारा टीम गठित कर परिजनों के साथ सीसीटीवी फुटेज इत्यादि चेक करते हुए बच्चे की बरामदगी हेतु प्रयास किए जा रहे थे कि बुधवार के दिन पुलिस को ग्राम भौरा खुर्द में ईंख के खेत में उक्त बच्चे के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी फुगाना यतेन्द्र नागर एवं थानाध्यक्ष भौराकलां मानवेन्द्र सिंह भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वॉड द्वारा मौके से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी। भौरा कलां पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा और तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू की। मौके पर पहुंचे एसएसपीने पीडित परिवार से वार्ता कर उन्हें ढांढस बंधाया गया तथा निष्पक्ष व प्रभावी जांच का आश्वासन दिया गया और साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों को जल्द खुलासे का निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जाए और साक्ष्य इकट्ठा कर हर बिंदू की गहनता से जांच करे। उन्होने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि घटना का जल्द खुलासा होगा और आरोपी जल्द सलाखों के पीछे होगे।



मुजफ्फरनगर: रामपुरी में परिवार को सांत्वना देते मंत्री कपिल।

# कर्तव्य निभाकर दुनिया को अलविदा कह गए हनीफ

## जिला पंचायत चुनाव कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला पंचायत निर्वाचन कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक हनीफ अहमद का बुधवार तड़के अचानक हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से न केवल प्रशासनिक महकमे में, बल्कि जनपद भर में शोक की लहर दौड़ गई। बेहद सादा मिजाज़, मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ हनीफ अहमद को सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के पद पर पदोन्नति मिलने के बाद सम्भल में तैनाती दी गई थी जहां उन्होंने कोरोना काल के दौरान अपनी देखरेख में पंचायत चुनाव कराए थे। इसके बाद वापस उन्हें जनपद मुजफ्फरनगर में नियुक्त किया गया था।



मंगलवार को वह कुकड़ा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में मतपत्रों के बॉक्स सुरक्षित रखवाने की जिम्मेदारी निभाकर देर रात घर लौटे थे। बताया जाता है कि घर पहुंचने के बाद ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और बुधवार सुबह सवेरे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर जैसे ही लोगों को लगी तो खालापार स्थित उनके आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लग गया।

गुरुवार दोपहर खालापार स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनके जनाजे में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय सिंह, पूर्व सहायक निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार, वर्तमान सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार, सलाउद्दीन सहित कलेक्ट्रेट के कर्मचारी और गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने एक ईमानदार, कर्मठ और इंसानियत से भरे अधिकारी को खोने का गहरा दुख व्यक्त किया। हनीफ अहमद का जाना प्रशासनिक सेवा के लिए अपूरणीय क्षति है। हनीफ अहमद का काम के प्रति समर्पण रहना और सादा मिजाज, मुस्कान लोगों के दिलों पर ताजा रहेगी।



बुढ़ाना: ग्रामीणों से जानकारी लेते एसएसपी।

# 4 लोगों ने मंदबुद्धि वृद्ध से किया अप्राकृतिक कुकर्म

**बुढाना।** चार कामांध लोगों ने शराब का सेवन करने के बाद जंगल में अकेले घूम रहे एक मंदबुद्धि वृद्ध के साथ जबरदस्ती करते हुए बारी बारी से अप्राकृतिक कुकर्म किया। किसी ग्रामीण ने देख लिया तो उसने शोर मचा दिया। तब खूब शोर शराबा सुनकर मौके पर सैंकड़ों ग्रामीण आ गये और उन्होंने एक कामान्ध युवक को नग्नावस्था में पकड़कर मारपीट कर किसी की सूचना पर मौके पर पहुंची बुढाना पुलिस के हवाले कर दिया जबकि अन्य तीनों लोग मौका पाकर ईंखों के रास्ते फरार हो गये। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बुआना निवासी करीब 56 वर्षीय मंदबुद्धि वृद्ध गांव में स्थित नदी पास टहल रहा था। तब वहीं शराब का सेवन कर रहे चार कामांन्ध युवकों ने वहीं से गुजर रहे एक वृद्ध को रो. ककर उसके साथ जबरदस्ती कर बारी बारी से सामूहिक अप्राकृतिक कुकर्म किया। तब वहीं से गुजर रहे एक ग्रामीण ने चारों कामान्ध लोगों को नग्नावस्था में देख शोर मचा दिया।

शोर शराबा सुनकर खेतों में काम कर रहे काफी लोग मौके पर आ गये और उन्हें समझते हुए देर नही लगी। उन्होंने मौके से भाग रहे एक युवक को पकड़ लिया जबकि 3 आरोपी नग्नावस्था में भाग जाने में सफल रहे। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े आरोपी को पकडकर कोतवाली ले आई। पकडे गये आरोपी ने अपना नाम वाजिद गांव हुसैनपुर कलां और तीनों आरो. पियों के नाम पुलिस को बताए। उधर बुढ़ाना पुलिस ने भी इस मामले में कार्यवाही शुरु कर दी थी।

# 40 बाइकों की चोरी के आरोपी की जमानत मंजूर

**मुजफ्फरनगर।** हाईकोर्ट ने मंसूरपुर पुलिस द्वारा 40 मोटर साइकिलों की कथित बरामदगी में जेल भेजे गए आरोपी को यह कहते हुए कि जमानक दे दी है कि बीएनएसएस की धारा 105 के अनिवार्य प्रावधान का पालन न करने पर अभियोजन की कहानी संदेह पैदा कर रही है। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि आवेदक का न तो एफआईआर में नाम है और इतनी बडी बरामदगी की कोई वीडियो ग्राफी नहीं की गई।

बता दे कि मंसूरपुर पुलिस ने शादाब नामक युवक को वाहन चोर गिरोह का सदस्य बताते हुए उसकी गिरफ्तारी कर उस पर चालीस मोटरसाइकिल बरामद करने का दावा किया था। जेल गए आरोपी शादाब के वकील ने अपना तर्क किया कि इतनी बडी बरामदगी के बावजूद पुलिस ने इसकी वीडियो ग्राफी नहीं की और न ही इसमें कोई गवाह है कोर्ट में यह भी तर्क दिया गया कि एफआईआर में भी आरोपी का नाम नहीं है। कोर्ट ने कहा कि बीएनएस की धारा 105 के अनिवार्य प्रावधान का पालन न करने से अभियोजन की पूरी कहानी संदेह पैदा कर रही है। पुलिस ने इस मामले में चार अन्य साथियों को भी चोरी में शामिल दिखाया था। कोर्ट में यह भी बात सामने आई कि डीजीपी ने 21 जुलाई 2025 को ऐसे मामलों में रिकॉर्डिंग की अनिवार्यता के संबंध में एक सरकुलर जारी किया था। आरोपी के अधिवक्ता के तर्को को देखते हुए कोर्ट ने जहां शादाब की जमानत मंजूर कर ली है वहीं पुलिस के लिए भी कुछ आदेश जारी किए है। साथ ही यह भी बताया गया है कि ऐसे मामलों में आरोपियों को पहले भी जमानक दी जा चुकी है।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की गई जान

**आधा दर्जन से अधिक लोग घायल, परिवार में कोहराम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/शाहपुर।** शाहपुर-बुढ़ाना मार्ग पर लगातार हादसों में निर्दोष लोगों की जाने जा रही है। बुधवार को भी 24 घंटे के भीतर अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों की जान चली गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस जहां शव को मोर्चरी भेजने में लगी रही तो घायलों को स्थानीय अस्पताल से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। लगातार हो रही घटनाओं से राहगीरों मे ही नहीं क्षेत्रीय लोगों में भी खौफ देखने को मिल रहा है। लोगों में इस बात को लेर भी भारी रोष देखा गया कि पुलिस प्रशासन या जनप्रतिनिधि दुर्घटना



रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे।

बुधवार को शामली अड्डे के निकट से टैम्पू चालक सवारियों को लेकर शाहपुर की ओर रवाना हुआ। इस समय टैम्पू में एक दर्जन से अधिक सवारियां बताई गई है। जैसे ही टेम्पू काकडा पुलिया पर पहुंचा तो अचानक मौत बनकर आए ट्रक ने टैम्पू में टक्कर मार दी जिससे एक भयानक हादसा हुआ और हादसे में सभी सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद सवारियों में चीख-पुकार शुरू हो गई इस समय सभी सवारी खून से लथपथ थी जिन्हे देखकर आसपास के ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड पडे उन्होने बचाव कार्य शुरू करते हुए इस घटना की जानकारी शाहपुर पुलिस को दी। सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस मोके पर पहुंची और उन्होने टैम्पू में पडे दो शवों को अलग किया। बताया जाता है कि इस दुर्घटना में रमेश चंद (55), रमेश (60), अलकमा (30), गुलशन (40), शाहिदा (30), अशद (16), आशिफ़ा (10) और गुलशाना (40) घायल हुए जिनको स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने दस वर्षीय आसिफा और ग्राम बेहड सादात थाना भोपा की गुलशाना पत्नी इमरान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को उनके परिजन अस्पताल ले गए। उधर पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। शाहपुर बुढ़ाना मार्ग पर एक ओर अन्य घटना हुई बताया जाता है कि थाना शाहपुर क्षेत्र के शोरम गेट नंबर दो के पास है। जहां अज्ञात एल्टो कार ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जमशेद (55) पुत्र रोशन, निवासी इटावा, जनपद मुज़फ्फरनगर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जगबीर पुत्र टीकाराम, निवासी सिनौली, जनपद बागपत को मामूली चोटें आई हैं। टक्कर मारने के बाद एल्टो कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर थाना अध्यक्ष शाहपुर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। शाहपुर बुढ़ाना मार्ग पर 24 घंटों के भीतर दो दुर्घटनाओं में तीन लोगों की जान चली गई जबकि एक दर्जन के करीब लोग गंभीर रूप से घायल हुए। लगातार हो रहे इन हादसों के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि स्मारक पर अब इतना ट्रेफिक हो गया है कि डिवाइडर बनाए जाने बहुत जरूरी है।

# जसपा ने डिप्टी जेलर के निलंबन की मांग की

**जेल के अधिकारी पहुंचे धरने पर, डिप्टी जेलर पर गंभीर आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कडाके की ठंड में जय समता पार्टी का कचहरी परिसर स्थित चल रहा धरना आज बुधवार को भी समाप्त नहीं हो सका, हालांकि सिटी मजिस्ट्रेट इस धरने को समाप्त करने के लिए तीन बार प्रयास कर चुके है और बुधवार को भी सिटी मजिस्ट्रेट और जेल के अधिकारी स्वयं धरने पर पहुंचे और यहां बैठे जय समता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ से धरना समाप्त करने की अपील की, लेकिन जय समता पार्टी ने एक बार फिर जिला कारागार पर गंभीर आरोप लगाए है। धरने पर बैठे जय समता पार्टी के पदाधिकारियों ने जेल में मोटी रकम वसूलने, भ्रष्टाचार और जेल में नशीले पदार्थ की बिक्री और कैंटीन पर अधिक पैसे लेने जैसे आरोप लगाए है। उन्होने डिप्टी जेलर पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए उनके निलंबन की मांग रखी।

बता दे कि कई रोज से जय समता पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष और युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा कार्यकर्ताओं का जिला कारागार के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में धरना चल रहा है। बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट पर जेल के अधिकारी धरने पर पहुंचे और धरना समाप्त करने की बात कही, लेकिन जय समता पार्टी के पदाधिकारी ने आज फिर वहीं मांग रखी कि डिप्टी जेलर की जांच कराई जाए और उनको निलबंन किया जाए। यहा बैठे लोगों का आरोप था कि जेल में पूरी तरह भ्रष्टाचारी फैल रही है और बंदियों से अवैध रूप से मोटी रकम वसूली जा रही है यह आरोप भी जय समता पार्टी के लोगों ने लगाया है। उन्होने सिटी मजिस्ट्रेट, जेलर के अलावा मीडिया के समक्ष बोलते हुए कहा कि जेल में बंदियों से अवैध वसूलीकी जाती है और पैसा नहीं दे पाता उसको नशीले पदार्थ रखने के आरोप में फंसाने की धमकी दी जाती है।

जय समता पार्टी के पदाधिकारी जब अपनी मांग पर अडे रहे तो सिटी मजिस्ट्रेट और जेल के अधिकारी वापस लौट गए। बता दे कि जय समता पार्टी ने राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल को भी आठ दिसम्बर 2025 को एक ज्ञापन दिया था जिसमें बताया गया था कि जेल में गिनती के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है और जो पैसा नहीं दे पाते उनकी अलग लाइन बनाकर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

उन्होने पैसा न देने वाले टॉर्चर करने का भी आरोप लगाया था। दिए गए पत्र में यह भी आरोप लगाया गया कि बंदी की गिनती काटने के अवज में 20700 रूपये की मांग की जाती है। उन्होने बताया कि 26 नवंबर को जय समता पार्टी के पदाधिकारी एडवोकेट नील कुमार संस्थापक एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन बंसल को शांति भंग के मामले में जिला कारागार में निरूध किया था। यहां आने पर ही उन्हे जेल की भ्रष्टाचारी के बारे में जानकारी हुई। उन्होने कहा कि वह जेल में सुविधा शुल्क जमा नहीं करा पाए तो उन्हे डिप्टी जेलर के पास ले जाया गया और सजायफ्ता कैदियों से उनके साथ मारपीट कराई गई। उन्होने मीडिया के सामने बोलते हुए कहा कि 27 नवंबर 2025 की जेल के सीसीटीवी कैमरो की फुटेज निकवाई जाए उसमें उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार की सारी हकीकत सामने आ जाएगी।

# सालाखेड़ी में लाखों की चोरी के खुलासें की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र के गांव सालाखेडी में रिटायर्ड प्रिंसिपल व सर्वेयर के घर हुई लाखों की नगदी व लाखों के जेवर की चोरी के खुलासे को लेकर पीड़ित परिवार पुलिस कार्यालय पहुंचे उन्होने एसएसपी से मिलकर खुलासे की मांग की। बता दे कि विगत दिनों तितावी थाना क्षेत्र के गांव सालाखेडी मे रिटायर्ड प्रिंसिपल के घर चोरी की घटना हुई थी जहां बदमाशों ने घर में घुसकर करीब बीस-तीस लाख की चोरी की घटना की थी। बदमाश सीसीटीवी की डीवीआर भी अपने साथ ले गए थे। इस घटना को लेकर पीड़ित कई बार अधिकारियों से मिल चुके है और स्थानीय पुलिस भी कई बार खुलासे का आश्वासन दे चुकी है।








मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे जय समता पार्टी के कार्यकर्ता।

# घर से बुलाकर युवक को चाकू घोंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवक को किसी बहाने से घर से बुलाकर भरी मार्किट में एक आरोपी ने अपने तीन अन्य साथियों की मदद से पेट में चाकू घोंप दिया। इस दुस्साहसिक घटना के दौरान मार्किट में दुकानदारों और ग्राहकों में अफरा तफरी मच गयी। चारों आरोपी ग्रामीण युवक को मरा हुआ समझकर फरार हो गये। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पहुंचाया। उधर आसपास के लोगों से घटना के बारे में पुलिस ने मालूमात भी की। शोएब पुत्र जाहिद निवासी ग्राम लुहसाना रोड सफीपुर पट्टी बुढ़ाना बुधवार की दोपहर अपने घर पर था। तब वहां पर पड़ोसी शाद उर्फ छन्ना पुत्र जुल्फुकार आया और उसे घर से बुलाकर ले गया। वह उसको बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक वाली मार्किट में ले गया। जहां पर पहले से ही तीन अज्ञात व्यक्ति खड़े हुए थे। जिन्होने जाते ही शोएब को पकड लिया। साद जो अपने हाथ में धारदार चाकू ले रहा था उसने चाकू निकालकर शोएब की कोख में जान से मारने की नीयत से घोंप दिया। जिससे शोएब मौके पर ही लहुलुहान होकर गिर पडा। उधर आरोपी उसको मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गये। शोएब की चीख पुकार सुनकर आसपास के दुकानदारों और ग्राहकों ने जब शोएब के पेट से खून निकलते देखा तो वहां अफरातफरी मच गयी। तब किसी ने उसके घरवालों को फोन कर घटना की सूचना दी। उधर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को भी मिल गयी थी। वहीं पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। आरोपी ने युवक को चाकू किस वजह से घोंपा इस बारे में अभी कुछ पता नहीं लग पाया था।

# शीतलहर के बीच एसडीएम ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

**■ गौवंश को शीतलहर के प्रकोप से बचाने के दिए निर्देश**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए उपजिलाधिकारी निर्िकता शर्मा ने क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंश को ठंड से बचाने के लिए किए गए इंतजामों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने गौशालाओं में शेड, तिरपाल, काऊ कोट सहित अन्य ठंडरोधी व्यवस्थाओं की स्थिति देखी। साथ ही पशुओं के लिए चारे और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की भी जांच की गई।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में गौवंश को ठंड या भूख से परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर और पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान बीमार पशुओं के उपचार को लेकर भी विशेष ध्यान दिया गया। एसडीएम ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पशु चिकित्सक नियमित रूप से गौशालाओं में पहुंचकर पशुओं की स्वास्थ्य जांच करें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत इलाज उपलब्ध कराया जाए। खांजापुर और नावला स्थित गौशालाओं के निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) भी एसडीएम के साथ मौजूद रहे। वहीं गंगधाड़ी गौशाला में निरीक्षण के समय ग्राम सचिव, लेखपाल और पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम निकिता शर्मा ने गौशाला में तैनात कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि शीतलहर के दौरान सतर्कता बरती जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गौवंश की सुरक्षा और देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी तरह की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



खतौली:गोवंश की जानकारी लेती एसडीएम खतौली।

# बंगलादेश फाईटर प्लेन भेजकर करनी चाहिए हिन्दुओं की हिफाजत : टिकैत

**■ जनसंख्या नियन्त्रण कानून क्यों नहीं लाती मोदी सरकार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा की है।

मुजफ्फरनगर में उन्होंने कहा कि भारत सरकार को इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। टिकैत ने सवाल उठाया कि अगर अमेरिका किसी देश के राष्ट्रपति को ला सकता है, तो भारत सरकार फाइटर विमान क्यों नहीं भेज सकती।

उन्होंने बांग्लादेश को चेतावनी देने की बात कही कि यदि ऐसी हरकतें जारी रहीं तो भारत भी तैयार है।

टिकैत ने संभल जिले में अतिक्रमण हटाने के अभियान पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण, अतिक्रमण ही होता है, चाहे वह किसी ने भी किया हो। इसमें धर्म या समुदाय नहीं देखा जाना चाहिए।

उन्होंने सुझाव दिया कि अतिक्रमण पर एक सख्त कानून बनना चाहिए, जिसमें हर 10 साल में सभी जगहों से अतिक्रमण हटाने का प्रावधान हो। टिकैत ने अपने गांव सिसौली का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले जहां बसें आसानी से निकलती थीं, अब बुग्गी भी मुश्किल से गुजरती है।

# माइक्रोफाइनेंस के ऑफिस से नकदी चोरी

**भोपा।** गांव मोरना में टाटा कैपिटल्स माइक्रोफाइनेंस के ऑफिस में जंगले को तोड़कर चोरों ने अंदर घुसकर अलमारी में रखे 12 हजार 740 रूपये चोरी कर लिए।

सहारनपुर के थाना गागलहेडी के गांव कौलकी कला निवासी हरीश मौर्य ने बुधवार को भोपा थाने पर मुकदमा दर्ज कराया कि गांव मोरना में भोपा रोड पर उनका टाटा कैपिटल्स माइक्रोफाइनेंस का ऑफिस है। आरोप है कि मंगलवार की रात्रि में अज्ञात चोर जंगला तोड़कर ऑफिस के अंदर घुस गए और अलमारी में रखे 12 हजार 740 रूपये चोरी कर लिए है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष को शाल-पुष्प देकर किया सम्मानित



**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे से भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के आधा दर्जन से भी अधिक पदाधिकारी और कार्यकर्ता बुढ़ाना सर्किल के गांव बडसू सिकन्दरपुर में भारतीय जनता पाटह्र मुजफ्फरनगर जनपद के जिला अध्यक्ष डाक्टर सुधीर सैनी के पैतृक आवास पर पहुंचे। जहां पर सभी लोगों ने जिलाध्यक्ष श्री सैनी को गर्म शाल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। यहां पर रालोद भाजपा गठबंधन को मजबूत करने पर बल दिया गया। सभी ने भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सैनी को बुढ़ाना कस्बे की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 07 में बिजली के खम्बो को लेकर काफी समय से समस्या आ रही है। जिसके संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर सुधीर सैनी ने बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को उक्त समस्या के शीघ्र निस्तारण के लिए कहा। जिस पर अधिकारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को उक्त समस्या के शीघ्र निस्तारण का आ्वासन दिया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से आशीष जैन स्नातक विधान परिषद चुनाव बुढ़ाना विधान सभा सह संयोजक, राष्ट्रीय लोक. दल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती अनुपमा चौधरी, राम गोपाल, पीयूष गर्ग, पंकज चौधरी, अजय जनमेजय खतौली और खतौली नगर पालिका के पूर्व नामित सभासद अनुज सहरावत सहित अन्य कई भाजपा रालोद कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति देखने को मिली।

# प्रदूषण के खिलाफ भण्डूरा के ग्रामीणों ने निकाली मशाल यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** भंडूरा गांव में बुधवार को बढ़ते प्रदूषण के विरोध में ग्रामीणों ने हाथों में मशाल लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। मशाल जुलूस के बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने क्षेत्र में फैल रहे प्रदूषण को गंभीर समस्या बताते हुए इसके खिलाफ सामूहिक संघर्ष का आ]वान किया।

सभा को संबोधित करते हुए अंकित जवाला, तहसील अध्यक्ष ने कहा कि आसपास के कई गांव प्रदूषण के कारण भयावह हालात से गुजर रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं और हर महीने किसी न किसी गांववासी की बीमारी से मौत हो रही है। वहीं पशुओं में बांझपन जैसी समस्या सामने आ रही है, जिससे पशुपालक भी बुरी तरह प्रभावित हैं।

वक्ताओं ने कहा कि लगातार प्रदूषण के कारण फसलें सूख रही हैं, जमीन बंजर होती जा रही है और जल व वायु दोनों ही जहरीले हो चुके हैं। उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषण के चलते क्षेत्र के लोग शारीरिक और आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। पहले बीमारी, फिर इलाज का भारी खर्च और ऊपर से फसल न होना लोगों के दुखों का सबसे बड़ा कारण बन चुका है। हालात ऐसे हो गए हैं कि कई परिवार मजबूरी में पलायन करने को विवश हैं।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन (क्रांति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा करते हुए कहा कि यह लड़ाई अकेले किसी एक संगठन की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की है। उन्होंने सभी किसान संगठनों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपस में लड़ने से केवल उद्योगपति मजबूत होते हैं, जबकि एकता से ही प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जा सकती है।सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी संगठन मिलकर आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे और क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त कराने तक संघर्ष जारी रहेगा।

इस अवसर पर मनीष देव, दीपक मलिक, जयवीर ठाकुर, अनिल प्रधान, फुरकान, कंवरपाल सिंह, जयपाल सिंह, प्रश्न कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा पुत्र शोबी उर्फ आजम मेरे कहने सुनने में नहीं है और आए दिन घर में मुझ से व मेरे पूरे परिवार से झगडा करता रहता है। मेरा बेटा शोबी उर्फ आजम मुझे कुछ कमाकर भी नहीं देता और उसकी गलत हरकते हो गई है शोबी उर्फ आजम की गलत हरकतों से तंग व परेशान होकर सात जनवरी 2026 से मैं शोबी उर्फ आजम को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद शोबी उर्फ आजम से मेरा कोई भी सामाजिक रिश्ता नहीं है। उसके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**यासीन पुत्र हमीद**
**निवासी-20/1 चमारान,**
**खादरवाला, थाना खालापार**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम इमरान अली लिखा है जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम इमरान है। मेरे आधार कार्ड संख्या-582579460695 व अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम **इमरान** ही है। भविष्य में समस्त कार्यो के लिए मुझे इमरान नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

IMRAN S/O YAMEEN
**55 भैंसरहेडी**
**मुजफ्फरनगर,251310**

## मुजफ्फरनगर के पहलवानों का राष्ट्रीय स्तर पर परचम

**मुजफ्फरनगर।** शहीद बच्चन सिंह व स्व. अरुण पहलवान अखाड़ा सेवा समिति, पचौंडा कला से जुड़े चार युवा पहलवानों ने नेशनल ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 3 से 5 जनवरी तक Wrestling Federation of India (WFI) के तत्वावधान में विशाखापट्नम, आंध्र प्रदेश में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में अखाड़े के पहलवान अविश ने 46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, जुनैद ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, सार्थक ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक तथा अयान ने 53 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। पदक जीतकर लौटने पर पचौंडा कला बाईपास पर ढोल-नगाड़ों के साथ पहलवानों का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद अखाड़े परिसर में फूलमालाओं से सम्मानित कर सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गईं। वेदप्रकाश कोच सहित नरेंद्र पवार, अध्यक्ष Uttar Pradesh Grappling Wrestling Association, अर्जुन पहलवान, पप्पू प्रधान, नकुल, महबूब, विकास, मिंटू, टिंकू, अमित और युधिष्ठिर पहलवान उपस्थित रहे। अखाड़ा सेवा समिति के संस्थापक युधिष्ठिर पहलवान ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि अखाड़े में पहलवानों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के ठहरने हेतु छात्रवास का निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर माहौल मिल सके।



मुजफ्फरनगर:मैडल जीतने वाले पहलवानों को सम्मानित करते युधिष्ठर पहलवान।

# भाजपा नेता ने बेटी के जन्मदिन पर 251 बाइक चालकों को दिया हेलमेट का तोहफ़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं मे जनहानि को रोकने के लिए एक शानदार प्रयास के तहत भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने बेटी के 11वें जन्मदिन पर बाइक सवारों को हेलमेट का तोहफ़ा प्रदान करते हुए। उनको सुरक्षा के प्रति सचेत किया है। साथ ही पुलिस अधिकारियों ने बाइक सवारों से हेलमेट का प्रयोग करने का आह्वान किया तथा बेटी के जन्मदिन पर हेलमेट बांटने की सराहना की। मोरना मे पुलिस चौकी पर सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई ने कहा कि सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन करें, बाइक सवार हेलमेट लगाए तथा कार चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने कहा कि जीवन अनमोल है,आपके जीवन से आपके अपने जुड़े हैं। कोई भी लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष अरुण पाल ने बेटी वेदिका राठी की दीर्घायु होने की कामना की तथा बेटी के जन्मदिन पर हेलमेट बांटने की सराहना की। इस दौरान पंकज माहेश्वरी, अश्विनी सहरावत, दीपक चौधरी,विशु सहरावत, मदन प्रधान, रजत माहेश्वरी, प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह, चौकी प्रभारी ललित तोमर, राजीव चौयरमेन मौजूद रहे।

**Name Change**

I have changed my name from Mohammad Shahzad to Shahjad S/o Taiyyab R/o Bajhedi. Bajheri, Po. Bagowali, PS. Nai Mandi, Tehsil-Distt. Muzaffarnagar for all future purposes.

**संबंध विच्छेद**

मैं युनुस पुत्र अलाऊदीन निवासी मौहल्ला खाकरोबान, कस्बा/तहसील/थाना बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र जुनैद पुत्र युनुस और पुत्रवधु बबली पत्नी जुनैद जो गलत संगत में रहते हैं। जिन्हें मैने समझाने का प्रयास किया किंतु अपनी हरकतों से वे बाज नहीं आ रहे हैं। आये दिन लडाई झगडा करते रहते हैं। जिससे मैं व मेरा परिवार काफी दुखी है। आज मैने अपने पुत्र जुनैद व पुत्रवधु बबली पत्नि जुनैद को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। जुनैद व बबली अब अपने द्वारा किये गये अच्छे बुरे कार्यों के खुद जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे परिवार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

**प्रार्थी युनुस पुत्र अलाऊदीन**
**निवासी मौहल्ला खाकरोबान**
**कस्बा बुढ़ाना तहसील बुढ़ाना**
**थाना बुढ़ाना**
**जनपद मुजफ्फरनगर, यूपी।**

# सांझक में स्थित है भगवान शिव पार्वती का पौराणिक मंदिर

**भाग्य शर्मा )**

**शाहपुर।** जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर एवं शाहपुर से 13 किलोमीटर दूर मुजफ़रनगर बड़ौत मार्ग पर स्थित गांव साँझक में स्थित स्वयं प्रकट शिव पार्वती का एतिहासिक मंदिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हजारों लोगों की आस्था का केंद्र है। यंहा मंदिर में प्रकति की गोद से उत्पन्न शिव पार्वती की पिंडी है। मन्दिर की मान्यता है कि मंदिर में श्रद्धा भाव से 16 सोमवार व्रत रखकर बेल पत्र के साथ जलाभिषेक करने के साथ सच्चे मन से पूजा अर्चना करने से मनोकामना पूर्ण होती है। शाहपुर क्षेत्र में साँझक के सिद्धपीठ मंदिर में शिवरात्रि पर जंहा हजारों शिव भद्र हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर यंहा जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना करते है।





ग मन्दिर के पुजारी भोपाल नाथ जी महाराज बताते है कि मंदिर में विराजमान शिव पार्वती का मंदिर अपने आप में अनेको इतिहास समेटे हुए है। यंहा श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करने वालो की

मनोकामनाएं पूर्ण होने के अनेकों उदहारण है। पुरे वर्ष सोमवार के दिन महिला पुरुष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजा अर्चना करने वालो की रहती है। सैंकड़ो वर्ष पूर्व गांव में स्वंय पृथ्वी से निकली पिंडीयो के चमत्कार को देख गांव सहित आसपास के लोगो की आस्था बढ़ती चली गयी और तभी मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया गया आज मन्दिर को आलीशान बना दिया गया है।

मंदिर में सच्चे मन से पूजा अर्चना करने वालो की मनोकामना पूरी होने लगी। यह मान्यता दूर दूर तकफैलती गयी। मंदिर में प्रत्येक सोमवार को दूरदराज से श्रद्धालुओ का जमावड़ा लगता है। शिव रात्रि पर जनपद के अलावा मेरठ, बागपत, शामली सहित हरियाणा व दिल्ली समेत कई राज्यो के श्रद्धालु स्वयं प्रकट भगवान आशुतोष की पिंडीयो पर जलाभिषेक करते है। मन्दिर समिति के अध्यक्ष जवाहर सिंह बालियान ने बताया कि साँझक के शिव मंदिर में शिवरात्रि के पर्व पर जलाभिषेक के लिए भारी पुलिस बल को तैनात किया जाता है। श्रद्धालुओ के लिए बेरिकेटिंग की व्यवस्था की जाती है। मन्दिर समिति की ओर से प्रति वर्ष यंहा कांवड़ यात्रा के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-मुजफ्फरनगर।

पत्रांकः- 1432 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा पत्रा0सं0-19 / 2025-26 / दिनांकः 23.12.2025

मैनुअल निविदा सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें प्रतिशत दर में अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए0,बी0,सी0 एवं डी0 श्रेणी मे जैसा प्रकरण हो में पंजीकृत ठेकेदारों से आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है।

2- कार्य के नाम तालिका के अनुसार।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य सगस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | जिलाधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| स्वीकृति की प्रत्याशा में। | | | | | | | | | |
| 1 | मुजफ्फर नगर | ग्राम निर्माणी में नाले के पुल से मास्टर गयूर के घेर तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स निर्माण। | 4.12 | 0.09 | 500+150+27 (18%GST) | 03 माह | विकास भवन, मु0नगर | विकास भवन, सहारनपुर | कलेक्ट्रेट मु0नगर। |
| 2 | मुजफ्फर नगर | ग्राम चरथावल में मदरसे से मुख्य थानाभवन मार्ग तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 1.78 | 0.04 | 500+75+09 (18%GST) | 03 माह | विकास भवन, मु0नगर | विकास भवन, सहारनपुर | कलेक्ट्रेट मु0नगर। |
| 3 | मुजफ्फर नगर | लछेड़ा में तावली पुल से धर्मेन्द्र प्रधान के खेत के पास पुल निर्माण। | 2.63 | 0.06 | 500+150+27 (18%GST) | 03 माह | विकास भवन, मु0नगर | विकास भवन, सहारनपुर | कलेक्ट्रेट मु0नगर। |
| 4 | मुजफ्फर नगर | छतेला में इलियास के मकान से प्राईमरी पाठशाला तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 3.39 | 0.07 | 500+150+27 (18%GST) | 03 माह | विकास भवन, मु0नगर | विकास भवन, सहारनपुर | कलेक्ट्रेट मु0नगर। |

नोटः- जी0एस0टी0 नवीनतम शासनादेशों के अनुसार देय होगी।

3. निविदा का सेट निविदा सूचना मे इंगित स्थानो से दिनांक 12.01.2026 से 20.01.2026 तक सभी कार्यदिवसो मे प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
4. निविदा का सैट दिनांक 22.01.2026 दोपहर 12:00 बजे तक टैन्डर बॉक्स मे अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-मुजफ्फरनगर एवं अधीक्षण अभियन्ता तथा जिलाधिकारी जैसा कि निविदा सूचना के कांलम संख्या 8, 9 एंव 10 मे इंगित हैं, स्थानों मे डाले जायेगे।
5. निविदा दिनांक 23.01.2026 मे दोपहर 03.00 बजे खोली जायेगी।
6. निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, विकास भवन तृतीय तल प्रखण्ड-मुजफ्फरनगर से प्राप्त की जा सकती है।

(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड मुजफ्फरनगर।
मो0-9105544181

UPID-243621, Dated-06-01-2026
website: www.up.gov.in

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे मायके वाले मेरे साथ तानाकशी व लडाई झगडा करते रहते हैं और मुझे अपने ऊपर बोझ समझकर मेरी शादी दोगुनी उम्र के व्यक्ति के साथ करना चाहते हैं। मेरी पहली ससुराल वालो के बीच मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन है, जिन्हे मैं स्वयं लड रही हूं। इस वजह से ही मायके वाले माता रेखा, पिता देवेन्द्र, भाई सिद्धार्थ, रिकंल व मेरे मामा जान से मारना चाहते है। मैने अपने मायके वालो से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर स्वयं अपनी इच्छा से आज से ही अपना घर व परिवार व रिश्तेदारों को त्याग दिया है। आज से मैने सभी रिश्ते व सम्बन्ध मायके वालो व रिश्तेदारों से हमेशा के लिए समाप्त कर लिए हैं मेरे साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसके लिए मायके वाले व रिश्तेदार मामा जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमति सलोनी पुत्री देवेन्द्र**
**निवासी- ग्राम नंगला राई,**
**थाना चरथावल,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, राज मिस्त्री की मौत, साथी गंभीर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना खतौली क्षेत्र के भैंसी गांव स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के सामने बुधवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार शाम करीब आठ बजे स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो युवक भैंसी हाईवे कट के पास स्थित शिवा ढाबा क्षेत्र से पेट्रोल भरवाने के लिए सीएनजी पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरे।

सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान काविंद्र पुत्र रतीराम (32 वर्ष), निवासी कस्बा शेरपुर, थाना धनौरा, जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। काविंद्र पेशे से राजमिस्त्री था और करीब दस दिन पहले काम के सिलसिले में खतौली आया था। वह भैंसी हाईवे कट स्थित सीमा ढाबे पर कार्यरत था। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान जितेंद्र पुत्र बबली सिंह, निवासी नौगांवा सादात, कूड़ा माफी, थाना धनौरा, जनपद अमरोहा के रूप में हुई है। वह भी कारीगर के रूप में लगभग बीस दिन पहले शिवा ढाबा पर काम करने आया था।

घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, घायल के पास से शराब का एक पाउच बरामद हुआ है, जिससे दोनों के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी खतौली दिनेश कुमार बघेल ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक व घायल के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# सर्विसेज क्लब में नवनिर्मित पिकलबॉल कोर्ट का उद्घाटन

**मुजफ्फरनगर।** सर्विसेज़ क्लब में अध्यक्ष जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ट पुलिस अधीक्षक संजय संजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित पिकलबॉल कोर्ट का उध्द्घाटन किया गया। उद्घाटन के समय अध्यक्ष / जिलाधिकारी ने कहा कि पिकलबॉल कोर्ट खेल बहुत ही लोकप्रिय है। खेलो से आपसी सहचर्या बढ़ती है। सचिव/ अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.) ने कहा कि खेल से तन-मन स्वस्थ होता है व सभी का सर्वांगीण विकास होता है।उपाध्यक्ष अमित गर्ग ने कहा कि यह खेल बच्चो व युवाओ में विशेष रूप से लोकप्रिय है। इससे खेलो के प्रति व क्लब के प्रति युवा वर्ग का रूझान बढ़ेगा।सर्विसिज़ क्लब के युवा सदस्य अर्चित गोयल, आचमन गोयल, हर्षवर्धन बंसल, संस्कृति बंसल आदि खिलाड़ियो ने अपने खेल का प्रदर्शन भी कियाइस दौरान कोषाध्यक्ष उमेश गोयल (एडवोकेट), पूर्व सचिव भुवनेश गुप्ता, अनिल आनन्द (एडवोकेट), निष्काम गर्ग, देवेन्द्र कुमार गर्ग, परमेन्द्र कुमार, अमित अरोरा, आयुष गुप्ता, प्रदीप गोयल, अशोक सरीन, डा. डी.एस. मलिक, विजय वर्मा, प्रेमदत्त त्यागी सहित अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद थे।

# नाबालिग युवती से छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार

**मोरना।** नाबालिग युवती से छेड़छाड़ करने व अश्लील फोटो तथा वीडियो इंटरनेट पर वायरल करने के आरोपी को मिशन शक्ति टीम द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ के एक युवक छेड़खानी करता है व उसके अश्लील फोटो व वीडियो इंटरनेट पर वायरल कर दिए। मिशन शक्ति प्रभारी अजय यादव ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर पुलिस ने पहले ही एक नामजद आरोपी मनीष निवासी गांव वजीराबाद को जेल भेज चुकी है। जबकि जांच के दौरान आरोपी हिमांशु पुत्र आदेश निवासी कस्बा भोकरहेड़ी का नाम प्रकाश में आया बुधवार को मिशन शक्ति टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जोहड़ में गिरी नीलगाय को गौरक्षकों ने बचाया



**बुढ़ाना।** गौरक्षकों की सजगता से गहरे गंदे जौहड में अचानक से गिरी एक नील गाय को गौरक्षकों के द्वारा बचा लिया गया। पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर नील गाय को मरहम पटी की। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली में बुधवार के दिन एक गंदे जोहड़ में अचानक से एक नील गाय गिर गयी। इसकी सूचना किसी ग्रामीण से माधव गौशाला गांव परासौली के संचालक और गौरक्षक छोटा सैनी को मिली तो वे अपने अन्य गौरक्षक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जौहड पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद नील गाय को जौहड से रस्सों के द्वारा निकाली। ग्रामीणों ने बताया कि इस नील गाय के पीछे आवारा कुत्ते लगे हुए थे। जिनसे बचने को भागते हुए नील गाय जौहड में गिर गयी। गौरक्षक छोटा सैनी जब किसी वाहन के द्वारा घायल नील गाय को लेकर चले तो फिर से आवारा कुत्ते नील गाय के पीछे लग गये। तब उनको गौरक्षकों के द्वारा भगाया गया। इसके बाद नील गाय को माधव गौशाला में लाया गया जहां पर गौरक्षकों ने उसका देशी उपचार करने के बाद पशु चिकित्सा विभाग बुढ़ाना के प्रभारी को दी तो उन्होंने वहां पर अपने कर्मचारियों को भेजकर घायल नीलगाय का उपचार कराया।घ मौके पर वन विभाग बुढ़ाना की टीम भी आई। छोटा सैनी के अनुसार वे गायों की सेवा करते रहेंगे।

### गन्ने के खेत मे दबी मिली अबोध वस्तु को पुलिस ने कब्जे मे लिया

**मोरना।** गन्ने के खेत मे दबे मिले लोहे की वस्तु को खतरनाक असलाह मानकर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने लोहे के नुकीली वस्तु को कब्जे मे लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं वस्तु को मिलने को लेकर गांव मे चर्चाएं फैल गयी हैं। थाना व गांव ककरौली मे ऊँचा खेड़ा मोहल्ले से तेवडा चौराहे वाले मार्ग पर राजेश के खेत मे बुधवार को गन्ने की फ़सल को मजदूर काट रहे थे तभी एक मजदूर की बलकटी लोहे की वस्तु से टकरा गयी। जहां एक बोरे मे बंद एक अबोध वस्तु को देख मजदूर ने खेत के मालिक राजेश को सूचना दी। वहां मौजूद राजेश के चौकीदार भंवरसिंह उर्फ़ बिल्लू की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने ककरोली पुलिस को अवगत कराया। मौके पर क्षेत्रधिकारी देववृत वाजपेयी, थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह पहुँच गये। और वस्तु को कब्जे मे ले लिया।सीओ देव वृत वाजपेयी ने बताया की गन्ने के खेत से बोरे मे बंद नुकिले आकार की लोहे की एक वस्तु बरामद हुई है। वस्तु को कब्जे मे लिया गया है। जिसकी तकनीकी जांच विशेषज्ञयो द्वारा कराई जायेगी।

### हत्या का प्रयास करने वाले युवक को भेजा जेल

**बुढाना।** स्थानीय पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास मे वांछित अभियुक्त वाजिद पुत्र महमूद कुरैशी निवासी ग्राम हुसैनपुर कलां को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बीती 06 जनवरी को वादी नूर मौहम्मद पुत्र जैनूद्दीन निवासी ग्राम बवाना ने बुढ़ाना पुलिस को बताया था कि अभियुक्त वाजिद पुत्र महमूद कुरेशी निवासी ग्राम हुसैनपुर कलां द्वारा अपने 03 अन्य साथियो के साथ उसके चाचा के साथ कुकर्म कर जान से मारने की नीयत से सिर पर सरिया से वार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। तब पुलिस ने मामला दर्ज कर दारोगा शुभम सिंह के नेतृत्व में कोतवाल सुभाष अत्री के निर्देश पर एक टीम गठित कर उक्त आरोपी को गांव बवाना वाया हुसैनपुर कलां मार्ग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मुज़फ्फरनगर प्रीमियर लीग के इस सत्र के लिए पंजीकृत खिलाड़ियों के ट्रायल रविवार 11 जनवरी को होंगे

**मुजफ्फरनगर।** एम पी एल के दूसरे संस्करण के लिए इस बार 280 खिलाड़ियों नें ऑनलाइन पंजीकरण किया है।

जनपद के क्रिकेटर को एक मंच देने के उद्देश्य सें आयोजित, मुज़फ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मुज़फ्फरनगर प्रीमियर लीग मे इस बार 12 टीमे है.पिछले एम पी एल मे 8 टीम शामिल थी.

सचिव मनोज पुंडीर नें बताया कि स्पोर्ट्स स्टेडियम मे होने वाले ट्रायल के लिए सभी खिलाड़ियों को परखने के लिए पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाडी प्रशांत गुप्ता, रेलवे रणजी टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशंनिंग कोच विकास चौधरी और पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाडी मनोज माकड को चयन कर्ता के तौर पर बुलाया गया है. ट्रायल के दिन कोइ भी ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन इस बार नहीं किये जाने का निर्णय भी लिया गया है. मुज़फ्फरनगर के खिलाडी सुबह 8 बजे और शामली सहारनपुर, मेरठ के पंजीकृत खिलाडी सुबह साढ़े नौ बजे रिपोर्ट करेंगे.सभी टीमों के कोच, मैनेजर और टीम स्वामी भी टीम ड्राफ्टिंग सें पूर्व खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखने मौजूद रहेंगे.

सभी खिलाडी एम पी एल की रंगीन जर्सी मे इस बार ट्रायल देतें दिखेंगे.ग्राउंड इंचार्ज ओमदेव सिंह नें आज स्टेडियम मे ट्रायल सें पूर्व तैयारियो को अंतिम रूप दिया. उनके साथ मनोज पुंडीर, संजय शर्मा, विकास राठी, शिरीष वर्मा रोहन त्यागी मोहमद अरशद, अंकुर कुमार,विकास आदि मौजूद रहे

# ठंड मान गए बुढ़ाना के अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** लगातार भयंकर शीतलहर के चलते बुधवार के दिन आयोजित की गई बार एसोसिएशन बुढ़ाना की एक आवश्यक मीटिंग में समस्त वादकारियों तथा समस्त अधिवक्ताओं को सभी न्यायालयों में आने जाने में परेशानी होने के कारण न्यायिक कार्यो से विरत रहने की घोषणा की गई। इस संबंध में बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने बतलाया कि भयंकर शीतलहर के चलते न्यायिक कार्यो से विरत रहने के संबंध में सभी न्यायालय में लिखित सूचना भेज दी गई है। मीटिंग में बार एसोसिएशन बुढ़ाना के कई पदाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रुप से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, महासचिव ओमपाल सिंह मलिक, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, पूर्व अध्यक्ष श्यामवीर सिंह वर्मा, इलियास सैफी, शौ सिंह राणा की मौजूदगी रही।



मुजफ्फरनगर: नवनिर्मित कोट पर बॉल खेलते जिलाधिकारी उमेश मिश्रा।



बुढाना: जलभराव की यह स्थिति है जौला के मुख्य मार्ग पर।

# जौला में मैन रास्ते पर कई दिनों से जलभराव

## आने जाने वालों को हो रही है भारी असुविधा

**भाजपाईयों ने पंचायत कर जताया गहरा रोष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में मेन रास्ते पर कई दिनों से जल भराव हो रहा है। गांव के प्रधान भी कोई सुध नहीं ले रहे हैं। इससे गांव जौला में ग्रामवासियों का आना जाना दूभर हो गया है। गांव के मुख्य रास्ते पर पानी का भरा रहना स्कूली छात्रों और आने जाने वाले तमाम राहगीरों को बहुत बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि यही मात्र मुख्य रास्ता है जो सरकारी स्कूल और मंदिर व मस्जिद को जाता है। गांव में चर्चा है कि शिकायत होने के बाद भी मुजफ्फरनगर जनपद के किसी भी आला अधिकारियों के द्वारा कोई संज्ञान नही लिया जाता है क्योंकि उक्त प्रधान की सब अधिकारियों से सेटिंग है।

ब्लॉक स्तर के तमाम अधिकारियों को भी समय समय पर सैंकड़ों ग्रामवासियों ने कई बार सूचना देकर उक्त समस्या को हल करवाने की मांग की लेकिन कोई हल नही निकल सका। उक्त रास्ता नूरिया वाले तालाब वाला बताया गया है। ग्रामीण इस समय इस मार्ग को लेकर खून के आंसू रोने पर मजबूर हैं और वे किसी दिन इस समस्या को लेकर कोई भी बड़ा निर्णय ले सकते हैं। क्या संबंधित अधिकारी इस और ध्यान देंगे या फिर ग्रामीणों को यूं ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# बार एसोसिएशन बुढ़ाना के चुनाव की हलचल शुरू

## अब आगामी 13 जनवरी को होगी आम सभा

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के वार्घिक चुनाव को लेकर बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने बुधवार के दिन एक घोषणा जारी करते हुए सभी अधिवक्ताओं को बतलाया कि आगामी 13 जनवरी को आम सभा की एक बैठक का आयोजन होगा।

बैठक में सबकी सहमति से ऑडिटर का चयन किया जाएगाध। वैसे बार एसोसिएशन बुढ़ाना की कार्यकारिणी का कार्यकाल बीते साल 18 दिसम्बर को पूरा हो गया था। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी ने बताया कि कार्यकाल पूरा होने के बाद से ही लगभग समस्त अघधिवक्ता नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव करवाने की मांग कर रहे थे। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह ने मलिक डुंगर ने 5 जनवरी तक वार्षिक सदस्यों का शुल्क जमा करवाने के निर्देश दिए थे।

उन्होंने बताया कि अब यहां आगामी 13 जनवरी को आम सभा की एक बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में ऑडिटर का चयन किया जाएगा। फिर ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद ही बार चुनाव संबंधी आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अब बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी हैं। अब इस बार आगामी बार एसोसिएशन बुढाना के चुनाव में कौन कौन उम्मीदवार अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेगा यह भी जल्दी ही साफ हो जाएगा।

# तमंचे लेकर फोटो वायरल करने वाला युवक अरेस्ट

**बुढ़ाना।** सोशल मीडिया पर तमंचा हाथ में लेकर अपने फोटो को वायरल करने वाले को पुलिस ने दबोचकर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान ग्राम बड़ौदा निवासी 18 वर्षीय विशाल पुत्र राजीव के रूप में हुई है। उसे मेरठ करनाल हाईवे के पास से पकड़ा गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि विशाल अवैध तमंचे के साथ सठेड़ी पुलिया मेरठ वाया करनाल हाईवे की तरफ रजवाहा की पटरी पर जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने सठेड़ी पुलिया से करीब 100 मीटर पहले रजवाहा की पटरी पर घेराबंदी की। तब पुलिस को देखकर विशाल ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। विशाल हथियार का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में विशाल ने बताया कि उसने यह तमंचा लगभग एक साल पूर्व राह चलते एक व्यक्ति से खरीदा था ।



मुजफ्फरनगर: श्रीराम कॉलेज का भ्रमण करते गोल्डन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

# गोल्डन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया श्री राम कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज में आज गोल्डन पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कॉलेज के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय तथा कैंपस का अवलोकन किया और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण को देखकर उत्साहित एवं प्रसन्न दिखाई दिए।

भ्रमण के दौरान शरद कौशिक (प्रवेश विभाग) ने विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की शिक्षा एवं करियर विकल्पों के बारे में उपयोगी जानकारी दी। उनके विचारों से विद्यार्थियों ने न केवल नई जानकारियाँ प्राप्त कीं, बल्कि आत्मविकास के प्रति नई प्रेरणा भी महसूस की।

इस अवसर पर गोल्डन पब्लिक स्कूल से शिक्षकगण लविश शर्मा, अमित त्यागी, शुचि उपस्थित रहे। श्री राम कॉलेज की ओर से डॉ. सौरभ मित्तल (उप प्राचार्य), अजय चौहान (डीन एडमिशन) एवं पंकज शर्मा (विभागाध्यक्ष- मैनेजमेंट), मनीष पाल (कॉरपोरेट रिलेशन ऑफिसर) ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को कॉलेज की गतिविधियों से परिचत कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की संभावनाओं और व्यावसायिक जगत से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं समूह छायाचित्र के साथ हुआ।

# संत शिरोमणी रविदास जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सन्त शिरोमणी रविदास महासभा, मुजफ्फरनगर की एक बैठक मौहल्ला रविदासपुरी की अम्बेडकर धर्मशाला में सम्पन्न हुई।

बैठक में आगामी 1 फरवरी 2026 दिन रविवार को संत शिरोमणी रविदास जी के 649 वें जन्मदिवस को बडी धूमधाम से मनाने का निश्चय किया गया।

कमैटी के अध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ व महासचिव दीपचन्द उर्फ माटू ने बताया कि रविदास जन्मोत्सव मनाने के लिए विशाल स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। मीडिया प्रभारी विजय कैमरिक ने बताया कि रविदास महाराज के अनुयायी अपने-अपने मौहल्लों से बैण्ड बाजों व आकर्षक झाँकियो के साथ टाउनहॉल मैदान मे पहुंचेगे। जहां से संयुक्त रूप से शोभायात्रा निकाली जाएगी।



जो टाऊन हॉल से शुरू होकर झाँसी की रानी, शिव चौक, रूडकी रोड, सरवट चौक, बकरा मार्किट, आबकारी चौकी, हनुमान चौक, भगतसिंह रोड से होती हुई शिव चौक पर पहुंच कर सम्पन्न होगी।

बैठक में महासभा के संरक्षक रजनीश कुमार गौतम, अध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ, महासचिव दीपचन्द उर्फ माटू, उपाध्यक्ष रामनिवास रप्पू, नीरज छपारिया, संजय जानिया, सचिव सोमदत्त मास्टर, सतीश डेन्टर, राजेश्वर दयाल उर्फ राजू, ऑडीटर किरणपाल उर्फ भूरा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र धीरयान, कानूनी सलाहकार कुलदीप एड., डा.मुकेश गौतम, अरविन्द एडवोकेट, मीडिया प्रभारी विजय कैमरिक व अमित गौतम के अलावा महासभा के सदस्य राजपाल, सुन्दरलाल, दीपक, सुमित, शंकर पेन्टर, राजेन्द्र पेन्टर, अंकित, सागर, अभिषेक, आयुष, सन्नी, सोनू, शैंकी, अभिषेक कुमार, अन्नू सिद्धार्थ, अजय, विश्वजीत उर्फ वीशू आदि मौजूद रहे।

# किसान के खेत में रखी गन्ने की फसल हुई चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के गांव वजीराबाद के जंगल मे भोकरहेड़ी निवासी किसान जितेंद्र चौधरी के खेत मे रखी गन्ने की कटी फ़सल के 80 बंडल चोरी हो गये हैं। पीड़ित किसान ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।दो दिनों मे गन्ना चोरी की दूसरी घटना से हड़कंप मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला बाजार निवासी यश सहरावत पुत्र जितेंद्र चौधरी ने बताया कि उनके खेत अथाई मार्ग पर नगर पंचायत भोकरहेड़ी के डंपिंग ग्राउंड के पास स्थित जंगल में हैं। बुधवार की सुबह वह खेत पर गया तो उसने खेत मे रखे गन्ने के बंडल को गायब पाया।पीड़ित किसान यश सहरावत पुत्र जितेंद्र चौधरी ने बताया कि लगभग 35 कुंटल गन्ना खेत में रखा हुआ था। जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी



कर लिया घटना की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने मामले की जानकारी की। दो दिनों मे गन्ना चोरी की यह दूसरी घटना है मंगलवार की रात कस्बा भोकरहेड़ी निवासी किसान अंकुश चौधरी के खेत से अज्ञात चोरों ने लगभग 60 कुंटल गन्ना चोरी कर लिया था।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कुत्तों का बढ़ता आतंक, महिलाओं व बच्चों समेत दर्जनों लोग घायल

## तीन दिनों में तीसरी वारदात, नगरपालिका व प्रशासन मौन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर व क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन आवारा कुत्तों के झुंड महिलाओं, पुरुषों और मासूम बच्चों पर हमला कर रहे हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। सरकारी अस्पताल में बढ़ती मरीजों की भीड़ इस समस्या का ताजा उदाहरण है।बुधवार को नगर के सरकारी अस्पताल में बड़ी संख्या में कुत्तों के काटने से घायल लोग उपचार के लिए पहुंचे। कस्बा निवासी आरोही, बाबू, मारू, महबूब, अरमान, आहद व आयशा के अलावा क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सिद्धार्थ, चढ़ाव निवासी अभिराज, घसौली निवासी अशोक, अजीत व आशीष, आल्दी निवासी कुमकुम तथा जिडाना निवासी भूरा को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार किया गया और उन्हें एंटी रेबीज के टीके लगाए गए।घायलों का आरोप है कि नगर व क्षेत्र में दिन-दहाड़े आवारा कुत्ते बेखौफ होकर लोगों पर हमला कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार प्रशास. निक अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। गलियों और सड़कों पर आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते रहते हैं, जो आमजन के लिए बड़ा खतरा बने हुए हैं।सरकारी अस्पताल में लगातार कुत्तों के काटने से घायल लोगों की भीड़ उमड़ रही है। चीफ फार्मासिस्ट सुधाकर प्रसाद का कहना है कि प्रतिदिन दर्जनों लोगों को एंटी रेबीज का टीका लगाया जा रहा है, साथ ही उन्हें आवारा जानवरों से दूरी बनाए रखने की सलाह भी दी जा रही है।







# अब तक का सबसे ठंडा दिन साबित हुआ बुधवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में बुधवार का दिन इस सर्दी के मौसम का अब तक का सबसे ठंडा दिन साबित हुआ। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा और आसमान से हल्की फुहारें गिरने के कारण ठंड का असर और अधिक बढ़ गया। भीषण ठंड के चलते लोगों के शरीर में दिनभर कंपकंपी बंधी रही और आम जनजीवन प्रभावित नजर आया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान मात्र 14 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय घना कोहरा और नमी भरी ठंडी हवाओं के चलते सड़कों पर .श्यता काफी कम रही, जिससे वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में हल्की फुहारें गिरती रहीं। ठंड के चलते लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए और बाजारों गांधी चौक, नया बाजार, माजरा रोड, नेहरू मार्किट व सार्वजनिक स्थानों बस स्टेंड, गुरूद्वारा तिराहा पर सन्नाटा पसरा रहा। विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय कुछ देर के लिए धूप निकलने से लोगों को ठंड से थोड़ी राहत जरूर मिली। लोग धूप में बैठकर ठिठुरन से बचने का प्रयास करते दिखे। हालांकि यह राहत ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। शाम होते ही सर्द हवाओं का प्रकोप एक बार फिर बढ़ गया, जिससे तापमान में और गिरावट महसूस की गई। शाम के समय ठंडी हवाओं के चलने से लोग जल्दी ही अपने घरों में दुबक गए। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव, हीटर और गर्म पेय पदार्थों का सहारा लिया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड का असर इसी तरह बना रह सकता है, जिससे सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

# सड़क सुरक्षा माह: शामली पुलिस ने चलाया सघन व विशेष अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन के अमूल्य जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शामली पुलिस द्वारा सघन एवं विशेष अभियान चलाया जा रहा है।




पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में मौसम की स्थिति को देखते हुए, विशेषकर प्रातः एवं रात्रि के समय घने कोहरे और धुंध के कारण सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसी क्रम में जनपद के सभी यातायात संभावित दुर्घटना स्थलों, मुख्य मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए जागरूकता, संवे. दनशीलता और प्रवर्तन तीनों स्तरों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

इसी अभियान के तहत बुधवार को थाना कोतवाली शामली, बाबरी, थानाभवन एवं झिंझाना की यातायात टीमों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर एवं सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को तत्काल हटवाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और कम दृश्यता की स्थिति में होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका को न्यूनतम किया जा सके। इस दौरान वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात जागरूकता के माध्यम से कोहरे व धुंध के समय पार्किंग लाइट जलाए रखने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने, अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने तथा यातायात संकेतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और पूरी सतर्कता के साथ वाहन चलाने को लेकर भी जागरूक किया गया।

## छात्राओं ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में एक जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को छात्राओं द्वारा कस्बे की विभिन्न बस्तियों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्राओं ने लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया।छात्राओं ने बस्तीवासियों को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने, गलत दिशा में वाहन न चलाने तथा लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबा. इल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने एवं सड़क संकेतों पर विशेष ध्यान देने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों की जानकारी दी। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ। श्याम बाबू के निर्देशन में किया गया।

## सड़क हादसों में दो युवक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव दुर्गनपुर खेड़ा निवासी धर्मेंद्र पुत्र मांगेराम बुधवार को बाइक से कैराना से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना के निकट पहुंचा, उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।दूसरी और क्षेत्र के गांव किवाना के पास एक युवक बेहोशी की हालत में सड़क किनारे पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद होश में आने पर युवक ने अपना नाम अनुज पुत्र देवेंद्र निवासी ग्राम सिलना, जनपद बागपत बताया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों की हालत गंभीर अवस्था होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## यातायात पुलिस की सीसी टीम ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के प्रमुख चौराहे भगवत गीता चौक (गाड़ी वाला चौक) पर बुधवार को यातायात पुलिस की सीसी टीम द्वारा एक व्यापक सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना था। अभियान का नेतृत्व सीसी टीम प्रभारी एसआई सतीश कुमार ने किया। उनके साथ हेड कांस्टेबल अंकुर तोमर तथा कांस्टेबल गौरव तोमर सहित अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने चौराहे पर वाहन चालकों तथा पैदल यात्रियों को रोककर उन्हें विस्तार से यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान लोगों को हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, गति सीमा का पालन करना, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना और शराब पीकर वाहन न चलाना जैसे अहम नियमों से अवगत कराया गया। साथ ही, इन नियमों की जानकारी से भरे पम्पलेट वितरित करके लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया गया। सीसी टीम प्रभारी एसआई सतीश कुमार ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करने तथा दुर्घटनाओं को कम करने के लिए नियमित रूप से चलाया जाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर मेहताब सभासद जहांगीर, डॉ। शावेज सलीम, असलम, हिमांशु, अरविंद, बिजेंदर, सोनू सहित क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया और इस सार्थक पहल का अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान समाज के लिए बेहद उपयोगी हैं और इन्हें निरंतर जारी रखना चाहिए।

## एक नजर

### झिंझाना क्षेत्र में बस सहित तीन वाहनों की बैट्री चोरी, चालक ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव बहेडा में अज्ञात चोरों द्वारा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस सहित तीन वाहनों की बैटरियां चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बस चालक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम बहेडा निवासी अनिल कुमार पुत्र विक्रम सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह उत्तर प्रदेश परिवहन निगम मुजफ्फरनगर डिपो में चालक के पद पर कार्यरत है। वह बस संख्या न्च 78 ज्ञ्ज 4539 का चालक है। दिनांक एक जनवरी को यात्रा पूरी करने के बाद वह रोज की तरह बस को गांव बहेडा में प्राइमरी स्कूल के पास खड़ी कर अपने घर सोने चला गया। अगले दिन सुबह जब वह बस चलाने पहुंचा तो बस स्टार्ट नहीं हुई। जांच करने पर पता चला कि बस की बैटरियां अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। इसके बाद गांव के लोगों की सहायता से आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन बैटरियों का कोई सुराग नहीं लग सका। इसी दौरान जानकारी मिली कि गांव के ही निवासी विजय पुत्र राजेन्द्र द्वारा चलाए जा रहे एक ट्रक की बैटरी भी चोरी हो गई है। इसके अलावा ऊन रोड स्थित एक भट्टे से खड़े ट्रैक्टर की बैटरी चोरी होने की सूचना भी सामने आई है। बस चालक अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मारपीट का वीडियो वायरल, चार पर एनसीआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बिजली घर बस्ती निवासी युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।थाना क्षेत्र की नई बस्ती, बिजली घर मार्ग निवासी कासिम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान पड़ोस के चार लोगों ने उस पर डंडों से हमला कर मारपीट की। मारपीट की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर और वायरल वीडियो के आधार पर जांच करते हुए आरोपी साकिर, खालिद, फरमान व रिहान के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### आचार्य समता प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आचार्य समता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल के 10, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के 16 व सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के 11 आचार्य गणों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने 119 अंक प्राप्त कर प्रथम, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने 111 अंक प्राप्त कर द्वितीय व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल ने 70 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। नीर क्षीर विवेकी निर्णायक मंडल ने तीनों विद्यालयों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में जिला संघचालक देशपाल सिंह, अमन कुमार, अनिल मलिक, आनंद प्रसाद, रविंद्र कुमार, संजय सैनी आदि उपस्थित रहे।

### वायरल फोटो पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, तमंचे सहित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हुई फोटो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद कर अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।थाना क्षेत्र सहित पूरे जनपद में इन दिनों अवैध हथियारों की सक्रियता बढ़ती नजर आ रही है। लगातार पुलिस द्वारा तमंचों के साथ बदमाशों की गिरफ्तारी की जा रही है। बीते दिनों शामली पुलिस द्वारा तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किए जाने के बाद से पुलिस और अधिक सतर्क हो गई है।कई दिनों पूर्व थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी अमरीश उर्फ सोयाब पुत्र जिंदा का तमंचा लेकर सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हुआ था। फोटो वायरल होने के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी युवक तमंचा लेकर थाना क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर की पटरी की ओर जा रहा है।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस अब तमंचा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि कानून को हाथ मैं लेने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आरोपी के कब्जे से तमंचा बरामदकर जेल भेज दिया और बेचने वाले की तलाश की जा रही है।

### बधिरों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर परिवहन आयुक्त प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय आदेश दिनांक 8 दिसम्बर 2025 तथा सीसीपीडी न्यायालय के परिपत्र के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के सभी जनपद क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों को 100 प्रतिशत श्रवण बाधित व्यक्तियों को ड्राईविंग लाईसेंस जारी किए जाने एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों को, उनकी श्रवण हानि के प्रतिशत की परवाह किए बिना निर्धारित ड्राइविंग परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर ड्राइविंग लाईसेंस अनिवार्य रूप से जारी किया जाए तथा किसी भी प्रकार का भेदभाव या बाधा उत्पन्न न किए जाने एवं बधिर व्यक्तियों को ड्राईविंग लाईसेंस प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न का सामना न करना पड़े के निर्देश दिए गए हैं। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), शामली रोहित राजपूत द्वारा सम्बन्धित पटल सहायक को निर्देशित किया जाता है कि उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

# नाला ओवरफ्लो से किसानों की फसल डूबी, प्रशासनिक अनदेखी से बढ़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चौसाना।** सुंदर नगर और माजरा भड़ी से होकर खोकरी नदी की ओर जाने वाला मुख्य नाला लंबे समय से गंदगी और जलकुंभी से अटा पड़ा है। सफाई न होने के कारण हाल ही में यह नाला ओवरफ्लो हो गया, जिससे आसपास के खेतों में पानी भर गया और कई बीघा किसानों की खड़ी फसल बर्बाद हो गई। इस घटना से विशेषकर छोटे और सीमांत किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

ग्रामीणों के अनुसार नाले में वर्षों से कचरा, मिट्टी और झाड़ियां जमा हैं। हल्की बारिश या नहरों से छोड़े गए पानी के चलते नाला तुरंत उफान पर आ जाता है। बीते दिनों नाले के ओव. रफ्लो होने से पशुओं के चारे के लिए बोई गई फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई। खेतों में कई दिनों तक पानी भरा रहने से फसल सड़ने लगी है, जिससे किसानों के सामने चारे का संकट खड़ा हो गया है।

किसानों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर ग्राम सचिव और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। केवल आश्वा. सन देकर मामले को टाल दिया गया, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। छोटे किसान बताते हैं कि उनकी आजी. विका पूरी तरह खेती और पशुपालन पर निर्भर है। फसल खराब होने से उनके सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि नाले की तत्काल सफाई कराई जाए और स्थाई समाधान के लिए पक्की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने। साथ ही किसानों को हुए नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिया जाए। यदि जल्द ही प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों की मेहनत यूं ही पानी में न बहे।

# वीआर ट्रेडर्स पर फर्जी बिलिंग की एसपी से शिकायत

**शामली।** जिले में जीएसटी के तहत पंजीकृत फर्म वी आर ट्रेडर्स पर फर्जी बिलिंग व गलत आंकड़े प्रस्तुत कर सरकार को भारी राजस्व क्षति पहुंचाने का गंभीर आरोप लगा है। इस संबंध में राज्य कर विभाग द्वारा एसपी को तहरीर देकर फर्म के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सहायक आयुक्त, राज्य कर खंड-1 ने बताया कि केन्द्रीय जीएसटी में पंजीकृत फर्म वी आर ट्रेडर्स द्वारा मार्च 2025 की मासिक रिटर्न जीएसटीआर 3बी 11 मई 2025 को दाखिल की गई। रिटर्न में फर्म ने लगभग 20।30 करोड़ रूपए की आउटवर्ड सप्लाई दर्शाते हुए कुल 3.65 करोड़ रूपए की कर देयता घोषित की। इसमें आईजीएसटी, सीजीएसटी व एसजीएसटी की इनपुट टैक्स क्रेडिट से समायोजन किया गया। विभागीय जांच में फर्म के बिल-पर्चों के आधार पर मात्र कागजी खरीद-बिक्री किए जाने की बात सामने आई। जांच के दौरान यह पाया गया कि फर्म द्वारा वास्तविक व्यापार के बिना ही इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया गया, जिससे एसजीएसटी के रूप में लगभग 1.82 करोड़ रूपए की राजस्व क्षति राज्य सरकार को हुई। राज्य कर विभाग ने इस संबंध में केन्द्रीय जीएसटी अधिकारियों को भी अवगत कराया था, जिसके बाद फर्म का जीएसटी पंजीकरण 27 जनवरी 2025 से निरस्त कर दिया गया। पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान फर्म द्वारा अपलोड किए गए पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा बिजली बिल आदि दस्तावेजों की भी जांच की गई। सहायक आयुक्त, राज्य कर खंड-1 द्वारा पुलिस को भेजी गई तहरीर में कहा गया है कि राजस्व हित में फर्म वी आर ट्रेडर्स तथा उसके प्रोपराइटर विशाल राजवंशी निवासी ग्राम कुंडाना के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# बाल विवाह की रोकथाम को धर्म गुरुओं के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों तथा जिलाधिकारी शामली के आदेशों के अनुपालन में दिनांक 07 जनवरी, 2026 को जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम शामली में बाल विवाह मुक्त समाज की दिशा मे धर्म गुरूओ के साथ बैठक एवं प्रार्थना सभा कर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई।जनपद शामली में ह्बाल विवाह मुक्त भारतह्व अभियान दिनांक 27 नवंबर, 2025 से 8 मार्च ,2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सभी धार्मिक नेता एवं विभिन्न धर्मो के श्रद्धालु समुदाय मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा गिरजाघर एवं अन्य धार्मिक स्थलों एवं विवाह संबंधी सेवा प्रदाता मैरिज हॉल बैंक्विट हॉल बैंड पार्टी डीजे कैंटर्स फोटोग्राफर टेंट हाउस आदि के साथ को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से सु गजाला त्यागी सेंटर मैनेजर ओ एस सी ने बताया कि बाल विवाह विवाह का एक ऐसा प्रकार है जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम एवं लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने के बावजूद विवाह कर दिया जाता है, जो कि पूर्णतः गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।शुभम शर्मा, सी एच एल ने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम आयु में बालिकाओं का तथा 21 वर्ष से कम आयु में बालकों का विवाह कराना कानूनन अपराध है, जिसके लिए 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा घ्1,00,000 तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्तिकृजैसे बराती, फोटोग्राफर, टेंटध्कैटरिंग संचालक, मौलवीध्पंडित, बैंड संचालक आदिकृके विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करते हुए थ्प्त दर्ज की जा सकती है।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है, जिनके माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाती है।अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि यदि आपके आसपास कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है या संदेह होता है, तो इसकी तत्काल सूचना नजदीकी पुलिस थाना, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 अथवा महिला हेल्पलाइन सेवा 181 पर दी जा सकती है। समय पर सूचना मिलने से बाल विवाह को रोका जा सकता है।चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से शुभम शर्मा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि की पात्रता एवं लाभों के बारे में विस्तार से बताया।महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु उपलब्ध महिला हेल्पलाइन 181 एवं उत्तर प्रदेश चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा विभिन्न संरक्षण कानूनों की जानकारी साझा की।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित धर्मगुरु अन्य उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम मे विभाग से नीरज नारायण व कांत का स्टाफ मौजूद रहा।

# रंजिश में युवक पर फायरिंग, सिपाही भी नामजद, आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सौपुरटील में पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोगों ने एक युवक पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस गांव में पहुंची, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने यूपी पुलिस में तैनात एक सिपाही सहित चार लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।गांव इस्सौपुरटील निवासी रतन की करीब दस वर्ष पूर्व यमुना नदी में डूबकर मौत हो गई थी। रतन की मौत के बाद उसकी पत्नी मोनी ने गांव के ही रविंद्र पुत्र पाले राम से कोर्ट मैरिज कर ली थी। कोर्ट मैरिज के बाद से मोनी रविंद्र के साथ गांव में रह रही है।



इसी बात को लेकर रतन के परिवार के फाले सिंह और उनके परि. जनों की रविंद्र से रंजिश चल रही है।आरोप है कि मंगलवार देर शाम फाले सिंह के पुत्र ने रविंद्र के घर पर फायरिंग की थी। बुधवार को रविंद्र की पत्नी मोनी ने एसपी शामली से मिलकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत की थी। पीड़ित का आरोप है कि इसी शिकायत से नाराज होकर फालेराम के पुत्र जोगिंदर ने यूपी पुलिस में तैनात सुरेंद्र व बृजेश पुत्र रामकुमार तथा पंकज पुत्र रवि के साथ मिलकर खेत पर काम कर रहे रविंद्र को घेर लिया। चारों ने एक राय होकर रविंद्र पर फायरिंग कर दी। किसी तरह जान बचाकर रविंद्र गांव पहुंचा और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पुलिस ने गांव में पहुंचकर आरोपियों की तलाश में कांबिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। पीड़ित ने चारों आरो. पियों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि गांव इस्सौपुरटील में फायरिंग की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भभीसा की बेटी रितिका चौधरी ने जूनियर नेशनल कबड्डी में बढ़ाया क्षेत्र का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव भभीसा की होनहार कबड्डी खिलाड़ी रितिका चौधरी ने कोलकाता में आयोजित जूनियर नेशनल कबड्डी चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। रितिका के उत्कृष्ट खेल की बदौलत प्रदेश की टीम ने प्रतियोगिता में विजय हासिल की, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।प्रतियोगिता से लौटने पर किसान ढाबे पर क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने रितिका चौधरी का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।




इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार ने कहा कि क्षेत्र में कबड्डी की प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित प्रोत्साहन और सुविधाएं देने की है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी अपने समय में राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी रह चुके हैं और कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के सहयोग से सांसद निधि द्वारा गांव कनियान में चौधरी अजित सिंह कबड्डी इंडोर कोर्ट का निर्माण कराया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम रितिका चौधरी की इस उपलब्धि के रूप में सामने आया है। रितिका ने पूरे क्षेत्र का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन किया है।इस दौरान बिजेंद्र प्रधान, डॉ। साहब सिंह, सोमपाल सिंह, विनोद प्रधान,पप्पू पंवार,जय कुमार, रूपेश, यशपाल कोच, विनोद, जसवीर कपिल सहित आदि मौजूद रहे।

# तीन अवैध कालोनियों पर एमडीए का बुलडोजर गरजा, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मायापुर रोड व मोहल्ला रेतावाला क्षेत्र में बुधवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्धएमडीएऋ ने अवैध कॉलोनी माफियाओं के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए तीन अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अचानक और सख्त कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया, जबकि गैरकानूनी प्लॉटिंग करने वाले कॉलोनाइजरों और निर्माणकर्ताओं में हड़कंप की स्थिति बन गई। प्रशासन की इस कार्रवाई ने साफ संदेश दे दिया है कि अब बिना अनुमति के निर्माण और अवैध कॉलोनियों का खेल किसी भी कीमत पर नहीं चलने दिया जाएग।



दोपहर करीब एक बजे मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की टीम सहायक अभियंता भरत पाल सिंह तथा अवर अभियंता विनय कुमार गर्ग के नेतृत्व में तीन सदस्य टीम मौके पर पहुंची और बिना किसी देरी के बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी। टीम ने तीनों अवैध कॉलोनियों में की गई अवैध प्लॉटिंग, आंतरिक सड़कों और निर्माण कार्य को जमींदोज कर दिया, जो बिना ले-आउट स्वीकृति और नियमानुसार अनुमति के विकसित की जा रही थीं। अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में बताया कि संबंधित निर्माणकर्ताओं को पहले ही नोटिस देकर चेतावनी दी जा चुकी थी, इसके बावजूद नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। चेतावनी की अवहेलना पर बुधवार को निर्णायक कार्रवाई अमल में लाई गई। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। किसी भी तरह के विरोध, दबाव या अवरोध की संभावना को देखते हुए नायब तहस. ीलदार कैराना सतीश यादव, कानूनगो विनोद, लेखपाल अंकित व अभिजीत के साथ भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया और किसी को भी कार्रवाई में बाधा डालने की इजाजत नहीं दी गई। अधिकारियों के अनुसार अभियान पूरी सख्ती के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया।

एमडीए अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यह कार्रवाई सिर्फ शुरुआत है। अवैध कॉलोनियों, बिना नक्शा स्वीकृति के निर्माण और नियमों के विरुद्ध की जा रही प्लॉटिंग के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ न केवल ध्वस्तीकरण बल्कि कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। किसी भी स्तर पर अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं मिलेगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अधिकारियों ने आम नागरिकों को भी सख्त लहजे में आगाह किया कि किसी भी मकान या प्लॉट की खरीद से पहले संबंधित विकास प्राधिकरण से उसकी वैधता अनिवार्य रूप से जांच लें। अवैध कॉलोनियों में निवेश करना अपने पैसों को जोखिम में डालने के बराबर है, क्योंकि ऐसी संपत्तियों पर कभी भी बुलडोजर चल सकता है।

कार्रवाई के बाद क्षेत्र में दिनभर हलचल बनी रही। एक ओर अवैध निर्माण से जुड़े लोगों में खलबली मची रही, तो दूसरी ओर आम नागरिकों में यह भरोसा मजबूत हुआ कि अब शहर में गैरकानूनी निर्माण के खिलाफ प्रशासन आर-पार की लड़ाई के मूड में है।

## बीच में कार्रवाई छोड़कर चले गए लेखपाल

ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान एक गंभीर घटनाक्रम ने सभी का ध्यान खींचा। बताया गया कि मौके पर मौजूद लेखपाल अंकित व अभिजीत कार्रवाई के बीच में ही स्थल छोड़कर चले गए, जबकि नायब तहसीलदार कैराना सतीश यादव और कानूनगो विनोद मौके पर डटे रहे।

वरिष्ठ अधिकारियों को छोड़कर बीच कार्रवाई में चले जाना न केवल अनुशासनहीनता माना जा रहा है, बल्कि इसकी चौतरफा चर्चा भी हो रही है। सूत्रों के अनुसार, दोनों लेखपाल एमडीए द्वारा अवैध कॉलोनियों पर की जा रही सख्त कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थे और भूमि विवाद का हवाला देकर ध्वस्तीकरण रुकवाने का प्रयास कर रहे थे। जब विकास प्राधिकरण की टीम ने नियमों के तहत कार्रवाई से पीछे हटने से साफ इनकार कर दिया, तो कथित रूप से नाराज होकर दोनों लेखपाल कार्रवाई अधूरी छोड़कर मौके से चले गए। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और अब उच्च अधिकारियों से मामले की समीक्षा की चर्चा भी शुरू हो गई है।

## वर्षों तक किसके संरक्षण में चलती रही अवैध कालोनियां

**कैराना।** मायापुर रोड पर बुलडोजर चलने के बाद भले ही अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की सुर्खियां बनी हों, लेकिन इससे कहीं बड़ा सवाल यह है कि यह गैरकानूनी प्लॉटिंग वर्षों तक आखिर किसके संरक्षण में चलती रही? स्थानीय लोगों और जानकारों का साफ कहना है कि बिना विभागीय मिलीभगत के इतनी बड़ी अवैध कॉलोनियां खड़ी होना संभव ही नहीं है।

क्षेत्र में लंबे समय से अवैध प्लॉटिंग, आंतरिक सड़कों का निर्माण, खंभे लगाना और भूखंडों की खुलेआम बिक्री होती रही। बैनर, होर्डिंग, दलालों की गतिविधियां और मौके पर लगातार निर्माण यह सब विभाग की निगरानी व्यवस्था की अंधी आंखों के बिना कैसे चलता रहा? सवाल यह भी है कि जब नियमों के मुताबिक ले-आउट स्वीकृति, सड़क चौड़ाई, नाली-निकासी, पार्क और सुविधाओं की अनिवार्यता होती है, तब इन कॉलोनियों को किस आधार पर पनपने दिया गया? स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कई बार शिकायतें भी की गईं, लेकिन कार्रवाई या तो टलती रही या कागजी औपचारिकताओं में दबकर रह गई। यही कारण है कि कॉलोनाइजरों के हौसले इतने बुलंद थे कि नोटिस मिलने के बावजूद निर्माण जारी रखा गया। यह स्थिति सीधे-सीधे विभागीय लापरवाही या अंदरखाने संरक्षण की ओर इशारा करती है। सबसे चिंताजनक पहलू आम नागरिकों की ठगी है। बिना वैधता के प्लॉट बेचे गए, लोगों ने जीवनभर की कमाई लगाई और अब ध्वस्तीकरण की तलवार उनके सिर पर लटक रही है। यदि समय रहते विभाग सख्ती करता, तो न तो कॉलोनाइजरों को गैरकानूनी निर्माण का अवसर मिलता और न ही सैकड़ों परिवार अनिश्चितता में फंसते। कार्रवाई के बाद यह कहना कि ह्यह सिर्फ शुरुआत हैह्व पर्याप्त नहीं है। जनता जानना चाहती है। वर्षों तक अवैध निर्माण कैसे चलता रहा?

### किन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी?

क्या केवल बुलडोजर चलेगा या विभागीय स्तर पर भी जांच और दंड होगा? प्रशासनिक हलकों में अब इस बात की चर्चा है कि यदि इस पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष जांच हुई तो न केवल कॉलोनाइजर, बल्कि उन्हें परोक्ष या अपरोक्ष संरक्षण देने वाले अधिकारियों की भूमिका भी उजागर हो सकती है। सवाल यह नहीं कि बुलडोजर क्यों चला, सवाल यह है कि इतनी देर से क्यों चला। जनता की मांग साफ है अवैध कॉलोनियों के कारोबार पर सिर्फ दिखावटी कार्रवाई नहीं, बल्कि एमडीए के भीतर बैठे उन जिम्मेदारों की पहचान और कार्रवाई भी हो, जिनकी चुप्पी या मिलीभगत से यह काला धंधा फलता-फूलता रहा। तभी वास्तव में यह संदेश जाएगा कि कानून सबके लिए बराबर है।

## एक नजर

### ट्रांसफार्मरों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के उधम सिंह स्टेडियम रोड निवासी दर्जनों मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन कर विद्युत विभाग पर जांच कर रखे गए विद्युत ट्रांसफार्मरों को हटाने का आरोप लगाया है। उन्होंने सडक पर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर को न हटाने या वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है। बुधवार को शहर के उधम सिंह रोड निवासी दर्जनों मोहल्लेवासियों ने समा. जसेवी धर्मवीर निर्वाल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। धर्मवीर निर्वाल ने बताया कि करीब 6 माह पूर्व उन्होने विद्युत विभाग के स्टीमेंट का 15 प्रतिशत जमा कर अपने निजी खर्च से तीन ट्रांसफार्मर लगाए थे। जिसके लिए उन्होने अपने निजी जमीन को रास्ते के लिए छोडा है, लेकिन एक महिला द्वारा झूठी शिकायत कर उक्त ट्रासफार्मर को हटाने की मांग की कर रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पडेगा। उन्होने बताया कि आसपास करीब 50 परिवार रहते है और करीब 22 कनेक्शन भी उक्त ट्रांसफार्मर से हो चुके है। ऐसे में ट्रांसफार्मर हटाया जाना न्यायहित में नही है। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग ने पूरा सर्वे कर ट्रांसफार्मर को लगाया था। उन्होने डीएम से मामले की जांच कराकर ट्रांसफार्मर को न हटाए जाने की मांग की। इस अवसर पर धर्मवीर निर्वाल, प्रहलाद, प्रदीप शर्मा, काजल, संजो, मचला देवी, सचिन कुमार, राजबीर सिंह, नरेंद्र, शिक्षा देवी, अर्जुन सिंह, राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

### ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला पंसारियान निवासी गर्भवती महिला हीना ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए लगातार उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की कोशिश करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराए जाने की मांग की है। पीड़िता हीना पुत्री नौशाद ने बताया कि उसका निकाह 16 अक्टूबर 2022 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार शमीम पुत्र शाहबूदीन निवासी ग्राम गढ़ मिरखपुर थाना बहालगढ़ जिला सोनीपत हरियाणा के साथ हुआ था। शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य से अधिक दान-दहेज दिया, इसके बावजूद पति शमीम, सास शमीना, मामा नूरहसन उर्फ नूरा और नानी कस्तूरी आए दिन दहेज को लेकर ताने देते रहते थे। पीड़िता के अनुसार, वह वर्तमान में नौ माह की गर्भवती है, इसके बाद भी ससुराल पक्ष द्वारा उसके साथ लात-घूसों, डंडों और बेल्ट से बेरहमी से मारपीट की जाती रही। कई बार पंचायत भी कराई गई, लेकिन उक्त लोगों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। गत 11 जून 2025 की सुबह करीब 7:30 बजे पति शमीम ने बिना किसी कारण गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर अन्य परिजनों को बुलाकर पीड़िता की बुरी तरह पिटाई की गई। आरोप है कि सास ने उसके पेट में कई लातें मारीं और जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़िता ने बताया कि किसी तरह जान बचाकर वह मायके पहुंची। आरोप है कि अब भी पति द्वारा तलाक देने व शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। एसपी के आदेश पर महिला थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 'नॉ हेल्मेट नॉ फ्यूल' चलाया अभियान



**शामली।** No Helmet No Fuel अभियान के तहत जनपद शामली में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस शामली द्वारा व्यापक जन-जागरूकता के साथ-साथ नियम उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध सख्त प्रवर्तनात्मक अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक जनपद शामली एनपी सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आज 7.1.2026 को जनपद शामली में यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने, आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से No Helmet No Fuel अभियान के अंतर्गत व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं सख्त प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया गया। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न प्रमुख एवं व्यस्त स्थानों जैसे धीमानपुरा फाटक, शिव चौक, टिकैत तिराहा, अंजता चौक सहित अन्य मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस शामली द्वारा विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों, पेट्रोल पंप संचालकों, वाहन स्वामियों एवं आम नागरिकों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के पालन तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

# कृष्ण जन्म व देवकी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन

**झिंझाना।** कस्बे में आयोजित मद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया। कथावाचक द्वारिका प्रसाद ने भगवान कृष्ण के जन्म तथा माता देवकी के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण और विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण का अवतार अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ। कथा के दौरान द्वारिका प्रसाद ने देवकी और वसुदेव के जीवन से जुड़ी घटनाओं का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, संयम और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के बीच-बीच में प्रस्तुत भजनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन में सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे ध्यान और श्रद्धा के साथ कथा का श्रवण किया। श्रद्धालुओं ने कथा के माध्यम से आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। कथा के समापन पर विधिवत सामूहिक आरती की गई। इस दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और सभी श्रद्धालुओं के कल्याण की कामना की गई। आयोजन समिति के पदा. धिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।



# अभियुक्त को कोर्ट ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करते हुए एक मामले में एक अभियुक्त को माननीय न्यायालय ने सुनाई सजा व 5,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियुक्त रेजूद्दीन पुत्र मजीद निवासी ग्राम जहानपुरा थाना कैराना के विरुद्ध थाना कैराना पर अभियोग पंजीकृत हुआ था जिसके सम्बन्ध में न्यायालय में वाद सं0- 1027/2008 धारा 7/16 पीएफ एक्ट लंबित था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई, जिसके परिणामस्वरूप आज दिनांक 7.1. 2026 को न्यायालय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय उठने तक की सजा एवं 5,000/-रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 5 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

# जलभराव से ग्रामीण परेशान, नाला खुदाई को लेकर किसानों का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर लंबे समय से जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। सड़क पर जलभराव के चलते राहगीरों और बस्ती के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस्तीवासियों ने इस समस्या को लेकर विकासखंड अधिकारी से शिकायत कर समाधान की मांग की थीशिकायत के निस्तारण के लिए बुधवार को राजस्व व विकासखंड की टीम मौके पर पहुंची। टीम में कानूनगो धर्मवीर, लेखपाल मिंटू कुमार तथा विकासखंड सचिव अनुज तोमर जेसीबी मशीन के माध्यम से कच्चे नाले की खुदाई कराने पहुंचे।

इस दौरान किसानों ने नाला खुदाई का विरोध करते हुए कार्य रुकवा दिया और आपत्ति जताई।काफी देर तक चले विरोध के बाद विकासखंड अधिकारियों ने सख्ती दिखाई, जिसके पश्चात जेस. ीबी मशीन से नाले की खुदाई का कार्य शुरू कराया गया। अधिकारियों का कहना है कि नाला खुदाई से जल निकासी सुचारू होगी और सड़क पर जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।गौरतलब है कि देहात क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण कई सड़कों पर लगातार पानी भरा हुआ है। ग्राम प्रधान और विकासखंड स्तर पर ठोस इंतजाम न होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थाई समाधान की मांग की है।

# ऑपरेशन सवेराः नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प

**शामली।** पुलिस अधीक्षक जनपद शामली एनपी सिंह के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के प्रभावी मार्गदर्शन में जनपद शामली पुलिस द्वारा नशा-मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरह्व अभियान को निरंतर, व्यापक एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है ।




इसी क्रम में आज थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा कस्बा गढ़ीपुख्ता में आमजन के बीच पहुंचकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों को नशे से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। अभियान के प्रमुख एवं महत्वपूर्ण बिंदु व नशे के सेवन से उत्पन्न होने वाले मानसिक अवसाद, शारीरिक क्षति एवं सामा. जिक पतन के विषय में विस्तार से जागरूक किया गया व यह स्पष्ट किया गया कि नशा व्यक्ति के पारिवारिक जीवन, सामाजिक प्रतिष्ठा तथा उज्ज्वल भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है व आमजन को नशे के विरुद्ध समय रहते सही निर्णय लेने, आत्मसंयम बनाए रखने एवं सकारात्मक सोच अपनाने के महत्व से अवगत कराया गया व नशे की लत से ग्रसित व्यक्तियों के उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई व नशा तस्करी, अवैध मादक पदार्थों के कारोबार एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना निर्भीक होकर पुलिस को देने हेतु नागरिकों को प्रेरित किया गया व नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी नशे के विरुद्ध जागरूक करें। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। विशेष रूप से युवाओं से आ]वान किया गया कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाएं। जनपद शामली पुलिस का संकल्प है कि समाज के प्रत्एक वर्ग को नशा-मुक्ति के प्रति जागरूक कर एक सुरक्षित, स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण किया जाए। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु भविष्य में भी जनपद भर में इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रवर्तनात्मक अभियान निरंतर एवं प्रभावी रूप से संचालित किए जाते रहेंगे।

# जिला जज ने किया भवनों का निरीक्षण

**ऊन।** तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना के लिए बुधवार को जिला जज द्वारा प्रस्तावित भवनो का निरीक्षण किया तथा भवनो में आवश्यक कार्य करने हेतु पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए ।तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर लंबे समय से अधिवक्ता आंदोलन कर रहे थे सोमवार को जिला जज इंदरप्रीत सिंह जोश ने एक टीम प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए भवनों के निरीक्षण करने हेतु भेजी थी इसके बाद बुधवार को जिला जज इन्द्र प्रीत सिंह जोश ने तहसील कार्यालय पहुंचकर अस्थाई ग्राम न्यायालय के संचालन हेतु प्रस्तावित भवनो का निरीक्षण किया उनके साथ पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी मौके पर आए थे उन्हें भवनो मे आवश्यक कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिए ताकि ग्राम न्यायालय के संचालन में कोई परेशानी न आए उन्होंने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि शीघ्र तहसील में अस्थाई ग्राम न्यायालय शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार ललिता चौधरी बार संघ के महासचिव सोनू कल्याण अनुज वशिष्ठ सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



# एक माह से लापता पुत्र की बरामदगी को पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिले परिजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह को पत्र देते हुए कहा कि एक माह पूर्व मेरे बेटे को कुछ युवक कार में बिठाकर ले गए थे। जिसकी तहरीर भी पुलिस को दी गई थी, लेकिन आज तक उसका कोई सुराग नहीं लगा।

क्षेत्र के राज्जुपुर गांव निवासी इस्लाम ग्रामीणों के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिलने पहुंचे इस्लाम ने बताया कि छह दिसंबर को कुछ युवक बेटे भूरा को कार में बिठाकर अपने साथ ले गए थे। लेकिन उसका बाद उसका कोई सुराग नहीं लगा। 17 दिसंबर को उन्होंने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी निकलवा कर दी थी।

इसमें कार का नंबर भी साफ दिखाई दे रहा है। आरोप है कि उसके बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई



कार्रवाई नहीं की। इस्लाम का कहना है कि काफी समय गुजर गया, जिसके कारण उसे किसी अनहोनी का डर सता रहा है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में है, पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## कार सवार पर युवक ने चलाई गोली, तहरीर दी

**देवबन्द।** बडगांव थानाक्षेत्र के बढेड़ी मजबता गांव निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक जनवरी को वह अपने साथी गौतम को कार में बैठाकर उसके गांव कुलसत छोडने जा रहा था। इस दौरान गांव के बाहर नहर के निकट कुलसत गांव निवासी एक युवक उनकी कार के पास आकर रूका। जब उसने शीशा नीचे किया तो उक्त युवक ने तमंचे से उस पर फायर किया। गोली उसके हाथ के पास से छूकर निकल गई और वह बच गया। बाद में आरोपित युवक फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# नूनाबड़ी में पुल निर्माण की मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. पूरण सिंह के नेतृत्व में नूनाबड़ी के ग्रामीण उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। संगठन से जुड़े किसानों और ग्रामीणों ने नूनाबड़ी में पुल निर्माण की पुरजोर मांग रखी और निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

संगठन के राष्ट्रीय ठा. पूरण सिंह ने कहा कि नूनाबड़ी के ग्रामीण लंबे समय से गांव को जोडने वाले पुल के निर्माण की मांग करते आ रहे है। लेकिन आज तक ग्रामीणों की यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। सिंचाई विभाग कोई न कोई बहाना कर टाल मटोल कर देता है। संगठन के धरना प्रदर्शन के बीच एसडीएम युवराज सिंह ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया, लेकिन वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए, जिस पर संगठन के





पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। नूनाबड़ी के ग्रामीणों ने बताया कि 75 वर्ष से लगातार वह गांव को जोडने वाले पुल की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। गांव में शादियां या अन्य कार्यक्रम होते हैं तो लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। चेताया कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती है तो उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। एसडीएम युवराज सिंह ने किसानों व ग्रामीणों को बताया कि जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के बीच इसे लेकर वार्ता जारी है, समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इसके बाद संगठन की ओर से धरना समाप्त किया गया।

# दून वैली में हुई ब्लैसिंग सेरेमनी, जूनियर्स ने सीनियर्स को दी विदाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** दून वैली स्कूल में ब्लैसिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें जूनियर छात्रों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को विदाई दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं को विभिन्न टाइटल से नवाजा गया।

कार्यक्रम में कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सीनियर्स ने स्कूल में बिताए समय को सभी के साथ साझा किया। उत्कर्ष बंसल मिस्टर दून वैली और नंदिनी मिस दून वैली चुनी गई। इनके अलावा कीर्ति को प्रिंसिपल्स पर्ल, हर्ष बब्बर को मिस्टर फेयरवेल, अविका को मिस फेयरवेल, देव व अनन्या अरोड़ा को स्पोर्ट्स चौंपियन, अभिषेक को फिटनेस फ्रीक, भारती को साइंस प्रोडिजी, खुशी को फ्यूचर सीए, मेघना को डिबेट डायनामो, सुदीपा को डांसिंग दीवा, अंशिका को द विजनरी, वासु गाबा को मिस्टर म्यूजिशियन, आयुष्मान पुंडीर को मिस्टर शार्प शूटर, सारा को वर्सेटाइल स्टार, अक्षिता त्यागी अकेडमिक ऐस, विशाल को फ्यूचर लीडर व वजाहत को सेल्फलेस सपोर्टर के रूप मे सैश पहनाकर सम्मानित किया



गया। प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा अपने कृतित्व से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान उप-प्रधानाचार्या तनुज कपिल व हरदीप सिंह, क्वालिटी हेड एनडी शर्मा, अर्चना शर्मा आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# सर्दी से बचाव को मदरसा छात्रों को बांटे कंबल और जर्सियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ठंड से बचने के लिए शफीक-उल-उम्मत वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में कंबल जर्सियां बांटी गई। कहा कि ठंड का मौसम गरीबों और कमजोरों के लिए तकलीफ देने वाला होता है, ऐसे में सामाजिक संगठनों को आगे आकर जरुरतमंदों की मदद करनी चाहिए।

दारुल उलूम जकरिया में मदरसा छात्रों को ठंड से बचने के लिए शफीक-उल-उम्मत वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से कंबल जर्सियां बांटी गई। इस दौरान छात्रों से मेहनत ओर लगन से तालीम हासिल करने की नसीहत की। संस्था के मोहतमिम ओर ट्रस्ट अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शरीफ खान कासमी ने बताया कि सर्दी से बचाव के लिए गरीब छात्रों को कंबल और जर्सियों का वितरण किया गया।




उन्होंने कहा कि ठंड का मौसम गरीबों और कमजोरों के लिए तकलीफ देने वाला होता है, ऐसे में सामाजिक संगठनों को आगे आकर जरुरतमंदों की मदद करनी चाहिए। इस मौके पर मुफ्ती शफीउल्लाह खान, कारी सलमान, कारी मंजूर हसन, मौलाना मशहूद खान और काजी तारिक आदि मौजूद रहे।

# मो. असगर के इंतकाल पर यूपी स्टेट मोमिन कांफ्रेस की शोकसभा में जताया शोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** तीस हजारी कोर्ट दिल्ली के सीनियर अधिवक्ता देवबंद निवासी मो. नासिर के पिता रिटायर्ड कानूनगो मो. असगर के इंतकाल पर यूपी स्टेट मोमिन कांफ्रेस की शोकसभा में शोक जताया गया।

कार्यालय पर आयोजित शोकसभा में महासचिव मो. नसीम अंसारी ने दुख जताते हुए कहा कि मो. असगर बेहद शांत स्वभाव, ईमानदार और धार्मिक कार्यों के पाबंद थे, उन्होंने अपनी जिंदगी में अनगिनत गरीब और बेसहारा लोगों की मद्द की। उनके दुनिया से रुखसत होने से साामजिक क्षेत्र को बड़ी क्षति पहुंची है। जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकेगी। इस मौके पर मुमताज मलिक, आरिफ अंसारी, सईद हसन, डॉ. शब्बीर करीमी, सरफराज करीमी, रिजवान कासमी, तहसील खां, अब्दुल हादी खां, रिजवानुलहक सिद्दीकी, दिलशाद अली, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा, वीरेंद्रपाल सिंह, सचिव राकेश कुमार आर्य, ठा. रामप्रताप सिंह, तौसीफ, शादाब, मो. आकिल आदि ने मो. असगर के इंतकाल पर गहरा दुख जताते हुए परिवार के प्रति शोक संदवेदना प्रकट की।

## बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नागल थाना क्षेत्र के डिगोली गांव निवासी आदिल और वसी आलम बुधवार दोपहर बाइक से देवबंद आ रहे थे। इस दौरान तल्हेड़ी बुजुर्ग में स्टेट हाइवे पर साखन नहर के समीप एक अन्य बाइक से उनकी बाइक की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें आदिल और वसी समेत दूसरी बाइक पर सवार पवन घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# दारुल उलूम में मोहतमिम ने छात्रों को पढ़ाया बुखारी शरीफ का अंतिम पाठ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** विश्वविख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम में खत्म बुखारी शरीफ का आयोजन हुआ। जिसमें संस्था के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने छात्रों को बुखारी शरीफ का अंतिम पाठ पढ़ाया। इस दौरान उलमा ने छात्रों को तालीम की रोशनी को दूर-दूर तक फैलाने की नसीहत की।

दारुल उलूम की लाइब्रेरी में स्थित हाल में मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने छात्रों को बुखारी शरीफ का अंतिम पाठ पढ़ाने के दौरान कहा कि हजरत इमाम बुखारी ने अपनी पूरी जिंदगी हदीस की हिफाजत में लगा दी। छात्रों को भी चाहिए कि वह उनके नक्शे कदम पर चलें।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान दौर में छात्रों को बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। क्योंकि यहां से निकल अब उनकी जिम्मेदारियां ओर अधिक बढ़ गई है। शिक्षा के साथ साथ वह अपने व्यवहार से इस्लाम की सही तस्वीर दुनिया के सामने रखें। अंत में उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य, मुल्क में अमनो अमान और आपसी सौहार्द के लिए दुआ कराई। इस दौरान काफी संख्या में मदरसा छात्र शामिल रहे।

# गुरु ब्रह्मानंद गौ सेवा ट्रस्ट के युवाओं ने की गौसेवा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री गुरु ब्रह्मानंद गौ सेवा ट्रस्ट से जुड़े युवाओं ने देवीकुंड रोड स्थित श्रीकृष्ण गौशाला पहुंच गौसेवा की। उन्होंने सभी से गौसेवा करने का आह्वान किया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष हिमांशु भारद्वाज ने बताया कि गौ माताओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था के साथ ही युवाओं द्वारा श्रमदान के माध्यम से सेवा प्रदान की गई है। कहा कि गौ सेवा सनातन संस्कृति के उस मूल भाव को जीवित रखता है जहां गौमाता को परिवार का अंग मानकर उनकी सेवा को धर्म समझा जाता है। करण सैनी ने कहा कि श्री गुरु ब्रह्मानंद महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से ट्रस्ट का प्रत्येक सेवक इस पवित्र दायित्व को निष्ठा के साथ निभा रहा है। समाज



को गौसेवा के इस महायज्ञ में सहयोग एवं सहभागिता निभानी चाहिए। इस मौके पर देव सैनी, लक्ष्य शर्मा समेत ट्रस्ट के पदाधिकारी शामिल रहे।

# चाचा के साथ खेत पर गई मासूम की मौत

## जंगली जानवर के हमले की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** शिवाला कला थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां तीन वर्षीय बच्ची हिमानी की जंगली जानवर के हमले में मौत हो गई। बच्ची अपने चाचा के साथ खेत पर गई थी, जहां से वह खेलते-खेलते पास के मछली तालाबों की ओर निकल गई। इन तालाबों के आसपास शिकारी कुत्ते और जंगली जानवर घूमते रहते हैं।

शाम को जब बच्ची के चाचा घर लौटे, तो उन्हें लगा कि हिमानी घर पहुंच चुकी होगी। हालांकि, घर पर बच्ची के न मिलने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी जब हिमानी का



पता नहीं चला, तो परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही शिवाला कला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी रात बच्ची की तलाश की गई।

अगली सुबह करीब 8:30 बजे गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर एक गेहूं के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। शव की स्थिति देखकर



ऐसा प्रतीत होता है कि उसे जंगली जानवरों ने अपना शिकार बनाया है।

घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह और थाना प्रभारी शिवाला कला लखपत सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक हिमानी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। इस घटना के बाद से परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

# नगर पालिका ने की पुस्तकालय की स्थापना

## समाचार-पत्र और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** नगर पालिका परिषद परिसर में स्थापित सार्वजनिक पुस्तकालय विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा आम नागरिकों के अध्ययन हेतु आमनज के लिए खोल दिया गया है, जिससे नगर क्षेत्र में शैक्षिक वातावरण को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

पुस्तकालय की देखरेख की जिम्मेदारी निभा रहे पालिका कर्मचारी रोबिन गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी रोबिन गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका परिसर में सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को प्रोत्साहन देना और युवाओं को सकारात्मक एवं रचनात्मक दिशा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय खुलने से विद्यार्थियों को शांत वातावरण में अध्ययन करने की सुविधा मिलने के साथ-साथ उनकी शैक्षणिक क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही दैनिक समाचार पत्र, सामान्य ज्ञान, प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें तथा अन्य आवश्यक संदर्भ सामग्री भी रखी गई है, ताकि छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिक भी इसका लाभ उठा सकें। नगर पालिका प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था की गई है कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति नगर पालिका कार्यालय की निर्धारित कार्य अवधि के दौरान पुस्तकालय में आकर अध्ययन कर सकता है। वर्तमान में पुस्तकालय में लगभग 200 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं। पालिका प्रशासन ने आने वाले समय में पुस्तकों की संख्या बढ़ाने तथा आवश्यक सुविधाओं में और सुधार किए जाने का भी आश्वासन दिया है। नगर के अभिभावकों ने नगर पालिका द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय का संचालन नगर के युवाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# एक्सपेंशन जॉइंट ठीक कराने को लिखा पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश सेतु निगम ने रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज की मरम्मत के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुख्य प्रबंधक को पत्र लिखा है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया गया था कि नगर पंचायत जलालाबाद स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 119 और रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 पर पूर्व में करोड़ों रुपए की लागत से फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण यूपी सेतु निगम द्वारा कराया गया था और वर्तमान में पुल के एक्सपेंशन जॉइंट तथा अन्य जगहों पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे आम जनमानस का जीवन खतरे में है और जब इस संबंध में पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग और



उत्तर प्रदेश सेतु निगम में को अवगत कराया गया तो यह तय नहीं हो पा रहा है कि उक्त फ्लाईओवर ब्रिज किसके अधिकार क्षेत्र में है राष्ट्रीय राजमार्ग का कहना है कि उक्त ब्रिज हमें अभी तक स्थानांतरित नहीं हुआ है और दोनों विभागों की लड़ाई में आम जनमानस पिस रहा है। उधर उक्त शिकायत के संबंध मे उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक शशिकांत ने रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज की मरम्मत के लिए देहरादून स्थित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुख्य प्रबंधक को पत्र लिखा है, जिसमें उप परियोजना प्रबंधक ने कहा कि उक्त फ्लाईओवर ब्रिज पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतरित किया जा चुका है। इस संबंध में समस्त दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।

इस संबंध में उप परियोजना प्रबंधक ने अपनी आख्या रिपोर्ट की छाया प्रति शासन और आरटीआई कार्यकर्ता को भी भेजी है।

# रिटायर्ड शिक्षक से धोखाधड़ी के दो आरोपी पुलिस ने दबोचे

**नहटौर।** एक रिटायर्ड शिक्षक व उनकी पत्नी को झांसे में लेकर 10000 रुपए की नगदी व सोने के कानों के कुंडल लेकर फरार होने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उनका इसी तरह की एक अन्य वारदात में भी शामिल होना पाया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम टपरोला निवासी रिटायर्ड शिक्षक उदल सिंह अपनी पत्नी उर्मिला के साथ सोमवार को नहटौर के पंजाब नेशनल बैंक में पैसे लेने के लिए आए थे। जब वह पैसे निकाल कर बाहर आए तो एक व्यक्ति ने आकर उनसे कहा कि तुम्हारे एक रिश्तेदार ने नूरपुर रोड पर एक्सीडेंट कर दिया है। वह उदल सिंह को ई रिक्शा में बैठाकर नूरपुर रोड की ओर चल दिया और रास्ते में ई रिक्शा से उतर गया। ई रिक्शा से उतरने के बाद वह एजेंसी चौराहे पर आया, जहां उर्मिला देवी खड़ी हुई थी। उर्मिला देवी को बाजार में ले गया और रिश्तेदार के एक्सीडेंट करने की बात कहते हुए फैसले में पैसा देने के लिए झांसे में ले लिया और उनसे 10000 रुपए की नगदी व कानों से सोने के कुंडल निकाल लिए और चकमा देकर फरार हो गया। नूरपुर रोड पर उदल सिंह को कोई नहीं मिला तो वह एजेंसी चौराहे पर आए। दंपति को ठगी का एहसास हुआ। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। बुधवार को पुलिस ने गांगन पुल के पास से नहटौर क्षेत्र के ग्राम बूढ़पुर के दिलशाद पुत्र शकूर और नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी अहसान पुत्र जाबुद्दीन को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान कराई गई।

# किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**हल्दौर।** नगर स्थित ब्लॉक कार्यालय के सभागार कक्ष में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय किसानों से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके त्वरित समाधान की मांग उठाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह, बिजनौर तहसील ने कहा कि चीनी मिल द्वारा किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन की निर्धारित अवधि में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही क्षेत्र में संरक्षित पशुओं एवं बंदरों से किसानों को हो रहे नुकसान से निजात दिलाने, मिल द्वारा किसानों को मैली उपलब्ध कराने, फसलों की सिंचाई हेतु प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे विद्युत आपूर्ति चालू रखने तथा फुंके ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलवाने की मांग रखी। बैठक के उपरांत मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी कुणाल रस्तोगी को किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। बीडीओ ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# माता सीता के जन्म का प्रसंग सुनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** श्री चामुंडा देवी मंदिर प्रांगण में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा बह रही है। कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास सुदर्शन जी महाराज ने भगवान विष्णु के रामावतार के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब प्रभु अवतार लेते हैं। जैसे ही कथा में 'भय प्रकट कृपाला, दीनदयाला' का प्रसंग आया, श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। महाराज जी ने बताया कि राम का जन्म केवल एक राजा का जन्म नहीं, बल्कि मर्यादा और आदर्शों की स्थापना का पर्व है। महाराज जी ने श्रीराम जन्म के साथ ही मिथिला नगरी में माता सीता के प्राकट्य प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन किया।

# बीसीबी ने सभी दावों को खारिज किया

## कहाः आईसीसी भारत में विश्व कप खेलने को लेकर चिंताओं पर बात करने के लिए तैयार

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि आईसीसी ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी पुरुष टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की पूर्ण और बिना किसी रुकावट के भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड के साथ इस मसले पर करीब से काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

बीती शाम सुरक्षा कारणों से टी-20 विश्व कप में बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने के मसले पर बीसीबी की आईसीसी के साथ हुई वर्चुअल बैठक के बाद क्रिकेट बोर्ड ने अपना बयान जारी किया है। हालांकि बयान में यह नहीं बताया गया है कि बंगलादेश भारत में खेलेगा या नहीं। बीसीबी के बयान में कहा गया है कि बोर्ड ने आगामी विश्व कप के मद्देनजर भारत में बंगलादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर जो चिंता व्यक्त की थी और साथ ही बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने का जो आग्रह किया था उसके जवाब में आईसीसी की ओर से प्रतिक्रिया मिली है। अपने संदेश में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बिना किसी रुकावट के बांग्लादेश की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आईसीसी ने बोर्ड के साथ इस मसले पर क़रीब से काम करने की इच्छा व्यक्त की है और इस बात का आश्वासन दिया है कि सुरक्षा से संबंधी बोर्ड के सुझावों का स्वागत किया जाएगा और इवेंट से संबंधित विस्तृत सुरक्षा योजना बनाते समय पर इन पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बताया था कि मंगलवार की बैठक में आईसीसी ने बंगलादेश के मुक़ाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने के आग्रह को अस्वीकार दिया था और यह कहा था कि अगर बंगलादेश भारत में अपने मुक़ाबले नहीं खेलेगा तो उन्हें अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। आगामी टी-20 विश्व कप में बंगलादेश ग्रुप सी में है और उन्हें अपने पहले तीन मुक़ाबले कोलकाता में खेलने हैं। उन्हें 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड के खलिाफ खेलना है जबकि 17 फरवरी को उन्हें मुंबई में नेपाल के खलिाफ मुक़ाबला खेलना है। हालांकि बीसीबी ने ऐसी किसी भी चेतावनी मिलने से इनकार किया। बीसीबी ने कहा कि मीडिया में प्रकाशित कुछ रिपोर्ट्स का भी बीसीबी ने संज्ञान लिया है जिसमें यह बताया गया है कि बोर्ड को आईसीसी से अल्टीमेटम मिला है। बीसीबी यह स्पष्ट करना चाहता है कि यह दावे पूरी तरह से निराधार हैं और यह आईसीसी द्वारा मिले संदेश से मेल नहीं खाते हैं।

### भारतीय प्रेजेंटर बीपीएल पैनल से हटी

**ढाका, वार्ता।** भारतीय स्पोर्ट्स प्रेजेंटर रिद्धिमा पाठक ने बुधवार को उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि उन्हें बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के प्रेजेंटेशन पैनल से 'हटा दिया गया' है। उन्होंने साफ किया कि टूर्नामेंट से हटने का फैसला उनका अपना था।

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किए गए एक बयान में, पाठक ने कहा कि बीपीएल से उन्हें हटाए जाने के बारे में एक 'झूठी कहानी' फैलाई जा रही है। उन्होंने लिखा कि यह सच नहीं है। मैंने खुद बाहर होने का फैसला किया। मेरे लिए, मेरा देश हमेशा सबसे पहले आता है, उन्होंने आगे कहा कि वह क्रिकेट के खेल को 'किसी भी एक असाइनमेंट से कहीं ज्यादा' महत्व देती हैं। पाठक ने आगे कहा कि वह इस मामले पर और कोई टिप्पणी नहीं करेंगी। यह सफाई बंगलादेश में मीडिया रिपोर्ट्स के बीच आई है, जिसमें कहा गया था कि टूर्नामेंट के ढाका लेग से पहले पाठक को बीपीएल प्रेजेंटेशन टीम से हटा दिया गया था। बंगलादेश के स्थानीय मीडिया ने बताया कि उन्हें ढाका में मैचों की मेजबानी करनी थी, लेकिन देश जाने से पहले ही उन्हें पैनल से हटा दिया गया। बीपीएल का मौजूदा एडिशन पहले ही शुरू हो चुका है, जिसका पहला लेग सिलहट में हुआ।

# पीवी सिंधु सात्विक-चिराग की विजयी शुरुआत

**कुआलालम्पुर, वार्ता।** चार महीने की चोट के बाद वापसी कर रही पीवी सिंधु ने मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला सिगल्स के पहले राउंड का मैच चीनी ताइपे की कम रैंकिग वाली सुंग शुओ युन के खिलाफ 21-13, 22-20 से जीता।

यह मैच 51 मिनट तक चला। सिंधु को मैच में जमने में समय लगा, पहले गेम में वह 1-6 से पीछे थीं क्योंकि उन्हें अपनी लय खोजने और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मुश्किल हो रही थी। हालांकि, एक बार जब उन्हें अपनी रेंज मिल गई, तो स्मैश और पंच क्लियर शॉट लगने लगे। 1-6 से पीछे होने के बाद, सिंधु ने बढ़त बनाते हुए 11-9 की बढ़त ले ली, और मिड-गेम इंटरवल में दो अंकों की बढ़त बना ली। उस बिदु के बाद सिंधु ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, क्योंकि सिंधु ने रैलियों पर हावी होना शुरू कर दिया और सुंग को कोई वास्तविक नियंत्रण नहीं दिया। दुनिया में 31वें नम्बर की चीनी ताइपे की शटलर को रैलियों को फ्लैट रखने में मुश्किल हो रही थी - एक ऐसा तरीका जिससे वह प्रतिस्पर्धी बनी रह सकती थीं और उन पर आने वाले आक्रामक शॉट्स की बौछार से बच सकती थीं। आखिरकार सुंग को सिंधु की कमजोरियों का पता चलने लगा, हालांकि जितनी देर में उन्हें पता चला, वह शायद उन्हें पसंद नहीं आया होगा। जब सिंधु दूसरे गेम में 14-9 से आगे थीं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### डी मिनौर व हंटर ने ऑस्ट्रेलिया को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

**सिडनी, वार्ता।** एलेक्स डी मिनौर ने मंगलवार रात सिडनी में यूनाइटेड कप में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने डबल ड्यूटी करके ऑस्ट्रेलिया को चेकिया को हराकर क्वार्टर-फाइनल में पहुंचाया। बारबोरा क्रेजसिकोवा ने माया जॉइंट को सीधे सेटों में हराने के बाद, ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर क्वालिफाई करने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लेकिन 26 साल के डी मिनौर ने केन रोजवॉल एरिना के जोशीले माहौल का फायदा उठाते हुए जैकब मेंसिक को 6-4, 6-1 से हराया और फिर स्टॉर्म हंटर के साथ मिलकर मिरियम स्कोच और डालिबोर स्वर्सिना को 6-2, 6-3 से हराकर ग्रुप डी में 2-1 से जीत पक्की की। क्रेजसिकोवा की जीत के साथ, चेकिया भी सिडनी में बेस्ट रनर-अप के तौर पर क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गया। मेनसिक ने दूसरे सेट की शुरुआत में डी मिनौर के खिलाफ कुछ अच्छे पल दिखाए, जिसमें एक जोरदार फ्रंट-फेसिग ट्वीनर वॉली भी शामिल थी, जिसे एक धमाक. दार फर्स्ट सर्व से सेट किया गया था। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी लगातार कोशिश करते रहे, उन्होंने अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए और लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में चेक खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया।

#### रेसलिंग लीग ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ आधिकारिक प्रसारण साझेदारी की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की प्रमुख पेशेवर कुश्ती प्रतियोगिता पीडब्ल्यूएल के पांचवें सत्र ने 2026 सीजन के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क को अपना आधिकारिक प्रसारण भागीदार घोषित किया है। सात वर्षों के अंतराल के बाद जनवरी 2026 में पीडब्ल्यूएल की वापसी हो रही है, जिसे एक नए विजन, मजबूत एथलीट-फर्स्ट सिद्धांतों और वैश्विक दर्शकों के सामने उत्कृष्ट कुश्ती प्रतिभा को प्रदर्शित करने की नवीकृत प्रतिबद्धता के साथ पुनर्कल्पित किया गया है। प्रसारण समझौते के तहत, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 और टेन 5 टीवी चैनलों के माध्यम से भारत भर के घरों तक पीडब्ल्यूएल के सभी मुकाबलों का लाइव प्रसारण करेगा। इसके साथ ही, सोनी के ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर भी कवरेज उपलब्ध होगी, पीडब्ल्यूएल 2026 सीजन में छह शहर-आधारित फ्रेंचाइजी टीमें, दिल्ली दंगल वॉरियर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, हरियाणा थंडर्स, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी और यूपी डॉमिनेटर्स, एक गतिशील और प्रतिस्पर्धी प्रारूप में मुकाबला करेंगी, जिसका उद्देश्य खेल की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाना और प्रशंसकों के लिए रोमांचक अनुभव प्रदान करना है।

# पहले राउंड में लक्ष्य-आयुष का आमना-सामना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को घरेलू मैदान पर एक मुश्किल ड्रॉ मिला है। 2022 के चैंपियन लक्ष्य सेन का मुकाबला उभरते हुए आयुष शेट्टी से होगा, जबकि पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु का सामना वियतनाम की थुई लिन्ह गुएन से होगा। योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट 13-18 जनवरी तक यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा।

वर्ल्ड टूर के सबसे मशहूर टूर्नामेंट में से एक, इंडिया ओपन, केडी जाधव इंडोर स्टेडियम से इंदिरा गांधी स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के अंदर एक बहुत बड़े मल्टी-पर्पस हॉल में शिफ्ट हो रहा है। खिलाड़ियों को कंडीशन को समझने और परखने का भी मौका मिलेगा क्योंकि यह इस साल अगस्त में होने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप का वेन्यू भी होगा। और अगर भारतीय टीम को उम्मीद थी कि ओपनिग राउंड थोड़ा आसान होगा, तो साफ है कि उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हुई। भारतीय नजरिए से, लक्ष्य का सामना पूर्व वर्ल्ड जूनियर ब्रॉन्ज मेडलिस्ट आयुष शेट्टी से होगा, इसका मतलब है कि मुकाबले में मौजूद चार भारतीय मेन्स सिगल्स में से सिर्फ तीन को ही दूसरे राउंड में जगह बनाने का मौका मिलेगा। और जो भी इस ऑल-इंडियन मुकाबले में आगे बढ़ता है, उसका सामना चौथी सीड चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन या जापान के केंटा निशिमोटो से हो सकता है। दूसरे भारतीय सिगल्स खिलाड़ियों में, पूर्व वर्ल्ड नम्बर 1 किदांबी श्रीकांत का मुकाबला 2024 ताइपे की थॉमस कप ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम के सदस्य और वर्ल्ड नम्बर 12 लिन चुन-ई से होगा, और दूसरे राउंड में उनका मुकाबला क्रिस्टो पोपोव से हो सकता है, जिन्होंने पिछले महीने वर्ल्ड टूर फाइनल्स मेन्स सिगल्स का खिताब जीतने वाला पहला फ्रांसीसी खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन के हटने के बाद मेन ड्रॉ में आए एच एस प्रणय अपने अभियान की शुरुआत हांगकांग के पिछले एडिशन के फाइनलिस्ट ली चेउक यियू के खिलाफ करेंगे। महिला सिगल्स में, पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु का मुकाबला गुएन से होगा, जिनके खिलाफ भारतीय खिलाड़ी अपने पिछले दोनों मुकाबले हार गई थीं। दुनिया में 22वीं रैंक वाली गुएन पिछले साल सर्किट पर सबसे बेहतर खिलाड़ियों में से एक हैं।

# वैभव व एरोन के तूफानी शतक भारत अंडर-19 टीम ने बनाए 393/7

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका।** वैभव सूर्यवंशी (127) और एरोन जॉर्ज (118) शानदार शतकीय पारियों और उनके बीच 227 रनों की ओपनिग साझेदारी के दम पर भारतीय अंडर-19टीम ने बुधवार को तीसरे यूथ वनडे में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 394 रनों का लक्ष्य दिया। यहां दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और एरोन जॉर्ज की भारतीय सलामी जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 227 रन जोड़े। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वैभव ने सातवां ओवर कर रहे माइकल क्रुइस्काम्प की पहली चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाए और इसके बाद एक रन लेकर इस ओवर में कुल 21 रन जोड़े। वैभव ने 63 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए आठ छक्के और छह चौके लगाए। 27वें ओवर में एन सोनी





ने वैभव सूर्यवंशी को आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 74 गेंदों में 10 छक्के और नौ चौके लगाते हुए 127 रनों की पारी खेली। इसी दौरान एरोन ने अपना शतक पूरा किया। 35वें ओवर में माइकल क्रुइस्काम्प ने वेदांत त्रिवेदी (34) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुल कर नहीं खेल सके और विकेट गंवाते रहे। हरवंश पंगालिया (दो) रनआउट हुए। अभिज्ञान कुंडु (21), कनिष्क चौहान (10) और अमब्रिश आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन मोहम्मद एनान (नाबाद 28) और हेनिल पटेल (नाबाद 19) ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरते हुए भारत को निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 393 रनों का विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए एन सोनी ने तीन विकेट लिए।

# नेपाल के टी-20 विश्व कप दल में शेर मल्ला शामिल, पॉडेल करेंगे कप्तानी

**काठमांडू, वार्ता।** नेपाल के टी-20 विश्व कप दल में ऑफ स्पिनर शेर मल्ला को शामिल किया गया है और उन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम का बुलावा आया है। नेपाल ने अपने दल में ऑलराउंडर बासिर अहमद को शामिल किया है जबकि पिछले साल अक्तूबर में टी-20 विश्व कप क्वालिफायर में टीम का हिस्सा रहे कुशल मल्ला को विश्व कप दल में जगह नहीं मिली है।



शीर्ष क्रम बल्लेबाज रोहित पॉडेल टी-20 विश्व कप में टीम की अगुवाई करेंगे जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी टीम के उपकप्तान होंगे। मल्ला को नेपाल प्रीमियर लीग में उनके प्रदर्शन का इनाम मिला है जहां उन्होंने 17 विकेट हासिल किए थे और वह टूर्नामेंट में संयुक्त तौर पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। शेर मल्ला ने 17 विकेट 10 मुक़ाबलों में 6.50 की किफायती इकॉनमी से हासिल किए थे। उन्होंने लुंबिनी लायंस को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी जबकि इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता था। नेपाल के दल में मजबूत शीर्ष क्रम बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों का संयोजन है। नेपाल की गेंदबाजी लेग स्पिनर संदीप लैमिछाने के इर्द गिर्द रहेगी और ललिच राजबंशी, मल्ला और ऐरी स्पिन विभाग में उनके सहयोगी की भूमिका अदा करते नजर आएंगे। करण केसी तेज गें. दबाजी विभाग की अगुवाई करते नजर आएंगे और उन्हें नंदन यादव, सोमपाल कामी और ऑलराउंडर गुलशन झा का साथ मिलेगा। 23 वर्षीय पॉडेल बल्लेबाजी इकाई की अगुवाई करते नजर आएंगे जबकि उन्हें शीर्ष क्रम में आक्रामक कुशल भुर्तेल और आसिफ शेख का सहयोग मिलेगा। वहीं निचले क्रम में फर्निशिग टच देने के लिए झा और ऐरी मौजूद होंगे। नेपाल ने 2024 टी-20 विश्व कप में चार मुक़ाबले खेले थे लेकिन उन्हें एक भी मुक़ाबले में जीत हासिल नहीं हुई थी।

हालांकि उन्होंने बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका के खलिाफ करीबी मुक़ाबला खेला था। नेपाल का विश्व कप अभियान 8 फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खलिाफ शुरू होगा। यहीं उन्हें अपने चारों ग्रुप मुक़ाबले खेलने हैं। टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल का दल रोहित पॉडेल (कप्तान), दीपेंद्र सिंह ऐरी (उपकप्तान), संदीप लैमिछाने, कुशल भुर्तेल, आसिफ शेख, संदीप जोरा, आरिफ शेख, बासिर अहमद, सोमपाल कामी, करण केसी, नंदन यादव, गुलशन झा, ललित राजबंशी, शेर मल्ला, लो. केश बाम

# आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप 2026 क्वालीफायर का शेड्यूल कन्फर्म

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप क्वालीफायर 2026 के पूरे फिक्स्चर, जिसमें सुपर सिक्स स्टेज भी शामिल है, कन्फर्म हो गए हैं। नेपाल में 18 जनवरी से 1 फरवरी तक होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 10 टीमें जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी -20 विश्व कप 2026 के लिए चार क्वालिफिकेशन स्पॉट के लिए मुकाबला करेंगी।

वार्म-अप मैच 14 और 16 जनवरी को तीन जगहों पर होंगे - त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड, अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड और लोअर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड। 18 जनवरी से ग्रुप स्टेज शुरू होने के बाद त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड और अपर मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड में ही कॉम्पिटिटिव मैच खेले जाएंगे। सुबह के मैचों (9 बजे लोकल




टाइम) में नेपाल का मुकाबला थाईलैंड से होगा,

जबकि बांग्लादेश का सामना यूएसए से होगा। दोपहर (1 बजे लोकल टाइम) में जिम्बाब्वे का मुकाबला नीदरलैंड्स से और आयरलैंड का मुकाबला पापुआ न्यू गिनी से होगा। स्कॉटलैंड और नामीबिया अपने पहले मैच 20 जनवरी को खेलेंगे, ग्रुप स्टेज के दौरान हर दूसरे दिन चार मैच होंगे, जो 26 जनवरी को खत्म होगा। ग्रुप ए और ग्रुप बी की टॉप तीन टीमें सुपर सिक्स में जाएंगी। ए मैच, जिनसे चार क्वालिफाई करने वाले देशों का फैसला होगा, 28, 30 जनवरी और 1 फरवरी को होंगे।

#### केआईबीजी पेंचक सिलाट में राजा ने जीते दो स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** खेलो इंडिया बीच गेम्स की तुग्गल स्पर्धा के फाइनल में राजा दास ने स्थानीय पसंदीदा और गत चैंपियन प्रसन्ना बेंद्रे को हराकर प्रतियोगिता के शुरुआती दो स्वर्ण पदक जीते। पश्चिम बंगाल के इस खिलाड़ी ने वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर लगातार पदक जीते हैं दीव में जीता गया यह स्वर्ण पदक राजा के उतार-चढ़ाव भरे करियर का एक और अहम पड़ाव है। 2025 के खेलो इंडिया बीच गेम्स और गोवा में आयोजित 22वें नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतने वाले राजा ने खुद को देश के सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले आर्टिस्टिक पेंचक सिलाट खिलाड़ियों में स्थापित किया है। उन्होंने 2023, 2024 और 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीते हैं। राजा के लिए दीव का यह स्वर्ण पदक आगामी सीनियर नेशनल चैंपियनशिप की आदर्श तैयारी है।

# कनाडा को 3-0 से हराकर बेल्जियम क्वार्टर-फाइनल में

**सिडनी, वार्ता।** टीम बेल्जियम ने मंगलवार को सिडनी में यूनाइटेड कप में टीम कनाडा पर 3-0 से शानदार जीत हासिल करके ग्रुप बी जीता और क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। जिजू बर्ग्स और एलिसे मर्टेंस ने टाई जीतने के लिए प्रभावशाली सिगल्स जीत हासिल करने के बाद, बेल्जियम के खिलाड़ियों ने ग्रुप में टॉप पर रहने के लिए एक महत्वपूर्ण मिक्स्ड डबल्स मैच में क्लीव हार्पर और विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 3-6, 10-5 से हराया। बर्ग्स ने कहा कि हमें आज कुछ बड़े खिलाड़ियों और एक बड़े टेनिस देश को हराना था। हम छोटे बेल्जियम के लोग, हमें आज एक-दूसरे पर बहुत गर्व है कि हमने एक टीम के रूप में क्या किया,

खासकर चीन के साथ पहले मुश्किल मुकाबले के बाद। इसलिए हम खुश हैं और ग्रुप बहुत खुश है। बेल्जियम के खिलाड़ी आज सुबह उठे तो उन्हें पता था



कि अपना ग्रुप जीतने के लिए उन्हें कनाडा को हराना होगा। यह एक मुश्किल काम था, यह देखते हुए कि कनाडा ने चीन को हराया था, जिसने टूर्नामेंट में पहले बेल्जियम को हराया था। केन रोजवॉल एरिना के अंदर यह बात बेमानी साबित हुई, जहां बर्ग्स और मर्टेंस ने अपने यूनाइटेड कप को जदिा रखने का रास्ता खोज लिया। मर्टेंस ने कहा कि मुझे इस टीम पर 100 प्रतिशत भरोसा है और मुझे लगता है कि हम यह कर सकते हैं और हमने सच में यह किया। कुछ भी असंभव नहीं है, इसलिए हमने जो डबल्स खेला, उससे बहुत खुश हैं। हम सच में एक टीम थे, हम आगे बढ़ रहे थे।

बर्ग्स ने दिन की शुरुआत अपने करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ की, उन्होंने वर्ल्ड नंबर 5 फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 6-4, 6-2 से हराया। बर्ग्स ने कहा कि परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह हमारी ताकत भी दिखाता है। हम गिर सकते हैं, लेकिन हम वापस उठेंगे और पिछले दिन से बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।हम यही करते हैं, और मैं अपने आस-पास ऐसी टीम पाकर बहुत शुक्रगुजार हूं। बर्ग्स ने एक घंटे 28 मिनट में अपनी दूसरी टॉप-10 जीत (2-10) हासिल की, उन्होंने 10 महीने पहले मियामी में तत्कालीन वर्ल्ड नंबर 9 आंद्रेई रुब्लेव को भी हराया था।

इससे पहले किसी बेल्जियम के खिलाड़ी ने यूनाइटेड कप में जीत हासिल नहीं की थी। बर्ग्स ने कहा कि मैं तो भूल ही गया था कि यह मेरी दूसरी टॉप-10 जीत है, तो यह सच में बहुत बड़ी बात है, खासकर जिस तरह से मैंने खेला। मैंने इसे सिर्फ एक मैच की तरह देखा। यह थोड़ा अलग फॉर्मेट है, इसलिए हम अभी भी पीछे हैं। हमें आज अभी भी बहुत सारे मैच जीतने हैं, इसलिए मेरा फोकस उसी पर था।

# हुरकाज, स्वियाटेक ने पोलैंड को क्वार्टर-फाइनल में पहुंचाया

**सिडनी, वार्ता।** ह्यूबर्ट हुरक. ाज ने बुधवार को टैलन ग्रीक्सपूर को 6-3, 7-6(4) से हराकर पोलैंड को यूनाइटेड कप के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचा दिया। इगा स्वियाटेक ने सुजान लैमेंस को 6-3, 6-2 से हराकर मैच अपने नाम कर लिया। आज के मैच से पहले, पोलैंड को मिक्स्ड-टीम इवेंट में आखिरी आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए एक मैच जीतना था। इस टूर्नामेंट से पहले, हुरकाज ने जून 2025 से कोई मुकाबला नहीं खेला था क्योंकि घुटने की चोट के लिए सर्जरी की जरूरत थी।

लेकिन एटीपी रैंकिग में पहले नम्बर 6 पर रहने वाली खिलाड़ी ने नए सीजन में वर्ल्ड नम्बर 3 एलेक्जेंडर ज्वेरेव और ग्रीक्सपूर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत हासिल करके अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके बाद स्वियाटेक ने बिना देर किए स्कोर 2-0 कर दिया। 2025 यूएस ओपन में अपनी पहली मुलाकात में लैमेंस द्वारा तीन सेट तक धकेले जाने के बाद, स्वियाटेक ने पहले सेट में 3-3 से स्कोर को आगे बढ़ाया और आखिरी 11 में से नौ गेम जीते। पोलैंड के पहले ग्रुप-स्टेज मैच में जर्मनी की ईवा लिस के खिलाफ अपने सीजन ओपनर में सर्व पर संघर्ष करने और सात बार ब्रेक होने के बाद, स्वियाटेक ने लैमेंस के खिलाफ चीजों को काफी हद तक सुधारा और उनके खिलाफ 2-0 का स्कोर बनाया। उसने पांच होल्ड टू लव रिकॉर्ड किए, अपने 84 परसेंट फर्स्ट-सर्व पॉइंट जीते, और सिर्फ एक ब्रेक पॉइंट का सामना किया।

# सहारनपुर पहुंचे पूर्व उपाध्यक्ष शाहनवाज राणा, कोर्ट में जनसम्पर्क

## उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य पद के चुनाव में अधिवक्ताओं से क्रम 266 पर प्रथम वरियता के वोट देने की अपील, मिला भरपूर समर्थन







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिलिंग के सदस्य पद पर चुनाव लड रहे पूर्व विधायक शाहनवाज राणा ने आज कोर्ट में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर वोट देने की अपील की। उन्होंने अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा। अधिवक्ताओं की ओर से शाहनवाज राणा का स्वागत करते हुए प्रथम वरियता के वोट का भरोसा दिया गया।

शाहनवाज राणा आज दोपहर बाद सिविल कोर्ट पहुंचे। जहां अधिवक्ता मौ. अली, जमाल साबरी, फरीद सिद्दीकी शाहजमां खां, महताब अली खान, एस यू खान, राव इमरान आदि ने शाहनवाज राणा का स्वागत किया। जिसके बाद शाहनवाज राणा ने करीब तीन घंटे तक अधिवक्ताओं से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से संवाद कर उनकी दिक्कतों को पूछा। साथ ही कहा कि वह अधिवक्ताओं की समस्याओं के संघर्ष के लिये ही चुनाव लड रहे है। शाहनवाज राणा कोर्ट में एक-एक अधिवक्ता के चैंबर और बार रूम में पहुंचे और वोट दिये जाने की अपील की। सभी अधिवक्ता गर्मजोशी के साथ शाहनवाज राणा से मिले और वोट का पूरा भरोसा दिया। शाहनवाज राणा के जनसंपर्क को लेकर दिग्गज अधिवक्ताओं ने तो दिलचस्पी दिखाई ही, बल्कि युवा अधिवक्ता पूरे जोश के साथ उनके गले मिले और पूर्ण समर्थन का वादा किया। शाहनवाज राणा का जनसंपर्क सिविल कोर्ट में काफी महत्व रखता है, क्योंकि वह पहले भी चुनाव लड चुके है और उन्हें यहां अधिवक्ताओं का भरपूर सहयोग मिला था। यही कारणा था कि काफी अधिवक्ताओं ने उन्हें देखते ही पहचान लिया और न केवल हाथ मिलाया, बल्कि गले भी मिले। शाहनवाज राणा ने कहा कि सहारनपुर से उनका पुराना नाता है यहां के अधिवक्ताओं ने उन्हे दिल से सम्मान दिया है जिसे व कभी भूल नही सकते और पूरा भरोसा है कि इस बार भी उन्हे बडे पैमाने पर सहारनपुर से वोट पडेंगी। उन्होने कहा कि वह यहां पर प्रथम वरियता वोट के लिए आये है, लेकिन अगर किसी साथी ने प्रथम वरियता के लिए किसी ओर से वायदा किया है तो वह द्वितीय वरियता का वोट जरूर दे। उन्होने कहा कि उनका नम्बर 266 है जिसे अधिवक्ता बैलेट पेपर पर लिख दे। इस दौरान सीनियर अधिवक्ता फरीद सिद्दीकी, दूल्हे मियां, राव मौ. खालिद, अब्दुल रहमान, जुबैर, महताब, मंजर हुसैन काजमी, संदीप पंवार, राव फैसल, शादान आदि अधिवक्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।













# डा. संजीव व डा. नैना ने गरीबों को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दयावती हॉस्पिटल में निर्धन एवं बेसहारा लोगों को कंबल वितरण किया गया।

हॉस्पिटल के निदेशक डा. संजीव मिगलानी ने बताया कि दयावती हॉस्पिटल पिछले 15 वर्षो से लगातार इस पुण्य कार्य को करता आ रहा है। उन्होंने समाज की अन्य सामाजिक एवं व्यापारी संस्थाओं से भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में आगे आने की अपील की। डा. संजीव मिगलानी ने सर्दियों के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब्लड प्रेशर, हृदय एवं सांस के रोगियों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीजों को सुबह 6 बजे से 10 बजे के बीच टहलने से बचना चाहिए, शरीर को पूरी तरह गर्म कपड़ों से ढककर रखना चाहिए तथा भोजन में हरी सब्जियां, ताजे फल, साबुत अनाज, सलाद शामिल करना चाहिए। पानी अधिक मात्रा में एवं हल्का गुनगुना करके उन्होंने यह भी कहा कि सर्दियों में प्रतिदिन 15 मिनट धूप में बैठना आवश्यक है, जिससे विटामिन-डी की कमी पूरी होती है। विटामिन-डी डायबिटीज, हार्ट, ब्लड प्रेशर एवं हड्डियों की बीमारियों से बचाव करता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। दयावती हॉस्पिटल की संचालक एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. नैना मिगलानी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को सर्दी से विशेष सावधानी रखनी चाहिए, क्योंकि उन्हें सर्दी-जुकाम जल्दी हो जाता है। कंबल वितरण कार्यक्रम में लगभग 52 जरूरतमंद लोगों ने लाभ प्राप्त किया। कंबल पाने वालों में मंजू, शोयब, मुस्तकीम, धूमसिंह, नजमा, फरीदा, बबली, विद्या आंटी, ईरशाद, संतोष, सुल्ताना, रवि, तीर्थपाल, इस्तकार, सुनीता, शमा परवीन, मुनव्वर, बेबी, आसमा, सलीम, अयूब सहित अन्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में डा. नैना मिगलानी, डा. संजीव मिगलानी, डा. अभिनव शर्मा के साथ-साथ ननीता, महताब, मदीहा, आरती, मौ. कैफ, मौ. अबुजर, राखी, रश्मि, मधु, शालु, सादिक, रानी, जितेन्द्र, देवेन्द्र कुमार एवं परनीव सेठी का सहयोग रहा।



# हाउस टैक्स पटलों पर औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज शाम हाउस टैक्स में लिपिकों के पटल पर औचक पहुंचकर स्वकर आवासीय नोटिस क्रियान्वयन कार्रवाई का निरीक्षण किया। उन्होंने लिपिकों से करदाताओं को भेजे जा रहे नोटिसों, प्राप्त आपत्तियों एवं उनके निस्तारण के सम्बंध में जानकारी ली।

नगरायुक्त ने निरीक्षण के दौरान लिपिक संजय मित्तल, संजय व उमा जैन के पटलों का निरीक्षण किया और रजिस्टर में नोटिसों के वितरण, आपत्तियों एवं उनके निस्तारण की प्रक्रिया देखते हुए आपत्तियों के निस्तारण में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नोटिसों के जवाब में जिन आपत्तियों का निस्तारण किया जा रहा है, उन्हें अविलंब बिल जारी किये जाएं और जो बिल प्राप्ति के बाद भी कर जमा नहीं करा रहे हैं, उन्हें कंट्रोल रुम के माध्यम से फोन कर बिल जमा कराने का अनुरोध करें। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने नगरायुक्त को बताया कि अब तक नगर निगम द्वारा 72 हजार आवासीय भवनों के नोटिस के सापेक्ष 18716 नोटिस वितरित किये जा चुके है। जिन पर अभी तक 220 आपत्तियां प्राप्त हुई है। इनमें से 157 आपत्तियों का निस्तारण कर 156 लोगों को बिल जारी किये जा चुके है। सुधीर शर्मा ने बताया कि स्वत: कर के जिन लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं, उनमे से जिन लोगों के भवनों में परिवर्तन( व्यवसायिक क्षेत्र जुड़ा है) या परिवर्धन (जिन्होंने कुछ नया निर्माण कराया है) हुआ है, ऐसे लोगों के टैक्स में संशोधन किया गया है।

नगरायुक्त ने कंट्रोल रुम का भी निरीक्षण किया और कंट्रोल रुम से लोगों को टैक्स सम्बंधी सूचनाएं देने के लिए उसका और सुदृढ़ीकरण करने के निर्देश कर अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को दिए।

## 28 जनवरी तक होगा खाद्यान्न वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत जनपद में आवश्यक वस्तुओं का वितरण 8 जनवरी से 28 जनवरी तक किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि इस अवधि में अन्त्योदय अन्न योजना के राशनकार्ड धारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूँ एवं 21 किलोग्राम चावल, कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्ड धारकों को प्रति यूनिट 02 किलोग्राम गेहूँ एवं 03 किलोग्राम चावल, कुल 05 किलोग्राम खाद्यान्न नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।



# विधायक मुकेश ने किया शिलान्यास

## 27 करोड़ की लागत से होगा सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नकुड विधायक मुकेश चौधरी ने 27 करोड़ से बनने वाली सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य का शिलान्यास किया।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के साइफन पुलिया से उसण्ड, हरिपुर, डिंडोली खेड़ा खेड़ा मवाद, बुड्ढा खेड़ा, आदि ग्रामों से होते हुए 27 करोड़ की लागत से बनने वाली 17.5 किलोमीटर लंबी एव 5.5 मीटर चौड़ी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास की गंगा बह रही है, वर्षों से लंबित पड़े इस रास्ते के लिए शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि से चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनाथ धीमान, चौधरी देवी सिंह, मंडल महामंत्री सौरभ कांबोज, प्रवीण सैनी, निशांक जैन, हिमांशु गर्ग, पवन सेन, राजकुमार सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# कूड़ा निस्तारण के लिए वसूला जाएगा यूजर चार्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा शहर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों, होटलों, लॉजों, बैंकों, उद्योगों, कारखानों और अन्य सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों से कूड़ा (अपशिष्ट) के निस्तारण के लिए यूजर चार्ज वसूलने का निर्णय लिया गया है। यह चार्ज नगर निगम द्वारा शहर के 70 वार्डों में उत्पन्न होने वाले कूड़े को एकत्रित कर डंपिंग यार्ड तक पहुँचाने के लिए लिया जाएगा। जिसके लिये निगम अफसरों ने जनता से सहयोग व यूजर चार्ज का भुगतान किये जाने की अपील की है।

नगर निगम ने एकता एंटरप्राइजेज को वित्तीय वर्ष 2024-2025 और 2025-2026 के लिए यूजर चार्ज संग्रहण का जिम्मा सौंपा है। प्रतिष्ठान को अब हर महीने कूड़ा निस्तारण का शुल्क वसूल कर नगर निगम को जमा करना होगा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि कूड़ा (अपशिष्ट) को खुले में फेंकने या जलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों से सहयोग की अपील की गई है, ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। इसके अलावा नगर निगम के नगर आयुक्त, अपर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी और कर अधीक्षक को इस आदेश की सूचना दी गई है, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की जाती है कि वे नगर निगम की इस पहल में सहयोग करें और कूड़ा निस्तारण के लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान सुनिश्चित करें।

# इलाज के दौरान बालिका की मौत पर हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एक निजी चिकित्सक के क्लिनिक में 8 वर्षीय बालिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गुस्साए परिजनों को शांत किया। परिजनों ने पुलिस से आरोपित चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

थाना बिहारीगढ़ इलाके के गांव कोठडी बहलोलपुर निवासी रोहित कुमार ने बताया कि उसकी 8 वर्षीय भतीजी तृषा उर्फ चीकू पुत्री अनिल कुमार के खेलते समय सर में दर्द की शिकायत हुई जिसके बाद उसे गांव के एक चिकित्सक को दिखाया। आराम नहीं मिलने पर उसे बेहट कस्बे के शाकंभरी रोड स्थित उत्तम पैलेस के बराबर वाली गली में स्थित एक चिकित्सक के यहां ले गए। जहां 2 बजे से 7 बजे तक चिकित्सक ने भर्ती रखी लेकिन तबियत में सुधार ना होने पर जब वे बालिका को रैफर कराकर के जाने लगे तो उसने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि जब अस्पताल में इमरजेंसी की सुविधा नहीं थी तो उन्हें क्यों रोका गया। मृतका के परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए है। इस दौरान परिजनों द्वारा हंगामा किए जाने की भी खबर है।

हंगामे की सूचना पर कोतवाली बेहट पुलिस भी मौके पर पहुंची और मृतका के परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया।

इस दौरान परिजनों ने पुलिस से आरोपित चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की।

# लोहडी पर्व पर मेयर डा. अजय कुमार सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंजाबी वैलफेयर संगठन ने लोहडी पर्व बडे ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया।

कार्यक्रम में मेयर डा. अजय सिंह, एसओ जनकपुरी विनोद मिश्रा, संगठन संरक्षक राकेश खन्ना को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलन से पहले मंत्रोच्चारण किया गया, जिससे वातावरण धार्मिक और पवित्र हो गया। इसके बाद, उपस्थित सभी सदस्यों ने अग्नि में रेवड़ी, मूंगफली और गजक अर्पित की। अध्यक्ष नीरज अरोड़ा और महामंत्री संजय खन्ना व महामंत्री विपिन बजाज ने संगठन के उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। संरक्षक राकेश खन्ना व कोषाध्यक्ष धीरज सेठ ने अपने वक्तव्य में संगठन की गतिविधियों की सराहना की। महामंत्री संजय खन्ना व महामंत्री विपिन बजाज ने कहा कि लोहड़ी का यह पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है।

इस कार्यक्रम में कानूनी सलाहकार दीपक बाटला, अनिल कालड़ा बाबाजी, रोहित घई,संजीव गखख्ड, अनिल कालड़ा, अरविंद खन्ना, राजेश अरोड़ा, बब्बू परूथी, अमित सोनी, राजेश धमीजा, पवन नारंग, रमन गिरधर, सचिन डाबर, सचिन घइ, राजीव अरोड़ा, आशीष पहुजा, अमरिश लुथरा, यश अरोरा, विशाल कुमार, विकास तनेजा, अजय ठकराल, हर्ष खुराना, मनीष अरोड़ा, प्रदीप बटेजा, आयुष छाबड़ा, प्रिंस अरोड़ा ,अमित ढींगरा, सचिन डाबर, साहिल नागपाल, ललित आहूजा, यश अरोड़ा, विनय बाटला, राकेश गाबा, बबलू बुद्धि राजा, डॉक्टर नवीन चढ़ा, राकेश सेठी, पारस मनीष, ऋषि चावला सुमित अरोड़ा रोहित अरोड़ा गुरमन सिंह, प्रथम अरोड़ा, मोहित अरोड़ा, क्रिश अरोड़ा दक्ष कालड़ा गोरव नंदा, सन्नी खेड़ा जितेन्द्र चावला, जय अरोड़ा उपस्थित रहे।




# अतिक्रमण हटाया, वसूला जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के अतिक्रमणरोधी दस्ते ने नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज जनता रोड स्थित माहीपुरा व हकीकत नगर में अतिक्रमणरोधी अभियान चलाया और करीब 50 दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटाते हुए 13 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया।

व्यापार बंधु ने जिलाधिकारी की मीटिंग में माहीपुरा चौक पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया था। जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में अभियान चलाते हुए माहीपुरा चौक से लगभग 40 दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटवाया और सड़क पर सामान फैलाकर बैठने वाले दस दुकानदारों से 11 हजार रुपये जुर्माना भी वसूल किया।

अनेक दुकानों के सामने रखा सामान जब्त किया लेकिन भविष्य में अतिक्रमण न करने का आश्वासन देने पर जुर्माना लगाकर सामान वापिस कर दिया गया। एक दर्जन से ज्यादा दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन की जांच की गयी।

आठ दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन पायी गयी। पॉलीथिन को जब्त कर दुकानदारों पर एक-एक हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा हकीकत नगर में स्मार्ट रोड पर अतिक्रमण किये जाने को लेकर भी निगम को शिकायतें की गयी थी। प्रवर्तन दल ने आज सुबह हकीकत नगर पहुंचकर अनेक दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटवाया और दस दुकानदारों से कुल दो हजार रुपये जुर्माना वसूल किया।



## केंद्र संचालक दबोचे


**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने निगम पार्षद की फर्जी मोहर का इस्तेमाल कर आधार कार्ड में पता परिवर्तन करने वाले दो जनसेवा केंद्र संचालकों को गिरफ्तार कर लिया।

6 जनवारी को वार्ड 88 के पार्षद निगहत जावेद ने कोतवाली में तहरीर दी थी। कोतवाली देहात पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक सुनील नागल व उपनिरीक्षक संजीव बालियान के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में शामिल दोनों जनसेवा केंद्र संचालकों शमीम अहमद पुत्र वकील निवासी ग्राम रसूलपुर थाना कोतवाली देहात व सुनील कुमार पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम हकीमपुर थाना कोतवाली देहात को हकीमपुर रोड डीएवी स्कूल के पास जनसेवा केंद्र से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन फर्जी मोहरें बरामद कर ली।

# राहुल की प्रतिक्रिया

यूं तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प समय-समय पर पीएम मोदी को लेकर टिप्पणी करते रहते हैं, लेकिन यह टिप्पणी विरोधाभासी ज्यादा होती हैं। वह पीएम मोदी को अपना बेहतर दोस्त भी बताते हैं, साथ ही टैरिफ आदि लगाकर ऑपरेशन सिंदूर जैसे मामलों में यह कहकर टांग फंसाते रहते हैं कि भारत-पाक के बीच संघर्ष उन्होंने ही रुकवाया था जबकि भारत बराबर उनकी बातों को नकारता रहा है, लेकिन इससे उन पर कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है पिछले कुछ दिनों विशेषकर वैनेजुएला पर सर्जिकल स्ट्राइक के बाद से जिसमें उन्होंने वहां के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कराया है, तब से वह पीएम मोदी पर फिर से निशाना साध रहे हैं। ट्रम्प के पिछले दो दिनों में दो बयान आए हैं, जिसमें वह यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि भारत ने उनकी इच्छा को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है। ऐसा कहते हुए वह यह भी नहीं भूलते कि पीएम मोदी उनके अच्छे दोस्त हैं, लेकिन उनको पता है कि रूस से तेल खरीदने व अन्य रक्षा सौदों को लेकर वह उनसे नाराज हैं और पीएम मोदी उनकी नाराजगी दूर करने के लिए ही रूस से दूरी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें भी वह चेतावनी देते हैं कि अगर भारत ने रूस से तेल लेना पूरी तरह बंद नहीं किया, तो वह उस पर और टैरिफ लगाने के विषय में सोच सकते हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी अपनी प्रतिक्रिया के साथ मैदान में आ गए हैं और उन्होंने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व पीएम स्व. इंदिरा गांधी से कर डाली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है कि फर्क समझो सर जी! कैप्शन देकर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा गांधी ने अमेरिका को झुकाया था, उन्होंने 1971 के युद्ध की भी याद दिलाई है और कहा है कि इस युद्ध में अमेरिका ने एयरक्राफ्ट और हथियार भेजे थे, तब इंदिरा ने कहा था कि मुझे जो करना है मैं करूंगी। दूसरी तरफ पीएम मोदी हैं जो जरा सा दबाव पड़ते ही सरेंडर हो जाते हैं। राहुल गांधी ने बेबाक अंदाज में यह भी कह डाला कि वह अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को अच्छी तरह से जान गए हैं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वह डर के मारे भाग जाएंगे। आखिर ट्रम्प चाहते क्या हैं, यह सवाल तो बनता ही है, क्योंकि मंगलवार को ही बयान में उन्होंने यह कह डाला कि एक दिन मोदी उनके पास आए थे, उन्होंने मुझसे कहा सर! क्या मैं आपसे मिल सकता हूं, मैंने कहा हां। हालांकि उन्होंने यह तो नहीं बताया कि यह बातचीत कब हुई, लेकिन जो अंदाज ट्रम्प का कहने का है वह बिल्कुल भी मर्यादित नहीं है। खासतौर से आबादी के हिसाब से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के साथ। सब सरकारों की कूटनीति का तरीका अलग होता है, जिस तरह सरकार ट्रम्प की बातों पर चुप्पी साधे है, यह उसकी रणनीति हो, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि जो संकेत जा रहा है वह ठीक नहीं है।

## बांग्लादेश सरकार गंभीर नजर नहीं आती



बंगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर वहां की सरकार गंभीर नजर नहीं आती है, किसी भी देश की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता, प्रशासन की नाकामी या वैचारिक बदलाव किसी भी समुदाय पर हिंसा और उत्पीड़न को सही नहीं ठहरा सकते, यह चिंताजनक है कि किसी अन्य देश की आंतरिक अव्यवस्था का खामियाजा भारतीयों और विशेषकर हिंदुओं को भुगतना पड़ रहा है, मानवाधिकारों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को कभी भी राजनीतिक अराजकता की बलि नहीं चढ़ाया जा सकता, अंतर्राष्ट्रीय मानकों और मानवीय मूल्यों को देखते हुए बंगलादेश सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करे।

**-रॉबर्ट वाड्रा, भारतीय उद्योगपति**

# इंडिगो प्रकरण में नियामक सुस्ती बनी गलत मिसाल



रजनीश कपूर



साल 2025 नागरिक उड्डयन की दृष्टि से सबसे बुरा साल बीता। एयर इंडिया का दर्दनाक हादसा हो या इंडिगो का एफडीटीएल संकट, दोनों ने ही भारत का नाम दुनिया के सिविल एविएशन सेक्टर में बदनाम किया है। वहीं सरकार और नियामक (डीजीसीए व नागर विमानन मंत्रालय) की देरी, आधे-अधूरे कदम और चेतावनियों तक सिमटी कार्रवाई ने हालिया एफडीटीएल प्रकरण के बाद इंडिगो को बेवजह समय, स्पेस और नैरेटिव तीनों में फायदा पहुंचाया है। सरकार का यही ढीलापन पिछले मामलों में भी दिखा, जिसने निजी एयरलाइंस को यह संदेश दिया कि यदि आपके 'संपर्क' सही हैं तो बड़े अपराधों पर भी अंततः 'नोटिस और चेतावनी' से काम चल सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा नए एफडीटीएल नियमों की प्रभावी तारीख काफी पहले से तय और सार्वजनिक थी, फिर भी न तो इंडिगो ने पर्याप्त पायलट और स्टाफिंग तैयार की और न ही डीजीसीए ने समय से सख्त अनुपालन की मॉनिटरिंग की। परिणाम यह हुआ कि नवंबर-दिसंबर में हजारों फ्लाइट्स प्रभावित हुईं, पर नियामक की शुरुआती भूमिका दिखावटी ऑडिट, 'विशेष निरीक्षण' और ऑपरेशनल रियायतों तक सीमित रही, न कि कठोर दंडात्मक कार्रवाई तक। इस देरी ने इंडिगो को दो स्पष्ट लाभ दिए, संकट के दौरान पब्लिक आक्रोश ठंडा पड़ने तक कोई बड़ी पेनल्टी या उड़ान-सीमिती नहीं लगी, जिससे कंपनी को रिकवरी का वक्त मिला। डीजीसीए द्वारा 'रिकवरी रोडमैप', 'विशेष ऑडिट' और भविष्य की निगरानी जैसी भाषा ने यह संकेत दिया कि मामला बातचीत और सुधार योजनाओं से सुलझ जाएगा, न कि लाइसेंस या स्लॉट पर त्वरित प्रहार से। एफडीटीएल नियमों के मसौदे के समय से ही विशेषज्ञों और पायलट प्रतिनिधियों ने आगाह किया था कि अगर एयरलाइंस ने समय पर भर्ती व रोस्टर सुधार नहीं किए, तो पायलट थकान और ऑपरेशनल कोलैप्स का जोखिम बढ़ेगा। डीजीसीए की जिम्मेदारी सिर्फ नियम बनाना नहीं, बल्कि समयबद्ध ट्रांजिशन सुनिश्चित करना भी थी, खासकर उस एयरलाइन पर जो घरेलू बाजार की सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखती है और जिसके फेल होने से पूरा सिस्टम झटके में आ सकता है। इसके बावजूद, डीजीसीए ने इंडिगो की विंटर शेड्यूल मंजूर करते समय एफडीटीएल कंप्लायंस की रियलिस्टिक क्षमता पर कठोर स्ट्रेस टेस्ट नहीं किया।नवंबर से ही बढ़ती देरी, कैंसिलेशन और 'फैक्चर्ड रोस्टर' की शिकायतों के बावजूद समय रहते दंडात्मक हस्तक्षेप नहीं हुआ। चेतावनियां और अपीलें ज्यादा दिखीं, प्रतिबंध कम। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ। नोटिस, चेतावनी, 'कड़ी निगरानी में लिया गया है' जैसे वाक्य, दोषी प्रबंधन पर त्वरित नजीर-स्थापित करने वाला प्रहार नहीं। जब सिस्टम बार-बार इसी पैटर्न पर चलता है, तो यह एक खघ्तरनाक मिसाल बन जाता है। यानी नियम तोड़ो, संकट खड़ा करो, फिर बातचीत और लॉबिंग से मामला नरम करवा लो। वहीं दूसरी ओर दिलचस्प और चिंताजनक तथ्य यह है कि डीजीसीए व मंत्रालय छोटी या अपेक्षाकृत सीमित प्रभाव वाले उल्लंघनों पर तुरंत और बड़ी सखघ्ती दिखाने में पीछे नहीं रहते। एयर इंडिया पर सिर्फ एक फर्स्ट ऑफिसर की 'रेसेन्सी' न होने के बावजूद फ्लाइट ऑपरेट करने के मामले में 30 लाख रूपए का जुर्माना और रोस्टरिंग अधिकारियों पर सखघ्त अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया गया। एयर इंडिया व्हीलचेयर सेवा में चूक और लो-विजिबिलिटी ट्रेनिंग की कमी जैसे मामलों में भी 30-30 लाख के जुर्माने झेल चुकी है, साथ ही पायलट सस्पेंशन और अन्य कार्रवाइयां भी हुई। बोइंग के विमान पर बिना अनुमति विशिष्ट बाहरी लिवरी पेंट करने जैसे अपेक्षाकृत 'टेक्निकल' उल्लंघन पर भी एयर इंडिया पर 30 लाख का दंड लगाया गया। इतना ही नहीं संसद में इसे सख्त एन्फोर्समेंट का उदाहरण बता कर पेश भी किया गया। वहीं इसके उलट, इंडिगो के एफडीटीएल संकट जैसा गंभीर मामला, जिसमें पूरे नेटवर्क में हजारों यात्रियों की यात्रा, समय, स्वास्थ्य और आर्थिक हित प्रभावित हुए, अब तक मुख्यतः ऑडिट, चेतावनी, भविष्य में कड़ी कार्रवाई की धमकी और 'रिकवरी प्लान' तक सीमित दिखता है, न कि तत्काल और उच्च-स्तरीय दंड तक। नागर विमानन मंत्रालय और डीजीसीए दोनों अक्सर डेटा दिखाते हैं कि हर साल सैकड़ों इनफोर्समेंट एक्शन लिए जाते हैं, जिसमें चेतावनी, सस्पेंशन, कैंसिलेशन और आर्थिक दंड शामिल हैं। लेकिन कागजी कार्रवाई और वास्तविक नजीर के बीच एक बड़ा एग्जिक्यूशन गैप है। हाल के वर्षों में 500-600 से अधिक एन्फोर्समेंट एक्शन हर साल दर्ज हुए, पर इनमें बड़ी एयरलाइंस के टॉप मैनेजमेंट पर सीधे प्रहार करने वाले केस बहुत कम हैंय ज्यादातर चेतावनी, मामूली जुर्माना या मिड.लेवल अफसरों पर जिम्मेदारी तक सिमटे दिखते हैं।डीजीसीए ने कई मौकघें पर एयरलाइंस को भविष्य में 'किसी भी उल्लंघन पर सखघ्त कार्रवाई' की चेतावनी दी, लाइसेंस निलंबन तक की धमकी दी, पर बड़े संकटों के बाद वास्तविक लाइसेंस स्तर की कार्रवाई विरले ही देखी गई। इंडिगो संकट में भी, मंत्री स्तर पर ऐसी मिसाल बनाएंगे कि कोई दोबारा हिम्मत न करे जैसे बयान दिए गए, पर जमीनी स्तर पर जो दिखा, वह था, शो कॉज नोटिस, समीक्षा बैठकें, सिस्टम सुधार और आगे की निगरानी। इस अंतर ने संदेश साफ कर दियारू कड़े शब्द, नरम दंड। यदि भारतीय एविएशन में नियम सिर्फ पायलट की नींद और कानून की किताब में लिखे घंटों तक सीमित नहीं, बल्कि यात्री के अधिकार, सार्वजनिक सुरक्षा और बाजार अनुशासन से जुड़े हैं, तो फिर चुनिंदा सख्ती से आगे जाना ही होगा।डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को बड़े 'ऑपरेशनल फियास्को', जैसे एफडीटीएल संकट, व्यापक क्रू थकान या जानबूझकर की गई शेड्यूलिंग हेरफेर पर सीधे टॉप मैनेजमेंट और बोर्ड स्तर तक दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए, जिसमें भारी आर्थिक जुर्माना, स्लॉट कटौती और नए रूट अनुमोदनों पर अस्थाई रोक शामिल हो।चेतावनी और नोटिस को केवल प्रारंभिक कारवाही ही बनाया जाए। एक बार सिस्टमिक गलती सिद्ध हो जाए, तो 'ग्रेजुएटेड पेनल्टी' के तहत स्वचालित और समयबद्ध दंड लागू हो, ताकि न तो राजनीतिक इच्छा पर निर्भरता रहे और न ही लॉबिंग के लिए मौका बचे। मंत्रालय को भी अपने भीतर जवाबदेही तय करनी होगी। जब एक साल पहले से ज्ञात नियम लागू होते समय ध्वस्त हो जाते हैं, तो सिर्फ एयरलाइन नहीं, उस नियम-निर्माण और निगरानी ढांचे पर भी कार्रवाई हो। इंडिगो संकट और एफडीटीएल विवाद ने दिखा दिया कि नियामक और सरकार की सुस्ती सिर्फ एक निजी एयरलाइन की मदद नहीं करती, वह पूरी इंडस्ट्री को गलत संकेत देती है, कि बड़ा खिलाड़ी बन जाओ, फिर बड़े अपराध भी मैनेज हो सकते हैं। अगर यह पैटर्न नहीं टूटा, तो अगली दुर्घटना या संकट के समय केवल पायलट, क्रू और यात्रियों को दोषी ठहराना न केवल अन्याय होगा, बल्कि सच से भी भागना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस एक्सरसाइज से मिलेगी हाथ-पांव को राहत

**हाथों से पैर के तलवों पर रोजाना ताली बजाने से पैरों की नसें खुलती हैं और ब्लड फ्लो में सुधार होता है। बता दें कि पैरों में कई ऐसे एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जो शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। हाथों से पैर के तलवों पर ताली बजाने से यह एक्यूप्रेशर पॉइंट्स एक्टिव होते हैं। जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है। रोजाना इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। इससे दिमाग शांत रहता है और शरीर को आराम मिलता है। ताली बजाने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन रिलीज होते हैं। जो हमारे मूड को सही रखने में मदद करते हैं।**

आज के समय में हेल्थ और फिटनेस को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। ऐसे में लोग फिट और हेल्दी रहने के लिए रोजाना एक्सरसाइज और योग आदि करते हैं। ऐसे में अगर आप भी लंबे समय तक फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं, तो खान-पान में पोषक तत्व और रोजाना एक्सरसाइज के साथ कुछ देर ताली जरूर बजाएं। भले ही आपको यह सुनने में थोड़ा अजीब लग रहा हो, लेकिन ताली बजाकर आप खुद को कई बीमारियों से दूर रख सकते हैं। इससे न सिर्फ आपका शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो हाथों से पैरों पर ताली बजाने से गॉल ब्लैडर, किडनी, लिवर, हार्ट, आंख, ब्रेन, पैंक्रियास जैसे आंतरिक अंगों और पूरे शरीर का बल्ड सर्कुलेशन अच्छा होता है और शरीर में एनर्जी बनी रहती है। इस एक्सरसाइज को करने से शरीर के हर अंग को पोषण मिलता है और आप सेहतमंद बने रहते हैं। साथ ही इससे डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को अच्छे से कंट्रोल किया जा सकता है और दिल और किडनी संबंधित बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

**ब्लड सर्कुलेशन में होगा सुधार**

हाथों से पैर के तलवों पर रोजाना ताली बजाने से पैरों की नसें खुलती हैं और ब्लड फ्लो में सुधार होता है।

**एक्टिव होते हैं एक्यूप्रेशर पॉइंट्स**

बता दें कि पैरों में कई ऐसे एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं, जो शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। हाथों से पैर के तलवों पर ताली बजाने से यह एक्यूप्रेशर पॉइंट्स एक्टिव होते हैं। जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

**रिलैक्स होंगे आप**

रोजाना इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को फायदा मिलता है। इससे दिमाग शांत रहता है और शरीर को आराम मिलता है।

**कम होगा तनाव**

ताली बजाने से शरीर में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन नामक हार्मोन रिलीज होते हैं। जो हमारे मूड को सही रखने में मदद करते हैं। साथ ही इस एक्सरसाइज को रोजाना करने से एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्या से निपटने में मदद मिलती है और मन में निगेटिव विचार नहीं आते हैं। यह एक्सरसाइज करने से ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।



**पैरों दर्द से राहत**

इस एक्सरसाइज को करने से पैर की मसल्स का तनाव दूर होता है। जिससे पैर दर्द से राहत मिलती है।

**इम्यूनिटी होती है मजबूत**

अगर आप भी अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करना चाहते हैं, तो आपको रोजाना इस तरह से ताली बजाना चाहि। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और शरीर के सभी अंग तेजी से काम करने लगते हैं।

**बढ़ने लगती है याद्दाश्त**

बता दें कि भूलने की आदत से परेशान रहने वाले व्यक्ति को रोजाना ताली बजानी चाहिए। इससे याददाश्त अच्छी होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हाथ की नसों का संबंध ब्रेन से होता है।

**ताली बजाने की विधि**

इसके लिए सबसे पहले पीठ को सीधा करके बैठ जाएं।

फिर वज्रासन अवस्था में बैठें।

अब दाएं पैर को बाएं पैर के ऊपर रखकर बैठ जाएं।

फिर दोनों हाथों से तलवे पर टैप करें।

इस प्रक्रिया को रोजाना 10 मिनट करें।

**...साभार**

# वर्चुअल दुनिया में पनप रहे झूठे रिश्ते

सोशल मीडिया, मोबाइल एवं संचार-क्रांति से दुनिया तो सिमटती जा रही लेकिन रिश्तों में फासले बढ़ते जा रहे हैं। भौतिक परिवर्तनों, प्रगति के आधुनिक संसाधनों एवं तथाकथित नए जीवन का क्रांतिकारी दौर हावी हैं। लेकिन हम सामाजिक-पारिवारिक-सांस्कृतिक प्रभावों के प्रति उतने सजग नहीं है जितना बदलावों की आंधी के दौर में होना चाहिए। मोबाइल ने छीन रखा है सबका सुकून, जीवन का आनन्द एवं शांत एवं संतुलित जीवन का स्रोत। व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने चला रखा है अजीब जादू? हाथ मैं मोबाइल, सामने लगा रहे टीवी- बस यहीं बन चुकी है सबकी जिन्दगी। आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें-दुःख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साए चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी पराएपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिए पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता-पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नए बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता-पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं।

हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नए अनुभव हमारे नजरिए में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं। अपने सिद्धांतों और आदर्शों से समझौता करने लगे हैं। अजीब हालात है कि दूसरों की खबर लेने का वक्त है पर अपनों की होश नहीं। दुनियाभर के दोस्तों से दुआ सलाम सब हो रहा, लेकिन अपने से दूरियां बढ़ती जा रही है। अपनों को पराया और पराया को अपना कर रहे देखिए किस तरह सब हो रहे। साथ होकर भी साथ नहीं, अपनों के लिए वक्त नहीं। तनहा हो गए सब एक ही घर में। साथ अपना होकर भी बाहर सब साथी ढूंढ रहे हैं। न सीमाएं है, न संस्कार, न मर्यादा। उच्छृंखलता एवं उन्मुक्तता इस कदर हावी है कि माता-पिता का किसी गलत बात पर डांटना भी बच्चों के लिए अपराध जैसा हो गया है, तभी इसकी शिकायत यानी अपने माता-पिता को ही पुलिस थाने पहुंचा दिया गया और वह भी एक बालिका के द्वारा।

प्रश्न है कि किशोर-किशोरियां में अपने माता-पिता के प्रति इस तरह के भाव-विचार-विद्रोह क्यों पैदा हो रहे हैं। बच्चों व अभिभावकों के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही है? जवाब हर परिस्थिति में अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन समग्रता का सार यह है कि किसी बच्चे के सकारात्मक विकास के लिए परिवार, पड़ोस और विद्यालय से जो संस्कार मिलने चाहिए, वे नहीं मिल रहे हैं। बल्कि अपसंस्कृति एवं विकारों के प्रति चेतना का भी ह्रास हो रहा है। वास्तव में आज मोबाइल फोन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसके उपयोग को लेकर हमें बच्चों को सतर्क करना होगा। बच्चों को फोन दिलाना यदि जरूरत है तो इसके अच्छे-बुरे का संस्कार देना कर्तव्य। वह जिम्मेदारी परिवार, पड़ोस और विद्यालय की सामूहिक है।

माता-पिता इनदिनों सोशल मीडिया पर बह रही रिश्तों की अंधी दुनिया से ज्यादा चिन्तीत एवं परेशान है। क्योंकि वहां पर दिखने वाले खुशनुमा चेहरे वास्तविक जिंदगी में शायद ही उतने खुशनुमा होते हैं। लेकिन किशोर पीढ़ी तस्वीरों को ही सच मानकर खुद को उनमें संलिप्त कर लेती हैं। यह सम्पूर्ण पीढ़ी सच का सामना ही नहीं करना चाहती। दरअसल, सोशल मीडिया की दृष्टि से जब किशोर बड़े हो रहे होते हैं तो उन्हें झूठ से भरी चीजों पर यकीन करना सिखाया जाता है, अपने संस्कृति, अपनी परम्परा एवं अपनी जीवनशैली से एक षडयंत्र के तहत दूर करने की इन कुचेष्ठाओं के प्रति सचेत करना नितान्त अपेक्षित है, भले ही कोई किशोरी पुलिस का डर दिखाए। सोशल मीडिया किशोर पीढ़ी को यह सोचने पर मजबूर करता है कि उनके पास विकल्प नहीं हैं और उन्हें उनके साथ हो रही सभी चीजों को स्वीकार करके उनसे तालमेल बिठा लेना चाहिए। लेकिन, हर चीज इसी तरह से काम नहीं करती। हमारे आसपास कोई भी चीज आदर्श नहीं है और ना ही सोशल मीडिया का तिलिस्मी संस्कार। एक तरह से सोशल मीडिया एक नशा है, एक अभिशाप है, जिसने जीवन के सौन्दर्य को खंडित किया है। जीवन में चमकपूर्ण उदासी एवं तनाव को बिखेरा है। इसके कारण कभी लोग छूट जाते हैं तो कभी वस्तुएं। खुद को संभाले रखना जटिल होता जा रहा है। समझ नहीं आता, करें तो क्या? पिछले एक दशक में सोशल नेटवर्किंग साइट्स एवं स्मार्ट फोन की लोकप्रियता जबरदस्त बढ़ रही हैं तो जिन्दगी में जहर भी घोल रही है, दुनिया छोटी होती गई है और पारिवारिक रिश्तों में दूरियां बढ़ती गई है। लोग अपने जिंदगी के हर पहलू पर अपने लोगों की नहीं पराए लोगों की राय, उनकी पसंद और उनकी रूचि जानना चाहते हैं। वीडियो, संदेश, पिक्चर्स, रिकार्डेड आवाज के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोग आपस में जुड़े हैं। परंतु क्या इस बात से आप भी सहमत हैं कि इस जुड़ाव में न तो विश्वास है, न अपनापन है, न आत्मीयता है और न ही असली रूचि, न ही रिश्तों की गर्माहट, बल्कि भौतिक चकाचौंध, प्रतिस्पर्धा और जलन अधिक है? शुरुआत में नई उम्र के लोग सोशल मीडिया से जुड़े और धीरे-धीरे बड़ी उम्र के लोग भी इससे जुड़ते गए, अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में जुड़ चुकी है। मजाक में कहा जाता है कि पूरे परिवार को एक साथ बातचीत के लिए इकट्ठा करना हो तो वाई फाई थोड़ी देर के लिए बंद कर दो।



सोशल मीडिया एवं स्मार्ट फोन एक ऐसी दुनिया से लोगों को जोड़ रहा है जो नजर से बहुत दूर हैं और उन अपनों से भी दूर कर रहा है जो नजर के सामने हैं। रिश्तों की हो या फिर चीजों की पोटली, इसमें ज्यादातर गैरजरूरी चीजें ही भरने का प्रचलन चल रहा है। अपनी जरूरतों का सामान जोड़ना और उन्हें अपने साथ रखना जरूरी है, पर कुछ भी लिए रहना या किसी भी तरह के रिश्तों को ढोते रहना हमें थका देता है, परेशानी एवं संकट में डाल देता है। जरूरी कामों को किनारे कर कई बार जिंदगी को मुश्किल बना देता है। जबकि आत्मीय एवं पारिवारिक रिश्तों के बल पर हम अंधेरों में भी रोशनी ढूंढ़ लेने में समर्थ होते रहे हैं। बाधाओं के बीच विवेक जगा लेते थे, ऐसे घरों एवं दायरों में कहीं घर में मंदिर बनता रहा है तो कहीं घर ही मन्दिर बन जाता था।

जहां समस्याओं की भीड़ नहीं, वैचारिक वैमनस्य का होलाहल नहीं, संस्कारों के विघटन का प्रदूषण नहीं, तनावों के त्रासदी की घुटन नहीं। लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा है, जिन्दगी स्वयं एक समस्या बन गई है, टूटते-बिखरते रिश्तों के बीच मूल्य भी टूट रहे हैं, संस्कृति भी कराह रही है। अपनी ही नजरों में हीन करने की यह चेष्टा है, यह भ्रम एवं दिखावे की दुनिया है, यह बाजारवाद है। कई बार संबंधों को ठीक करना भी हमारे वश में नहीं होता। ऐसे में आपको दुखी होने के बजाय स्थिति को स्वीकार कर लेना आपकी मजबूरी होती है।

**...साभार**



अनंतनाग। बिजबेहरा स्थित दारा शिकार पार्क में अपने पिता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुण्यतिथि पर उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करती पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती।

## भारत जैव-बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला दुनिया का पहला देश बना: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत जैव-बिटुमेन का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। गडकरी ने बुधवार को यहां वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समारोह 'फ्रॉम फार्म रेजड्यिू टू रोड: पायरोलिसिस के माध्यम से बायो-बिटुमेन' को संबोधित करते हुए इस उपलब्धि को भारत के सड़क बुनियादी ढांचे के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया।

## थाइलैंड के साथ शांति बहाली के लिए कंबोडिया प्रतिबद्ध: हून सेन


**फ्नोम पेन्ह।** कंबोडिया की सत्ता पर काबिज कंबोडियन पीपल्स पार्टी (सीपीपी) के अध्यक्ष सैमडेक टेको हून सेन ने बुधवार को कहा कि उनका देश थाईलैंड के साथ संघर्षविराम लागू करने और दोनों देशों के बीच शांति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। हून सेन ने कहा कि कंबोडिया और थाईलैंड के बीच शांति बहाल होने से पूरे क्षेत्र में अमन, सुरक्षा, स्थिरता और खुशहाली को भी बढ़ावा मिलेगा। हून सेन सत्तारूढ़ दल के अध्यक्ष होने के साथ-साथ कंबोडिया की सीनेट के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण समाधान हासिल करने में भागीदारी निभाने और सक्रिय सहायता देने के लिए कंबोडिया सभी मैत्री देशों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता है।

# अब वेनेजुएला के गृहमंत्री ट्रम्प के निशाने पर

## कहा: काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से मिलकर वाशिंगटन की शर्तें मानें और शांति बनाए रखें

**वाशिंगटन।** मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद ट्रम्प के निशाने पर वेनेजुएला के गृह मंत्री और सुरक्षा प्रमुख डियोसदादो काबेलो आ गए हैं। अमेरिका चाहता है कि काबेलो अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ मिलकर वाशिंगटन की शर्तें मानें और देश में शांति बनाए रखें। अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है।

■ अगर काबेलो ने सहयोग नहीं किया, तो अमेरिका उनके खिलाफ भी कार्रवाई कर सकता है



अमेरिका ने बिचौलियों के जरिए काबेलो को चेताया है कि अगर उन्होंने विरोध किया, तो उनका हश्र भी मादुरो जैसा हो सकता है। जिन्हें हाल ही में अमेरिका ने गिरफ्तार कर न्यूयार्क ले जाकर मुकदमा शुरू किया है। हालांकि, अमेरिका फिलहाल काबेलो को तुरंत हटाना नहीं चाहता, क्योंकि ऐसा करने से सरकार समर्थक गुट सड़कों पर उतर सकते हैं और हालात बिगड़ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका एक तरफ काबेलो (बाएं) से सहयोग कराने की कोशिश कर रहा है, तो दूसरी तरफ भविष्य में उन्हें सत्ता से हटाकर देश से बाहर भेजने के विकल्प भी तलाश रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन को विपक्ष पर भरोसा नहीं है। उसे लगता है कि विपक्ष इस समय शांति नहीं रख पाएगा। अमेरिका चाहता है कि हालात काबू में रहें ताकि उसकी तेल कंपनियों को वेनेजुएला में काम करने का मौका मिले और अमेरिकी सेना भेजने की जरूरत न पड़े। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी नेता मारिया मचाडो को देश की सत्ता सौंपने की खबरें थी। हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने इसे नकारते हुए उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को ही वेनेजुएला की सत्ता सौंपने का समर्थन किया। फिलहाल अमेरिका डेल्सी रोड्रिग्ज को मादुरो के बाद सबसे अहम चेहरा माना जा रहा है। अमेरिका की डेल्सी से मांग है कि तेल सेक्टर खोला जाए, ड्रग तस्करी रोकी जाए, क्यूबा के सुरक्षा कर्मी हटें और ईरान से रिश्ते तोड़े जाएं। डेल्सी रोड्रिग्ज ने 5 जनवरी को नेशनल असेंबली की बैठक के दौरान वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। डियोसदादो काबेलो वेनेजुएला की सत्ता व्यवस्था का ऐसा नाम हैं, जिनकी ताकत और भूमिका को देश के भीतर और बाहर दोनों जगह गंभीरता से लिया जाता है। रायटर्स के मुताबिक, काबेलो पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज के करीबी रहे हैं और मादुरो शासन में उन्हें सत्ता का सबसे सख्त चेहरा माना गया। फिलहाल वे देश के गृह मंत्री हैं और आंतरिक सुरक्षा, पुलिस और खुफिया एजेंसियों पर उनकी मजबूत पकड़ है।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना भेजेंगे ट्रम्प!

## व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इसे साकार करने के कई तरीके तलाश रही है, जिनमें सैन्य बल का इस्तेमाल भी शामिल है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई बार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कह चुके हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है। वहां पर रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है।

उन्होंने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। यहां पर डेनमार्क के करीब 200 सैनिक तैनात हैं। व्हाइट हाउस ने भले ही ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना का इस्तेमाल पर विचार करने की बात कही है, हालांकि अमेरिकी विदेश मंत्री की सोच इससे अलग है। रायटर्स के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बताया कि प्रशासन का इरादा ग्रीनलैंड पर हमला करने का नहीं है, बल्कि डेनमार्क से इसे खरीदने का है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने रायटर्स से कहा कि विकल्पों में सीधे खरीद या ग्रीनलैंड के साथ विशेष समझौता शामिल है और अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों के साथ फायदेमंद रिश्ते बनाना चाहता है। वहीं, ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार स्टीफन मिलर ने सीएनएन को दिए इंटरव्यू में कहा कि अमेरिकी सरकार चाहती है कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा हो। साथ ही भविष्य में कोई भी देश ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका से नहीं उलझे। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प की इच्छा को मजाक समझा गया था। सीएनएन के मुताबिक, ग्रीनलैंड पर कंट्रोल की बात को राष्ट्रपति की बेफिजूल बकवास माना गया था। पिछले साल, डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ग्रीनलैंड की औपचारिक यात्रा की थी। इस समय भी अमेरिका की ट्रोलिंग की गई थी। यूरोपीय नेताओं ने कहा कि अब वे ट्रम्प की धमकियों को गंभीरता से ले रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करने के बाद ट्रम्प सरकार अब पूरे वेस्टर्न हेमिसफेयर को ट्रम्प का इलाका मानने लगी है। ट्रम्प प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर ने सोमवार को सीएनएन पर कहा कि अमेरिका अब ताकत से चलने वाली नियमों का पालन कर रहा है। ग्रीनलैंड की अपनी कोई सेना नहीं है। उसकी रक्षा और विदेश नीति की जिम्मेदारी डेनमार्क की है। यह डेनमार्क का एक स्वायत्त क्षेत्र है। यहां का अबादी महज 57 हजार है। 2009 के बाद, ग्रीनलैंड सरकार को तटीय सुरक्षा और कुछ विदेशी मामलों में छूट मिली है, लेकिन रक्षा और विदेश नीति के मुख्य मामले अभी भी डेनमार्क के पास हैं। अमेरिकी सैनिक-अमेरिका का पिटुफिक स्पेस बेस (थुले एयर बेस)। ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिम में स्थित यह बेस अमेरिका चलाता है। यह बेस मिसाइल चेतावनी सिस्टम और स्पेस मानिटरिंग के लिए इस्तेमाल होता है। एनवाइट के मुताबिक यहां करीब 150 से 200 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। ये मिसाइल चेतावनी, स्पेस निगरानी और आर्कटिक सुरक्षा के लिए हैं। यह अमेरिका का सबसे उत्तरी सैन्य अड्डा है। डेनिश सैनिक- डेनमार्क की जाइंट आर्कटिक कमांड ग्रीनलैंड में काम करती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां कुल करीब 150 से 200 डेनिश सैन्य और सिविलियन कर्मी हैं। जो निगरानी, सर्च एंड रेस्क्यू, और संप्रभुता की रक्षा करते हैं। इसमें प्रसिद्ध सीरियस डाग स्लेज पेट्रोल (एक छोटी एलीट यूनिट, करीब 12-14 लोग) भी शामिल है, जो कुत्तों की स्लेज से लंबी गश्त करती है।



■ ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है

## कोलंबिया के राष्ट्रपति की ट्रम्प को धमकी

**बोगोटा।** वेनेजुएला में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बाद वाशिंगटन और लैटिन अमेरिका के देशों के रिश्तों में भारी तनाव पैदा हो गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो खुलकर अमेरिका के खिलाफ आ गए हैं। पेट्रो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधी चुनौती देते हुए कहा है कि अगर हिम्मत है तो उन्हें गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि वह कोलंबिया में ही मौजूद हैं और अमेरिका का इंतजार कर रहे हैं। पेट्रो के इस बयान ने पूरे लैटिन अमेरिका में सियासी हलचल तेज कर दी है। उन्होंने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने के बाद दिया। गौरतलब है कि मादुरो भी अगस्त 2025 में डोनाल्ड ट्रम्प को इसी तरह की चुनौती दे चुके हैं। मादुरो ने कहा था कि अगर हिम्मत है तो अमेरिका आकर उन्हें गिरफ्तार करे। इसके जवाब में अमेरिका ने मादुरो की गिरफ्तारी पर घोषित इनाम की राशि और बढ़ा दी थी। पेट्रो ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने कोलंबिया या उसके आसपास के इलाकों में सैन्य हमला किया तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। पेट्रो के मुताबिक, अमेरिकी बमबारी की स्थिति में गांवों में रहने वाले किसान हथियार उठा सकते हैं।

■ कहा: हिम्मत है, तो मुझे पकड़कर दिखाओ, वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने भी ऐसी धमकी दी थी

## नरम पड़ा मेक्सिको कहा: अमेरिका से बातचीत को तैयार

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा है कि मेक्सिको के अपने सिद्धांत हैं, जिन पर वह चलता है लेकिन वह हमेशा अमेरिका के साथ अपने मसले सुलझाने के लिए बातचीत का पक्षधर है। सुशिनबाम की यह प्रतिक्रिया अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस हालिया सुझाव के बाद आई है, जिसमें उन्होंने नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने में मदद के लिए अमेरिकी सैनिकों को भेजने की बात कही थी। उन्होंने देश में किसी भी तरह के विदेशी हस्तक्षेप को मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया। अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान सुशिनबाम ने मादक पदार्थों की तस्करी से प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए साझा जिम्मेदारी और राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रति अटूट सम्मान के ढांचे के भीतर बातचीत और द्विपक्षीय सहयोग की वकालत की। मेक्सिको प्रमुख के अनुसार वह वाशिगटन के साथ आपसी बातचीत के रास्ते बंद किए बिना एक दृढ़ और सैद्धांतिक रुख बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी अन्य चीज से ऊपर बातचीत को प्राथमिकता देती हैं और हमेशा अमेरिकी सरकार के साथ वार्ता की पक्षधर हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक साथ काम करने का उचित तरीका यही है कि राजनयिक माध्यमों को मजबूत किया जाए।

# मोदी और नेतन्याहू ने गाजा शांति योजना पर बात की



■ हमने आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों और गाजा शांति योजना पर चर्चा की। बातचीत के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुझे अपने मित्र, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें तथा इजराइल के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर प्रसन्नता हुई। हमने आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद के खिलाफ और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने के अपने साझा संकल्प की एक बार फिर पुष्टि की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि नेतन्याहू ने मोदी के साथ बातचीत के लिए टेलीफोन किया था। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में आने वाले वर्ष में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की।

उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दोहराया और इस खतरे के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मोदी को गाजा शांति योजना के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। मोदी ने क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थाई शांति की दिशा में प्रयासों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## दक्षिण-पश्चिम यमन में सऊदी हवाई हमलों में 20 लोग मारे गए

**काहिरा।** दक्षिण-पश्चिम यमन के अद-दाली प्रांत पर शासन कर रहे 'दक्षिणी परिवर्ती परिषद' (अल-मजलिस अल-इंतकाली अल-जुनूबी) की सेनाओं के खिलाफ सऊदी नेतृत्व वाले अरब गठबंधन के हमलों में 20 लोग मारे गए हैं। प्रांतीय सरकार के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि गठबंधन के विमानों ने अद-दाली प्रांत के जुबैद, अल-जंद और जहाफ इलाकों में सैन्य उपकरणों पर लगभग 12 हवाई हमले किए। ए उपकरण अस्थाई राजधानी अदन से तस्करी करके लाए गए हथियारों और गोला-बारूद से भरे ट्रकों में ले जाए जा रहे थे। हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 20 लोग मारे गए।

# भारत ने वेनेजुएला की स्थिति पर जताई चिंता

**लक्जमबर्ग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत का मुख्य ध्यान वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है। उन्होंने सभी पक्षों और संबंधित हितधारकों से संवाद का रास्ता अपनाने तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया।

लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री जेवियर बेटटेल के साथ बातचीत में जयशंकर ने वेनेजुएला के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह वेनेजुएला के घटनाक्रम को लेकर वास्तव में चिंतित हैं और वह इसमें शामिल सभी पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे एक साथ बैठें और ऐसी स्थिति पर पहुंचें जो वेनेजुएला के लोगों के कल्याण और सुरक्षा के हित में हो। भारत के विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर वेनेजुएला की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है और बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। मंत्रालय ने वेनेजुएला के लोगों के प्रति अपना समर्थन दोहराया और संकट के समाधान के लिए शांतिपूर्ण संवाद पर जोर दिया। इसके साथ ही मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों के लिए एक यात्रा परामर्श भी जारी किया है, जिसमें उन्हें वेनेजुएला की गैर-जरूरी यात्रा से बचने और काराकस के भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखने का सुझाव दिया गया है।

■ विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का किया आह्वान

# ऑपरेशन सिंदूर पर पश्चिमी देशों की दोहरी नीति: जयशंकर

## विदेश मंत्री ने लक्जमबर्ग में पश्चिमी देशों के दोहरे मानदंडों की कड़ी आलोचना की

**लक्जमबर्ग।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने लेटिन अमेरिका के घटनाक्रम का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पश्चिमी देशों के दोहरे मानदंडों की बुधवार को कड़ी आलोचना की।

■ बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने उन देशों पर निशाना साधा जो भारत को क्षेत्रीय तनावों पर उपदेश देते हैं



डा. जयशंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत में भारत और लक्जमबर्ग के बीच मजबूत साझेदारी पर आधारित संबंधों पर भी जोर दिया। बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने उन देशों पर निशाना साधा जो भारत को क्षेत्रीय तनावों पर उपदेश देते हैं लेकिन अपने ही क्षेत्रों में हो रही हिंसा और जोखिमों को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी लोग कहते हैं, जैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कहा गया। अब अगर आप उनसे पूछें कि सच में आपको चिंता है, तो क्यों न आप अपने ही क्षेत्र को देखें? और खुद से पूछें कि वहां हिंसा का स्तर क्या है, कितने जोखिम उठाए गए हैं और हममें से बाकी लोग आपके कार्यों को लेकर कितने चिंतित हैं। लेकिन यही दुनिया की प्रकृति है। लोग जो कहते हैं, वह हमेशा वही नहीं होता जो वे करते हैं, और हमें इसे उसी भावना के साथ स्वीकार करना पड़ता है। डा. जयशंकर की टिप्पणियों से उन देशों के प्रति उनकी नाराजगी झलकी जो ऐसे संघर्षों पर अनचाही सलाह देते हैं जिन्हें वे ठीक से समझते भी नहीं। उन्होंने कहा कि दूर बैठे देश अक्सर 'बिना जटिलताओं को समझे या अपने रणनीतिक हितों पर विचार किए' बोलते हैं। उन्होंने कहा कि अब दुनिया के बाकी हिस्सों में हो रहे घटनाक्रमों का इस पर कितना असर पड़ता है, यह कहना मुश्किल है। दूर बैठे लोग बातें करेंगे, कभी सोच-समझकर, कभी बिना सोचे, कभी अपने स्वार्थ में, तो कभी लापरवाही से। आज के समय में देश अधिक आत्मकेंद्रित हो रहे हैं और वही करेंगे जिससे उन्हें सीधा लाभ हो। वे आपको मुफ्त की सलाह देते रहेंगे। विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत का रुख इस बात पर निर्भर करता है कि वह किससे निपट रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों के साथ सकारात्मक और रचनात्मक रूप से जुड़ने को तैयार है जो नई दिल्ली के साथ सकारात्मक तरीके से काम करना चाहते हैं, लेकिन जो पाकिस्तान की तरह व्यवहार करते हैं, उनसे अलग ढंग से निपटना पड़ता है।

## कैमरून में सैन्य हमले में 11 अलगाववादी लड़ाके मारे गए

**याउंडे।** कैमरून के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य हमले में कम से कम 11 अलगाववादी लड़ाके मारे गए है। सुरक्षा सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि यह घटना कल स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3:00 बजे हुई, जब सैनिकों ने इलाके के नटाबाह क्षेत्र में अलगाववादी लड़ाकों के मोटरसाइकिल काफिले पर हमला किया। सूत्र ने बताया कि अभियान में एक सैनिक घायल हो गया और उसका इलाज चल रहा है। उल्लेखनीय है कि कैमरुन में वर्ष 2017 से सरकारी बल सशस्त्र अलगाववादी ताकतों के साथ संघर्ष कर रहे हैं, जो उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम के अंग्रेजी-भाषी क्षेत्रों को एक नया आजाद देश बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# वेनेजुएला अमेरिका को 30-50 मिलियन बैरल तेल देगा: ट्रम्प

## यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को 'बड़े पैमाने पर हमले' के कुछ दिनों बाद हुई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल तेल देगा और यह तेल बाजार दरों पर बेचा जाएगा एवं इससे होने वाली कमाई अमेरिकी सरकार के नियंत्रण में रहेगी।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वेनेजुएला में अंतरिम सरकार अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल उच्च गुणवत्ता वाला तेल सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि इससे होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा। ट्रम्प ने लिखा कि यह तेल बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा और पैसा मेरे द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में नियंत्रित किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के फायदे के लिए किया जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को बिना किसी देरी के इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया। तेल को जहाजों में भरकर सीधे अमेरिकी बंदरगाहों पर उतारने के लिए भेजा जाएगा। यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को 'बड़े पैमाने पर हमले' के कुछ दिनों बाद हुई है। हमले में वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर गत शनिवार शाम को न्यूयॉर्क लाया गया था और उन्हें ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर एक नए आरोप पत्र में, जिसे अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने साझा किया है, आरोप लगाया गया है कि मादुरो 'राष्ट्र-प्रायोजित गिरोह' चलाते थे और देश में नशीले पदार्थो की तस्करी को बढ़ावा देते थे। अमरीकी राष्ट्रपति ने सैन्य अभियान के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी तेल कंपनियों द्वारा वेनेजुएला के खराब हो रहे तेल बुनियादी ढांचे में अरबों का निवेश करने की योजनाओं की रूपरेखा बताई। उन्होंने देश के पेट्रोलियम क्षेत्र को मादुरो सरकार के तहत वर्षों के कुप्रबंधन के परिणामस्वरूप 'पूरी तरह से बर्बाद' बताया।




■ इससे तेल से होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा

## मेडागास्कर में बारिश से मरने वालों की संख्या 11 पहुंची

**एंटानानारिवो।** मेडागास्कर में पिछले साल नवम्बर के आखिर से हो रही भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है और छह अन्य घायल हो गए हैं। आपदा प्रबंधन एजेंसी की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार राजधानी एंटानानारिवो, सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक है। राष्ट्रीय जोखिम एवं आपदा प्रबंधन कार्यालय ने कहा कि कुल 274 लोग प्रभावित हुए हैं, और 26 घरों को नुकसान पहुंचा है, या वे नष्ट हो गए हैं। एंटानानारिवो के शहरी समुदाय ने लोगों से बहुत ज्यादा सतर्क रहने की अपील की है और पुराने या असुरक्षित पारंपरिक घरों में रहने वाले सभी परिवारों से सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा है।

